डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
सोमवार
05.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 12
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-51 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
भलाई करना कर्तव्य नहीं, आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख की वृद्धि करता है।

## झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा –

# राज्य के लिए ईमानदारी से काम करें अधिकारी

- सरकार के सहयोगी के रूप में राज्य को दिशा दिखाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका
- अधिकारी आम जनता के साथ पूरी आत्मीयता से जुड़ें और उनकी समस्याओं को सुनें



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सरकारी व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। आप सरकार के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। राज्य को दिशा दिखाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में आपकी कार्यशैली से राज्य के सर्वांगीण विकास और उसे मजबूती देने का हौसला मिलता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को झारखंड प्रशासनिक सेवा की वार्षिक आम सभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने झाप्रसे. की पत्रिका 'दस्तक' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ग्रास रूट पर कार्य करते हैं। उन्हें व्यवस्था के हर स्तर पर कार्य करने का अनुभव होता है। ऐसे में वे राज्य की तमाम समस्याओं और हालात से भलीभांति वाकिफ होते हैं। ऐसे में आप जैसे अधिकारियों पर सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि उसका लाभ आम जनता को मिल सके।

**व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखंड से लेकर झारखंड मंत्रालय तक राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की बड़ी टीम कार्य करती है। ऐसे में आप व्यवस्था की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों की व्यवस्था तथा कार्यशैली थोड़ी अलग है, लेकिन अगर आप इन वरीय अधिकारियों के सहयोगी के रुप में खड़े नहीं हो, तो वे भी एक कदम आगे नहीं चल पायेंगे।

**राज्य को मजबूती देने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मजबूती के लिए प्रशासनिक व्यवस्था का मजबूत होना अत्यंत जरूरी है। अगर किन्ही वजहों से प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर हो जाये तो सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हम अन्य राज्यों की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी समझने की कोशिश करते हैं, ताकि यहां की प्रशासनिक व्यवस्था को और भी मजबूती दे सकें।

**प्रशासनिक व्यवस्था में जरूरत के हिसाब से सुधार जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में जरूरत के हिसाब से सुधार जरूरी है, ताकि उसका अपेक्षित लाभ हमें मिले। इसे देखते हुए ही सरकार ने प्रशासनिक सुधार के लिए आयोग का गठन किया था। आयोग की रिपोर्ट भी मिल चुकी है। अब उस रिपोर्ट का अध्ययन कर प्रशासनिक व्यवस्था में जो भी सुधार की जरूरत होगी उस दिशा सरकार कदम बढ़ायेगी।

**अधिकारी आम जनता से पूरी आत्मीयता से जुड़े :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इस राज्य के सिर्फ अधिकारी ही नहीं, एक शिक्षक भी हैं। आप जैसे अधिकारियों पर ही व्यवस्था का दारोमदार है। ऐसे में आप ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कई राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा कैडर काफी मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राज्यों के भ्रमण के दौरान वहां की प्रशासनिक व्यवस्था को जानने-समझने का मौका मिलता है। इसी क्रम में मैंने देखा है कि कुछ राज्यों में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को कैडर इतना अधिक मजबूत है कि अगर वहां आईएएस और आईपीएस अधिकारी न भी हों, तो राज्य को चलाने में कोई परेशानी नहीं आयेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में एक ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जहां अधिकारी बेखौफ और निर्भीकता के साथ काम कर सकें। इससे अधिकारियों का मनोबल भी बढ़ेगा और स्थानांतरण-पदस्थापन को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। अधिकारियों की जहां पोस्टिंग होगी, वहां वे पूरे उत्साह के साथ कार्य कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में आप अपनी मांगो, समस्याओं और बातों को बेहिचक रख सकते हैं। हम आपकी बातों को पूरी संवेदना के साथ सुनेंगे और सहानुभूति पूर्वक विचार कर उचित निर्णय लेंगे, ताकि आप राज्य की बेहतरी में निर्भीक होकर कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वार्षिक आमसभा में आपने जो मांगे रखी है, उस पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि महिला पदाधिकारियों के लिए चाइल्ड केयर लीव जैसी कुछ मांगे ऐसी है जिसे प्रशासनिक स्तर पर ही लागू होना चाहिए। राज्य प्रशासनिक सेवा को प्रीमियर सेवा घोषित करने से जुड़ी मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जल्द ही ठोस निर्णय लेगी। इस मौके पर राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### कांग्रेस का 26 जनवरी से दो माह तक देशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

– ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस 26 जनवरी को देशभर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी। दो माह तक चलनेवाले इस अभियान में राहुल गांधी का संदेश वाला पत्र भी लोगो को सौंपा जायेगा। देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। यह फैसला कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई पार्टी की पहली संचालन समिति की बैठक में हुआ। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में खड़गे ने जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में अक्षम हैं, उन्हें नये लोगों को मौका देना चाहिए। बैठक में खड़गे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता शामिल थे।

### गढ़वा से अपहृत नाबालिग छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बरामद, आरोपी गिरफ्तार



**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के पुरेगाड़ा गांव से अपहृत नाबालिग लड़की को रंका पुलिस ने बरामद कर लिया है। अपहरण के आरोपी अलीराजा अंसारी को पुलिस ने शनिवार की देर रात्रि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला मुख्यालय के बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि पुरेगाड़ा गांव की एक नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से भगा ले जाने के संबंध में नाबालिग की मां सुषमा देवी ने बीते रविवार को रंका थाना में आवेदन दिया था। आवेदन के आलोक में रंका थाना पुलिस ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई तेज कर दी थी। पुलिस ने बताया कि मिली सूचना के आधार पर नाबालिग को छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। दोनों दूसरे जगह भागने की तैयारी में थे। नाबालिग के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ कर रंका थाना लाया गया। जहां नाबालिग को चिकित्सकिय जांच के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी अलीराजा अंसारी रंका थाना क्षेत्र के मानपुर गांव का रहने वाला है।

### बालूमाथ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम पद मुक्त

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ में ठेला से शव ले जाने की शर्मसार करनेवाली घटना के सामने आने के बाद बालूमाथ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम को पद मुक्त कर दिया गया है। उन्हें हेरहंज मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई डॉ. पुरुषोत्तम से मांगे गये स्पष्टीकरण के जवाब के बाद की गयी है। उनके द्वारा स्पष्टीकरण का जो जवाब दिया गया है, वह गैर जिम्मेदाराना था। उन्हें पद से मुक्त करने के बाद डॉ. सुरेश राम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। सिविल सर्जन डॉ. कुमार ने कहा कि शर्मसार करनेवाली इस घटना को गंभीरता से लिया गया है। तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच करायी जा रही है। इस घटना की राज्य के वरीय अधिकारियों ने भी निंदा की है।

## पलामू में मवेशियों से लदा ट्रक पकड़ाया, चालक की जमकर पिटाई

### ग्रामीणों ने ट्रक को किया क्षतिग्रस्त, पुलिस के साथ की हाथापाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जेपी चौक के समीप देर शाम शनिवार को अवैध मवेशियों से लदा एक ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ कर हांगमा किया। साथ ही ट्रक चालक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। ट्रक को भी छतिग्रस्त कर दिया गया। इसकी सूचना मिलने पर हुसैनाबाद थाना के एएसआई सीताराम सिंह, शैलेंद्र सिंह दल बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर चालक की जान बचाई। वहां मौजूद तथाकथित लोगों ने पुलिस के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में एक आरक्षी जितेंद्र लाल नायक की चोटिल होने की सूचना है। पुलिस ने ट्रक नंबर सीजी 04 जेबी 5857 और उसमें लदे 22 मवेशियों को जब्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## महिला हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, पति ही निकला हत्यारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदकोपा मे शनिवार को हुई महिला हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। महज 24 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी महिला का पत्ति ही है। पुलिस गिरफ्त में आये आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल लोडेड मैगजीन सहित, तीन जिंदा गोली तथा एक खोखा और एक रिवाल्वर कवर बरामद की है। इस संदर्भ में सेन्हा थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आर राम कुमार ने बताया कि आपसी विवाद के कारण पति प्रमोद प्रसाद साहू ने अपनी पत्नी उजज्वला देवी को गोली मारकर हत्या की थी। घटना को अंजाम देने के बाद भी पुलिस को गुमराह करने का आरोपी प्रयास करता रहा, लेकिन पुलिस की दबिश व महिला के परिजनों द्वारा दिये गये बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद प्रसाद साहू उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं हत्यारे द्वारा अपना गुनाह कबूल करते हुए हत्या के पीछे के कारणों में आपसी विवाद बताया है। पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी हत्यारे की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद कर ली है। मृतक महिला के परिजनों ने पुलिस को बताया कि जुआ खेलने पर पत्नी उज्ज्वला देवी द्वारा रोक लगाने के कारण अक्सर उसके पति प्रमोद प्रसाद साहू लड़ाई-झगड़ा करता था। मामले में मृतका उज्जवला देवी के पिता संजय साहू ने सेन्हा थाना में अपने दामाद प्रमोद प्रसाद साहू के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

**डीएसपी की अगुवाई में चल रही थी जांच :** हत्याकांड को लेकर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद की अगुवाई में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## रांची जेल अधीक्षक से आज होगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को इलाज के बाद भी रिम्स से जेल शिफ्ट नहीं किये जाने को लेकर रांची के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रिम्स ने पंकज मिश्रा को डिस्चार्ज कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अब तक रिम्स से जेल नहीं भेजा गया है। ऐसे में रविवार को ईडी की एक टीम रिम्स पहुंची। रिम्स प्रबंधन से ईडी ने पंकज मिश्रा की पूरी मेडिकल हिस्ट्री, डिस्चार्ज पीटिशन व जेल प्रशासन से की गयी पत्राचार की पूरी जानकारी मांगी है। रविवार को रिम्स के कार्यालय बंद होने के कारण ईडी इन कागजातों को हासिल नहीं कर पायी। सोमवार को ईडी पंकज मिश्रा से जुड़े सारे दस्तावेज हासिल करेगी।

**जेल अधीक्षक से आज होगी पूछताछ :** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर से ईडी के रांची जोनल कार्यालय में आज पूछताछ होगी। ईडी ने पूर्व में भी जेल अधीक्षक को नोटिस भेजा था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। दूसरी बार ईडी ने गृह व कारा विभाग के जरिये जेल अधीक्षक को नोटिस भेजा है। ईडी के द्वारा गिरफ्तार किये गये कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के वकालतनामें को गलत तरीके से एफीडेविट करने के मामले में जेल अधीक्षक से पूछताछ होगी। वहीं, अब पंकज मिश्रा से जुड़े मामले में भी ईडी जेल अधीक्षक से सवाल तलब करेगी कि रिम्स के द्वारा डिस्चार्ज किये जाने के बाद भी पंकज मिश्रा को जेल क्यों नहीं भेजा गया। मंत्री आलमगीर आलम व पंकज मिश्रा को क्लीनचिट देने वाले जांच पदाधिकारी से भी **पूछताछ :** ईडी सोमवार को रांची जोनल कार्यालय में मंत्री आलमगीर आलम और मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को क्लीनचिट देनेवाले जांच पदाधिकारी सरफुद्दीन खान से भी पूछताछ करेगी। सोमवार को दिन के 11 बजे सरफुद्दीन को रांची जोनल कार्यालय पहुंचना है। बरहरवा में टोल प्लाजा मैनेज करने से जुड़े केस में बरहरवा थाने के एएसआई सरफुद्दीन खान ने जांच में दोनों हाईप्रोफाइल आरोपियों को क्लीनचिट दी थी। इस मामले को ही ईडी ने ईसीआईआर का आधार बनाया था।

### जनजातीय मामले मंत्रालय ने निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर 'अबुआ बुगिन होड़मो' का किया आयोजन

## दूर-दराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा रहा : अर्जुन मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला-खरसवां।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से आदिवासी समाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य और इससे जुड़ी सुविधाओं की परिकल्पना करते हुए रविवार को टाटा फाउंडेशन तथा आयुष मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में सरायकेला के काशी साहू कॉलेज में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। लगभग तीन सौ डॉक्टरों की टीम द्वारा विभिन्न बीमारियों के इलाज हेतु लगाये गये इस शिविर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ रही। लोगों में देशभर से आये विभिन्न नामी अस्पतालों के इन डॉक्टरों से चिकित्सीय परीक्षण कराने हेतु अभूतपूर्व उत्साह दिखा। जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन, जनजातीय मंत्रालय की अतिरिक्त संयुक्त सचिव आर. जाया एवं जिला के उपायुक्त अरवा राजकमल, इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाया जा रहा है ताकि इलाज की समुचित व्यवस्था लोगों को घर के नजदीक मिल सके। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से मरीजों का डाटा बन रहा है जिसके बाद उसका फॉलो भी किया जायेगा। यह आयोजन एक दिन के लिए नहीं है बल्कि दूरगामी लक्ष्यों को लेकर आयोजित किया गया है।

श्री मुंडा के मार्गदर्शन में आयोजित यह निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य मेला काफी सफल रहा। चिकित्सीय परामर्श और जांच सुविधा के अलावा लोगों को मुफ्त दवाएं भी दी गयी जिससे आम लोग काफी खुश दिखे। कई दिव्यांगजनों को सहायता हेतु उपकरण और ट्राईसाइकिल भी इस शिविर में प्रदान किये गये। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने देश और समाज के विकास के लिए जन सामान्य के अच्छे स्वास्थ्य को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में जन सामान्य की रिकॉर्ड संख्या में भागीदारी यह दर्शाता है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय का आयोजन अपने उद्देश्यों में बेहद सफल रहा है। मेला आयोजन स्थल पर आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने के लिए खास व्यवस्था भी की गयी, एक हजार से अधिक लोगों ने इसका लाभ आज उठाया। इस आयोजन में जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष मंत्रालय, टाटा स्टील फाउंडेशन और जिला प्रशासन के प्रयास शामिल हैं। इसके जरिये अपोलो, फोर्टिस, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मार्फत हृदयाघात से मौत की संभावना का अनुमान



– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** हृदय रोग विश्व में मौत का प्रमुख कारण बन गया है। स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हृदय रोग के कारण हर वर्ष लगभग 1 करोड़ 79 लाख लोगों की मौत होती है। इस खतरा को देखते हुए शोधकर्ताओं ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग मॉडल विकसित किया है, जो दिल के दौरे या एथेरो स्क्लेरोटिक हृदय रोग के कारण होनेवाले स्ट्रोक से मरने की 10 साल की संभावना की भविष्यवाणी करता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह एक एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्राम है, जिसे सिंगल चेस्ट एक्स-रे (सीएक्सआर) इनपुट का उपयोग करके विकसित किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि कार्डियोवैस्कुलर हार्ट डिजीज के विनाशकारी परिणामों ने शोधकर्ताओं को हृदय रोग और जोखिम कारकों के इलाज और रोकथाम की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया है। इस टेक्नोलॉजी को सीएक्सआर-सीवीडी जोखिम के रूप में जाना जाता है और इसे यूएसए में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान द्वारा डिजाइन किये गये एक विशेष ट्रायल में इसका शोध और प्रशिक्षण किया जा रहा है। प्रशिक्षण में लगभग 11,430 बाह्य रोगियों के एक-दूसरे स्वतंत्र समूह का भी उपयोग किया गया, जिनमें से सभी के छाती का एक्स-रे का इस्तेमाल किया गया। दरअसल, यह उन्हें स्टैटिन थेरेपी के लिए संभावित रूप से योग्य बनाया है, जो दिल के दौरे के जोखिम में मदद करने के लिए एक प्रकार का निवारक है। अध्ययन के निष्कर्ष उत्तरी अमेरिका के रेडियोलॉजिकल सोसायटी की वार्षिक बैठक (आरएसएनए) में प्रस्तुत किये गये थे। डीप लर्निंग एक प्रकार की एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) है, जिसे बीमारी से संबंधित पैटर्न के लिए एक्स-रे इमेज को खोजने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## विश्व की दूसरी मुद्राओं से तुलना करने पर पता चलेगा कि डॉलर के मुकाबले रुपया गिर नहीं रहा है : सीतारमण



– आरएनएम

**वाराणसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। वित्त मंत्री ने रविवार की सुबह काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में चल रहे काशी तमिल संगमम के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गयीं, वहीं उन्होंने छात्रों से बातचीत की। छात्रों ने उनसे पूछा, डॉलर के मुकाबले रुपया क्यों गिर रहा है, तो वित्त मंत्री ने कहा- रूपया गिर नहीं रहा है, ऐसी कोई बात नहीं है। हम केवल डॉलर से रुपये की तुलना कर रहे हैं। विश्व की दूसरी मुद्राओं से तुलना करने पर आपको पता चलेगा कि रुपया गिर नहीं रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के सवाल पर कहा कि यह हमारे लिए चुनौती है। लेकिन आत्मनिर्भर भारत के सपने के माध्यम से इसको भी पूरा कर लेंगे। संवाद के बाद वित्त मंत्री ने छात्रों के साथ फोटो भी खिंचवायी। वित्तमंत्री, शनिवार तीन दिसम्बर की शाम गोदौलिया स्थित नाटकोट्टई गयी वहां लगभग डेढ़ घंटे रहीं। वहां से पैदल ही नाट कोट की आरती के साथ हाथ में गंगा जल लेकर बाबा दरबार को पहुंची। मंदिर अर्चक टेक नारायण व नीरज पांडे ने दर्शन-पूजन करवाया। बाहर आने पर बाबा को नमन कर विशालाक्षी मंदिर गयीं। फिर बाबा धाम देखा। श्री विशालाक्षी मंदिर, श्री कुमार स्वामी मठ, काशी नाटकोट्म क्षत्रम, श्री चक्र लिंगेश्वर मठ और शिव मठ का भ्रमण किया। इसके साथ ही वह हनुमान घाट और दशाश्वमेध घाट सहित शहर के कुछ महत्वपूर्ण घाटों का भी भ्रमण किया और गंगा में नौकायन किया।

## न्यूज गैलरी

### आवास निर्माण योजना में तेजी लाए लाभुक : नरेश पासवान

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने रविवार को पथरा के विभिन्न टोलों में भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों से आवास निर्माण कार्य को निर्धारित समय के साथ पूर्ण करने की बात कही। साथ ही मुखिया ने लाभुकों को आवास निर्माण कार्य के तहत मनरेगा योजना से मिलने वाले मजदूरी का भी लाभ उठाने की बात कही। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पंचायत क्षेत्र के विभिन्न टोलों में राशि मिलने के उपरांत भी 40 आवास का कार्य पूर्ण नही किया गया है। वैसे लाभुक को कार्य मे तेजी लाते हुए 15 दिन के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुक ससमय पक्के आवास तैयार कर प्रधानमंत्री के ग्राम विकास के सपने को साकार करें। मौके पर स्वयंसेवक हर्मेन्द्र कुमार, चंदन राम, सहित आवास निर्माण के लाभुक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जेएमएम कार्यकर्ताओं ने की बैठक




**पाटन।** जेएमएम प्रखंड कार्यालय पाटन में प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन प्रखंड सचिव कमेश पाण्डेय ने किया। प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि पाटन प्रखंड कार्यालय से नौ दिसंबर को जेएमएम कार्यकर्ता द्वारा चार पहिया व मोटर साइकिल के द्वारा रैली निकाली जायेगी जिसका समापन शिवाजी मैदान डालटनगंज में किया जायेगा। खतियान जोहार रैली में पंद्रह सौ कार्यकर्ता को शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है। सभी जेएमएम कार्यकर्ता इसके लिए पूर्ण समर्पण के साथ तैयारी में लगे हुए हैं। बैठक में संयुक्त सचिव उमाशंकर सिंह,पंकज कुमार,धनंजय कुमार,नीतिश कुमार सोनी,सोनू यादव,दीनदयाल सिंह,दीपक सिंह,रंजीत कुमार,उज्जवल कुमार,सुरेंद्र उरांव,बबलू कुमार व अन्य कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

### अंबेडकर शिक्षण संस्थान ने खोला कोचिंग सेंटर

**विश्रामपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान के द्वारा बिश्रामपुर नगर परिषद के मधुरीडीह गांव में मोहल्ला कोचिंग सेंटर खोला गया। मोहल्ला कोचिंग सेंटर के संस्थापक सुरेंद्र भारती ने बताया कि इस सेंटर में समाज के पिछड़े तबके के गरीब मेधावी छात्रों को मुफ्त में शिक्षा दिया जायेगा। इस अवसर पर श्री भारती ने 80 छात्रों के बीच कलम व कॉपी का वितरण किया। मौके पर संस्थान के विकास कुमार,अंकित कुमार मीरा देवी, राजकुमार यादव, बजरंगी रजवार, अजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### भूतपूर्व सैनिक के निधन से पूरे प्रखण्ड में शोक की लहर

**पाटन।** के हिसरा बरवाडीह गांव के रहने वाले 80 वर्षीय बद्रीनारायण सिंह की शुक्रवार को रात्रि में निधन की खबर सुनते ही प्रखंड में शोक की लहर बन गई। निधन की खबर सुनते ही छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी, पांकी के पूर्व विधायक देवेन्द्र उर्फ बिट्टू सिंह, मेदिनीनगर नगर निकाय के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, राजद नेता बिजय राम, धनन्जय पासवान, अशोक तिवारी आनन्द सिंह, राकेश सिंह, सुरेन्द्र सिंह पप्पू सिंह आदि सैकड़ो में हिसरा बरावडीह उनके गांव पहुँचकर स्व. बद्रीनारायण सिंह के पार्थिव शरीर पर भावभीनी श्रदांजलि अर्पित किया। इनके अंतिम दर्शन एवं संस्कार में सैकड़ो की हुजूम पहुँचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दिया। बद्रीनारायण के निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुये शोक संवेदना व्यक्त करते हुये लोगो ने कहा की सैनिक बतौर देश की सेवा करते हुये 1971 की भारत– पाकिस्तान जंग के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं को घुटने टेकने को मजबूर कर दिया था।

### आरजेडी नेता ने नगर आयुक्त से कोयल नदी किनारे लगे स्ट्रीट लाइट बनवाने की मांग की

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के पलामू जिला प्रदेश महासचिव ने नगर निगम आयुक्त को आवेदन देकर वार्ड नंबर 30 में लगे स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने का आग्रह किया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेदिनीनगर नगर निगम वार्ड नंबर 30 में कोयल नदी से लेकर गिरवा स्कूल तक लगा सब्जी एलईडी लाइट खराब बढ़ा हुआ है जिसके वजह से शिवाला घाट रोड अंधेरे से वीरान हो गया है। यदि इन एलईडी लाइट का मरम्मत करा दिया जाए तो यहां पर प्रकाश की सुविधा फिर से बहाल हो सकेगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि शीतला मंदिर सीढ़ी घाट से लेकर मुस्लिम नगर के पंप हाउस के सीढ़ी पर अत्यधिक कूड़ा कचरा भरा पड़ा है जिसके कारण पुरुष महिलाओं को नहाने में काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने सीढ़ी घाट की सफाई सफाई कराने के लिए नगर आयुक्त को सिटी मैनेजर को आदेश देने का आग्रह किया।

### प्रेमी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज, पलामू एसपी से मिले मृतका परिजनों से

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के सगालीम मे एकतरफा प्रेम प्रसंग मामले मे नाबालिग लड़की की मौत के बाद पांकी थाना में प्रेमी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। रविवार को पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने सगालीम पहुंचकर मृतका के परिजनों से मिलकर मामले की जानकारी ली। मृतका की मां मनोरमा देवी के बयान व आवेदन पर रविवार को पांकी थाने मे गांव के ही पड़ोसी प्रमी अमित कुमार साव के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज की गई है। पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि अनुसार अनुसंधान व आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। विदित है कि शनिवार की सुबह नाबालिग निशा की हत्या गला दबाकर मारने व फांसी के फंदे पर लटकाने की बातें सामने आई थी। हालांकि घनी आबादी व घल के समीप निवासी ग्रामीण इस मामले मे कुछ भी बोलने से परहेज करते रहे।

## देवी धाम परिसर में होगा विशाल लाइब्रेरी का निर्माण

# वेद पुराण सहित दुर्लभ पुस्तकों का होगा संग्रह

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विश्रामपुर प्रखंड के बरिगावां गांव में 17 दिसंबर को एक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य कराया जायेगा। जिसे मूर्त रूप देने में अधीक्षण अभियंता जयंत कुमार दुबे स्थानीय युवा वर्ग के लोगों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। लाइब्रेरी के लिए बरिगावां गांव के देवी धाम परिसर का चयन किया गया है। जहां आने वाले व्यक्ति अध्ययन और अध्यापन दोनों कार्य कर सकेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त अभियंता राम चंद्र दुबे ने बताया कि बरिगावां गांव में एक विशाल लाइब्रेरी खोलने का निर्णय लिया गया है। जो अस्थाई रूप से 17 दिसंबर को गांव के देवी मंडप परिसर में अवस्थित करते हुए शुरूआत की जा रही है। इसकी तैयारी भी युद्ध स्तर पर की जा रही है। श्री दुबे ने बताया कि लाइब्रेरी



खोलने का निर्णय उनके पुत्र अधीक्षण अभियंता जयंत कुमार दुबे का रहा है। जयंत इस विषय पर कार्य कई वर्षों से करते आ रहे हैं। लक्ष्य बनाकर सैकड़ों पुस्तकों का संग्रह किया जा चुका है। जिसमें वेद,पुराण, रामायण, महाभारत सहित सैकड़ों अध्यात्म की पुस्तकें शामिल है। वही प्रतियोगी छात्र छात्राओं को लक्ष्य बनाकर भी हजारों पुस्तके शामिल की गई है। साथ हीं कई लोकप्रिय लेखकों की पुस्तकें जिसमें मुंशी प्रेमचंद, दिनकर फणीश्वर नाथ रेणु ओशो आदि का नाम शामिल हैं। अधीक्षण अभियंता जयंत कुमार दुबे ने कहा कि पुस्तकालय बिल्कुल ही निशुल्क होगा। धार्मिक, आध्यात्मिक, प्रतियोगी सहित कई लोकप्रिय पुस्तकों का संग्रह किया जा रहा है। आने वाले समय में और भी बेहतर रूप देने का सार्थक प्रयास जारी रहेगा। बताया कि 17 दिसंबर को गांव के हीं देवी धाम परिसर में लाइब्रेरी खोलने का निर्णय लिया गया है। यह स्थल अभी अस्थाई है। आगे गांव में ही एक विशाल रूप देने की तैयारी की जा रही है। लाइब्रेरी में नन्हे बच्चों को पढ़ाई से जोड़ने के लिए भी कई पुस्तकें उपलब्ध हैं। जो समय के साथ आकर परिसर में पढ़ सकते हैं। इतना ही नहीं उन्हें सहयोग के लिए एक व्यक्ति को भी रखा गया है। जो जरूरतों के अनुरूप उन्हें हर संभव सहयोग भी करते रहेंगे। वहीं लोगों से अपील करते हुए जयंत ने कहा कि वैसे लोग जो लाइब्रेरी में अपना रुचि रखते हैं वे आगे आकर सहयोग करें। कई पुस्तकें लोगों के घरों में रखे रखे खराब हो रही है जिसका उनके पास कोई उपयोग नहीं है। वैसी पुस्तकें लाइब्रेरी तक पहुंचाने में सहयोग करें। लाइब्रेरी को मूर्त रूप देने में विपिन कुमार दुबे, कृपा शंकर दुबे, राहुल दुबे आदि लोग लगे हैं।

## कर्नल कप फुटबॉल मैच में सरहु व अमही जीत के साथ अपने ग्रुप में किया टॉप



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत कपूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को अमही का सामना बेनी कलां से हुआ, जिसमें अमही ने बेहतर खेल दिखाते हुए बेनी कलां को 1-0 से पराजित कर दिया। अमही के ओर से एक मात्र गोल प्रह्लाद ने किया। वहीं दूसरे मुकाबले में सरहु ने अपना बेहतरीन खेल जारी रखते हुए जपला गुलबाग के टीम को 2-0 से हराकर अपने ग्रुप में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। सरहु की ओर से छोटू और अरविन्द ने एक एक ने गोल किया। रविवार के मैच के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश राम ने मैच से पूर्व सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर खेलने के लिए उत्साहवर्धन किया। मैदान में उपस्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि फुटबॉल की तरह जिन्दगी में, तुम तब तक अधिक आगे नहीं बढ़ सकते जब तक तुम्हे ये नहीं पता होता कि गोलपोस्ट्स कहा है। मैच में मुख्य रूप से चंचल सिंह, अनुज सिंह, पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, नेहाल मिर्जा, जयकुश सिंह, सत्यनारायण यादव, अजय सिंह, सैयद इकबाल, विनय सिंह, इसरार अहमद, प्रह्लाद ठाकुर, सुभाष कुमार, अनुभव के अलावा हजारों फूटबॉल प्रेमी उपस्थित थे।

## स्कूल से गायब मिले चार शिक्षकों से पूछा गया स्पष्टीकरण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर प्रखंड में नियत समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले चार शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी अपनी यात्रा के क्रम में छतरपुर प्रखंड के दो स्कूल यथा इमलियाटाड़ स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय तथा करमा भुइयांटोली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय को बंद पाकर पूछताछ की तो पदस्थापित शिक्षकों को स्कूल से गायब पाया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने कनीय अधिकारियों से बात करने के बाद मामले की जांच की। इस क्रम में पाया कि इमलियाटाड़ न्यू प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार और विनय प्रसाद तथा करमा गांव के भुइयांटोली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार और रामेश्वर प्रसाद ससमय स्कूल नहीं पहुंचे थे। साथ ही इसकी सूचना संबंधित स्कूल में नहीं दिये थे। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने जांच में पाया कि बैंक और अन्य कार्यो के कारण संबंधित शिक्षक ससमय स्कूल नहीं पहुंच पाए थे। इसके बाद संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है। इधर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने शनिवार को पलामू के जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में भी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस क्रम में पाया कि संबंधित सहायकों को आवंटित कार्य से संबंधित रिपोर्ट अपडेट नहीं है। किस स्कूल में कितने शिक्षक व छात्र वर्तमान में यह बुनियादी जानकारी भी अपडेट नहीं पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने दोषी पाये गए सहायकों को कार्य को अपडेट रखने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि कार्य संबंधी रिपोर्ट अपडेट नहीं पाये जाने पर दो इंक्रिमेंट काट दिया जाएगा।

## चिकित्सक लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**पांकी।** विधानसभा मांझाउली पंचायत में राष्ट्रीय जनता दल से संभावित पांकी विधानसभा विधायक प्रत्याशी चिकित्सक डॉ.अरुण प्रसाद यादव ने पंचायत के लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर उद्धघाटन किया तथा कार्यक्रम में भारी भीड़ उपस्थित रही। डॉ. अरुण का सभी लोगों ने खुले मन से स्वागत अभिनन्दन किया। मौके पर ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र से जुड़ी अनेक समस्या रखी। विद्यालय में एक ही शिक्षक होने से विद्यार्थियों की अधूरी पढ़ाई, ब्लॉक में ग्रमीण लोगों से दुर्व्यवहार, खराब ट्रांसफार्मर, राशन डिलरो द्वारा राशन/अनाज चोरी से जुड़ी समस्याओ से भी डॉ अरुण को अवगत कराया। डॉ. अरुण ने कहा की समस्याओ का समूल नाश के लिये ही वों क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे है।

## कोयला चोरी करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड के करकट्टा रेलवे स्टेशन पर शनिवार की रात खड़ी मालगाड़ी से कोयला उतारने की सूचना पाकर रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला की एक टीम करकट्टा रेलवे स्टेशन पहुंचे। और मौके पर एक अभियुक्त तथा चार मोटरसाइकिल को जब्त किया गया। वहीं सभी मोटरसाईकिलों पर जूट के बोरों में कोयला लदा था, जिसे लेकर जाने की फिराक में सभी कोयला चोर थे। सभी चारों मोटरसाइकिल व चोरी कोयला को जब्त किया गया और मौके पर से गोबिंदा मेहता ग्राम करकट्टा ऊंटारी रोड निवासी नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला लाया गया। जहां रेल




संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम की धारा 1966 के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को डाल्टनगंज न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जब्त मोटरसाइकल के मालिकों और चालकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल थाना के उप निरीक्षक निशांत कुमार, प्रधान आरक्षी ओम प्रकाश उपाध्याय, प्रधान आरक्षी अजय कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी मनोज कुमार यादव, प्रधान आरक्षी विजय कुमार सिंह तथा आरक्षी अबरार रफिक शामिल थे। रेलवे सुरक्षा बल थाना जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन का कहना है कि रेलवे के विरुद्ध किए जाने वाले हर प्रकार के कार्यों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा कार्रवाई की जाती रही है। और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेंगी।

## बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ मिले संस्कार की भी शिक्षा : लाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के मुंदरिया गांव में दीप ज्योति पब्लिक स्कूल का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह समाजसेवी लाला प्रसाद यादव, विद्यालय के निर्देशक विकास कुमार तथा अन्य गणमान्य द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर लाला प्रसाद यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के बीच किताबी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी शिक्षा मिलना चाहिए। संस्कार के अभाव में बच्चे उदंड बनते हैं। जिससे उनके भविष्य अंधकारमय हो जाता है। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ाई की ऐसी व्यवस्था हो कि बच्चे यहां से पढ़ कर आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर सके। विद्यालय के निर्देशक विकास साव ने कहा कि शुरूआत में यहां नर्सरी से पांच वर्ग के लिए इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई कराई जायेगी। विद्यालय प्रबंधन का हमेशा यह प्रयास होगा कि बच्चों को अच्छे माहौल के साथ-साथ गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिले। उन्होंने बताया कि गरीब मेघावी छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रबंधन की ओर से रियायतें दी जायेगी। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विशाल प्रजापति, सुनील साहू , नीरज कुमार, ऋषि कुमार, अखिलेश कुमार, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## समता स्कूल में मैजिक शो का आयोजन

**हुसैनाबाद।** समता स्कूल शिव शक्ति नगर हुसैनाबाद में मैजिक शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अक्षय कुमार चौहान ने फीता काटकर किया। मैजिक शो में जादूगर एनपी शर्मा के द्वारा एक से एक ज्ञानवर्धक और मनोरंजक जादुई करतब दिखाकर छात्र-छात्राओं का भरपूर मनोरंजन किया। जादूगर एनपी शर्मा ने बताया कि लोग जिसे हम जादू समझते हैं, वह एक वैज्ञानिक ढंग से प्रस्तुत किया जाता हैं। यह हमारे दिखाने और आपके देखने का तालमेल जहां टूटता है, वहीं जादू है, इस अवसर पर विद्यालय में कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे । इस अवसर पर विधालय के वरिष्ठ शिक्षक विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, किरण देवी, सुधांशु कुमार सिंह, ओम प्रकाश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, कुमार, नंदू प्रजापति, सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

## नेताओं ने शोक सभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवादाता**

**हुसैनाबाद।** मुन्नी सिंह चौक स्थित रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के हुसैनाबाद कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें वशिष्ट कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह जेएमएम नेता की चाची मालती कुंवर के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर जेएमएम नेताओं वह कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, श्रीराम सिंह, धिरेन्द्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, चन्दन सिंह, प्रेमतोष सिंह, नेहाल असगर, डॉ. एजाज आलम, डॉ. बिनय कुमार, प्रो.संजय सिंह, बिजय गुप्ता,अजय गुप्ता, सुदर्शन सिंह, ओमप्रका उपाध्याय, सुरेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, सुरेन्द्र चौधरी, बिजय पासवान, रीना देवी ,श्रवण ठाकुर,सोनू कुमार, अनुज कुमार समेत कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## प्रखंड प्रमुख ने जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**पाटन।** प्रखंड में बढ़ती ठंड को देखते हुए उताकी पंचायत के गांव गंगतुवा, नावाडीह, बैदा कला, उताकी मे घूम कर पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा गरीब, असहाय, बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का किया वितरण, तथा बढ़ती ठंड को देखते हुए क्षेत्र में घूम कर लोगों का हाल-चाल की जानकारी शोभा देवी ने बताया कि अंचलाधिकारी से मिलकर चौक चौराहों पर ठंड से निजात पाने के लिए अलाव का व्यवस्था करा रही हूँ। मौके पर साथ में समाजसेवी शक्ति गुप्ता भी उपस्थित थे।

## पशु अस्पताल में मवेशियों को कौन कहे, कर्मियों को भी पीने के पानी नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के पीछे चरवाहा विद्यालय परिसर स्थित प्रथम वर्गीय सह मॉडल पशु चिकित्सालय का हाल खस्ता है। जिससे आये दिन पशुपालकों व कार्यरत कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इस पशु चिकित्सा केन्द्र का जर्जर भवन कभी भी दुर्घटनाओं के आशंका से घिरा है। को भी आमंत्रित कर रहा है। जबकि अब तक यहां शौचालय, पानी,



की भी व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिससे यहां पशुओं को आने पर पानी मिलना तो दूर, कर्मियों को भी घर से बोतल का पानी लाना पड़ता है। प्रभारी चिकित्सक मोहम्मद शाहिद इकबाल ने बताया कि इस अस्पताल में दवा की भी कमी रहने से पशुपालकों को निजी पशु चिकित्सकों का सहारा लेना विवशता बनी है। उन्होंने बताया कि सुविधा, संसाधन की कमी संबधित विभागीय उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाता रहा, पर कोई पहल नहीं हो सकी है। विधायक कमलेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि चिकित्सक उन्हें समस्याओं से अवगत नहीं कराया है। फिर भी इस अस्पताल में सुविधा विस्तार को लेकर विभागीय उच्चाधिकारी से बात कर मॉडल अस्पताल बनाने की दिशा में कार्य किया जायेगा।

## बेदौलिया स्कूल के विद्यार्थी सुरक्षित बस से गये शैक्षणिक भ्रमण पर

# शैक्षणिक भ्रमण भी पढ़ाई का अहम हिस्सा : जेपी शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेदौलिया (हुसैनाबाद) स्कूल के बच्चे को सुरक्षित वाहन(बस) के द्वारा पोलडीह पंचायत के समाजसेवी अशोक यादव ने विद्यालय परिसर से रविवार को हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए शेरशाह मकबरा (सासाराम) के लिए रवाना किया। पुनः ब्लौक रोड बीआरसी,हुसैनाबाद के निकट इस बाल शैक्षणिक रथ को हरी झंडी दिखाकर उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापक सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सुनील कुमार, अजाप्ता के राज्य प्रतिनिधि सह सुविख्यात इतिहासकार अंगद किशोर, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखाकर भ्रमण हेतु सुरक्षित वाहन(बस) को रवाना किया और तमाम विद्यार्थियों एवं आयोजन समिति को धन्यवाद व शुभकामनाएं दी। इस भ्रमण के लिए छठी सातवीं और आठवीं कक्षा के कुल 51 छात्र-छात्राओं को शामिल किया गया। हरी झंडी के मौके पर विशेष रूप से एनएमओपीएस हैदरनगर के मीडिया प्रभारी हरीश चंद्र कुमार द्विवेदी,संकुल साधनसेवी (पोलडीह) रामकिशुन भगत, सहायक अध्यापक अनिल कुमार, दिग्विजय सिंह, रामनाथ राम, मोहम्मद सरवर आलम की गरिमामयी उपस्थिति रही। डीडीओ सुनिल कुमार व अंगद किशोर ने



प्रधानाध्यापक जयप्रकाश को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अद्भुत, अतुलनीय और शिक्षाप्रद है, इसे प्रत्येक विद्यालय को आयोजित करना चाहिए। शैक्षणिक भ्रमण के लिए सासाराम स्थित ऐतिहासिक शेरशाह मकबरा, पायलट मंदिर, तारा चंडी मंदिर सहित मांझर कुंड का भी भ्रमण कराया गया। शैक्षिक भ्रमण के पश्चात दोपहर में स्वादिष्ट लंच की व्यवस्था विद्यालय परिवार की ओर से ऐतिहासिक पिकनिक स्पॉट मांझर कुंड में ही की गई थी। जिसमें भेज एवं ननभेज व्यंजन बनाए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पढ़ाई का अहम हिस्सा है इसे समय-समय पर विद्यालय की ओर से अनवरत आयोजित किया जाना चाहिए और सरकार को भी सिलेबस में शैक्षिक भ्रमण को शामिल करना चाहिए इससे बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और बौद्धिक विकास होता है। इसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़कर पिकनिक का भी आनंद लिया और चलंत शैक्षणिक वातावरण बनाए रखा। भ्रमण में मुख्य रूप से सहायक अध्यापक मोहम्मद सरवर आलम, रामनाथ राम,सीआरपी रामकिशुन भगत, रसोईया अनीता देवी व सावित्री देवी, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार, प्रबंधन समिति के सदस्या उषा देवी, बाल संसद सदस्य अर्पण चौधरी, बाल संसद के प्रधानमंत्री खुशबू कुमारी, बाल शिक्षा मंत्री चंदन कुमार,नवीन कुमार, सूरज कुमार, रिया कुमारी, अभिषेक कुमार, शशि कुमार, चांदनी कुमारी, अंशिका कुमारी,अशोक यादव, सहित दर्जनों बच्चे शामिल हुए।

## न्यूज गैलरी

### सदर अस्पताल में लापरवाही



**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से शव को ढोने के लिए सदर अस्पताल में दो मोक्ष वाहनों का परिचालन किया गया है। परंतु मोक्ष वाहन के ड्राइवर और संचालक के द्वारा वाहन पर मोक्ष वाहन नाम अंकित नहीं किया गया है। इसके जगह पर वाहन पर एंबुलेंस नाम अंकित है। इन दिनों मोक्ष वाहन के ड्राइवर अस्पताल के मरीज को ढोने का काम कर रहे हैं। यहां तक कि मरीज को लेकर रांची रिम्स भी जा रहे हैं। जबकि मोक्ष वाहन का काम सिर्फ अस्पताल में मृत पड़े व्यक्तियों को ले जाना है। यदि इसी तरह सदर अस्पताल में लापरवाही बरती गई तो आने वाला समय में सदर अस्पताल दलाली और भ्रष्टाचार के रूप में जाना जाएगा।

### आमंत्रण फुटबॉल मैच मे लातेहार दो गोल से विजयी



**पाटन।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर में विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट का दसवां दिन का खेल लातेहार प्रखंड बनाम मनिका प्रखंड के बीच खेला गया। जिसमें लातेहार प्रखंड की टीम एक के मुकाबले दो गोल से विजयी रही। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में कसवाखाड़ पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह तथा उद्घाटनकर्ता के रूप में किशुनपुर क्षेत्र के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सुशील सिंह, सूठा पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण राम जी, तथा सूठा पंचायत के उपमुखिया श्री शुकुल मियां जी उपस्थित रहे। आज के मैच की शुरूआत किशुनपुर पश्चिमी क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, तथा किशुनपुर पंचायत के पूर्व उपमुखिया राकेश चौधरी के द्वारा खिलाड़ियों से पात्र परिचय कर मैच की शुरूवात की गई। तथा मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को आज के मुख्य अतिथि कस्वांखाड़ के मुखिया पति हरेंद्र सिंह के द्वारा प्रदान किया गया आज के मैच का माइक संचालन तथा आंखो देखा हाल जघांसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाज सेवी आदरणीय अविनाश कुमार सिंह उर्फ मुकेश सिंह के द्वारा अपने मधुर वाणी से दर्शकों तक पहुंचाया गया। इस विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट के संरक्षक सह निवेदक पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता माननीय मनोज कुमार हैं।

### गीता प्रचार समिति ने मनायी गीता जयंती, गीता–सुरभि का हुआ लोकार्पण

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय के निर्वाणा रेड होटल में रविवार को गीता जयंती मनायी गई। गीता प्रचार समिति की पलामू यूनिट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कृषि पदाधिकारी राजगृह दुबे किसन रचित पुस्तक गीता–सुरभि का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि किसी भी रचना का अनुवाद नहीं होता है वरन उसका रिक्रियेएशन होता है। उन्होंने गीता की चर्चा करते हुए कहा कि अर्जुन को मोह इस कारण हुआ कि वह पहली बार अपने लिए लड़ाई लड़ने जा रहे थे। इसके पहले वे दूसरे के लिए युद्ध करते रहे थे। गीता प्रचार समिति के सचिव राकेश कुमार के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष ने कहा कि विदेशों में भी गीता प्रतिष्ठा से पढ़ी जाती है। आपातकाल में उन्हे जेल में गीता पढ़ने का सुअवसर मिला था। मुख्य वक्ता प्रो सूर्यकांत चौधरी ने गीता की व्याख्या करते हुए कहा कि गीता एक क्रियात्मक और आंतरिक युद्ध का शास्त्र है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र के प्रति धृष्ट है वही धृतराष्ट्र है। रचनाकार राजगृह दुबे किसन ने कहा कि उन्होंने ईश्वरीय प्रेरणा से इस पुस्तक का सृजन किया है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद दुबे,पांडेय रमेश विद्यानाथ, अनुज कुमार पाठक, रामप्रवेश पंडित और धनन्जय पाठक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर अशोक कुमार दुबे, जयंती तिवारी, अशोक तिवारी, प्रतिभा तिवारी, विजय तिवारी, प्रिया, मोहित पांडेय, अनूप मिश्रा,डॉ अजय मिश्रा, विद्या वैभव भारद्वाज, विद्याभूषण भारद्वाज, रविशंकर पांडेय, घनश्याम कुमार, व्यासमुनी त्रिपाठी, छेदीनन्दन मिश्र सहित कई गीता प्रेमी उपस्थित थे।

### मुखिया संघ के अध्यक्ष बने संदीप यादव



**हरिहरगंज।** प्रखंड में मुखिया संघ अध्यक्ष का चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। संघ के चुनाव के लिए प्रखंड क्षेत्र के नव निर्वाचित मुखिया की एक बैठक बेलौदर एनएच 98 किनारे सुरभी होटल में हुई। अध्यक्षता तूरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव ने की। संचालन समाजसेवी फुटूक कुमार सिंह ने किया। बैठक में लिए गये निर्णय के बाद तुरी पंचायत के मुखिया संदीप यादव को प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप यादव ने कहा कि विकास में किसी तरह की बाधा आने पर सभी मुखिया एकजुट होकर उसका निदान करेंगे। सभी मुखिया निष्ठा पूर्वक विकास कार्यों में लगेंगे। विकास के लिए वे जनता का जनादेश मानेंगे। अफसरशाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पंचायत के विकास में सभी का योगदान आवश्यक है। मौके पर सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह, सलैया पंचायत मुखिया कमला देवी, ढकचा पंचायत के मुखिया उषा देवी, कुल्हिया पंचायत के मुखिया नीतू कुमारी के अलावे अनिरुद्ध सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, रवि सिंह, अनिल प्रसाद, चंदन यादव आदि उपस्थित रहे।

# गढ़वा फुटबॉल टीम ने पलामू टीम को एक गोल से किया पराजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रविवार को मेदिनीनगर स्थित पलामू जिला स्कूल के मैदान में पलामू फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में अंतर जिला नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला मैच पलामू जिला फुटबॉल टीम एवं गढ़वा जिला फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। पहले हाफ में गढ़वा की टीम ने जीरो के मुकाबले एक गोल की बढ़त बना ली थी। पलामू जिला फुटबॉल टीम ने गोल करने के कई अवसर बनाएं परंतु निर्धारित समय तक खेले गए मैच में कोई भी गोल नहीं कर सकी। गढ़वा जिला की टीम अंततः एक गोल से विजई रही। टूर्नामेंट के दूसरा मुकाबला दिनांक 5 दिसंबर दिन सोमवार को गढ़वा जिला फुटबॉल टीम एवं धनबाद जिला फुटबॉल टीम के बीच मेदिनीनगर स्थित जिला स्कूल के ही मैदान में अपराहन 2 बजे से खेला जाएगा। मौके पर पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव महेश तिवारी, अध्यक्ष अशफाक अहमद, मोहम्मद फरीद, विपिन सिन्हा, पलामू जिला फुटबॉल टीम के मैनेजर नंद किशोर भारती, कोच अजय अग्रवाल, ट्विंकल गुप्ता, दुर्गा जौहरी, सुनील ओझा, रवि सिंह, विजय गुप्ता, विकास तिवारी, प्रसनजीत दासगुप्ता आदि उपस्थित थे।

## वरदान ट्रस्ट ने किया गर्म कपड़ों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा ठंड के मौसम में गांव-गांव में कैंप लगाकर गर्म कपड़े, शॉल, जैकेट ,कंबल आदि का वितरण किया जाता है ताकि लोगों को ठंड से राहत मिले। इसी क्रम में रविवार को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम नावा बाजार के कुमी कला गांव पहुंची और वहां उपस्थित बुजुर्गों, विधवा महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े एवं कंबल का वितरण किया गया। ट्रस्ट की इस सेवा भावना को गांव वासियों ने बेहद सराहा और अपना आशीर्वाद दिया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि हम सभी जरूरतमंदों को राहत प्रदान नहीं कर सकते पर हमारी यह कोशिश है कि समाज के तमाम संवेदनशील लोग हमारी इस कोशिश से प्रेरित होकर इस कंपकंपाती ठंड में जरूरतमंदों की मदद करें। इस कार्य में अमित कुमार सिंह और छोटू सिंह, सव्या कुमारी का काफी सहयोग मिला। मौके पर संस्था के सक्रिय सदस्य मन्नत सिंह बग्गा, अनिकेत कुमार, राखी सोनी, ज्योति अग्रवाल मौजूद रहे। वितरण कार्य में सौभाग्य सृजन के सहयोग से सफलतापूर्वक कपड़ा, कंबल वितरण हुआ।

## मिशन समृद्धि संस्था का कार्य सराहनीय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर में निरंतर चल रहे समृद्धि की रोटी अभियान पर मौसम का कोई फर्क नहीं पड़ता। पारम्परिक हुनरनर को जिंदा रखनेवाले दोना -पत्तल और दातून बेचने वाले बहुत ही अभाव में जिंदगी जीते हैं। दिन-रात परिश्रम के बावजूद भी इन्हें सही रूप से पैसे नहीं मिल पाते। पत्तल दोना में खाना स्वास्थ्य के लिए अच्छा होते हुए भी बहुत सस्ते में ये बेचते हैं। सीमित संसाधन द्वारा संचालित मिशन समृद्धि संस्था उन वर्गों के लिए बहुत कुछ नहीं कर पा रही है लेकिन प्रयास जारी है। उनके बीच भोजन, कपड़े देने का काम लगातार किया जा रहा है। शनिवार की शाम स्थानीय अम्बेडकर पार्क के सामने जरूरतमंदों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। संस्था के ओर से कपड़े और गर्म कपड़े का भी वितरण किया जाएगा। इन कार्यों में इस संस्था की पूरी टीम बहुत ही निष्ठा के साथ लगी रहती हैं।

## 6139 अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द

**मेदिनीनगर।** जेएसएससी की ओर से आयोजित होनेवाली झारखंड सचिवालय आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा के 6139 अभ्यर्थियों का आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग के परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। रद्द किये गये आवेदनों में से 5416 अभ्यर्थियों ने आवेदन के प्रारंभिक चरण को पूरा नहीं किया था तथा परीक्षा शुल्क का भी भुगतान नहीं किया था। वहीं, 723 अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुल्क का भुगतान किया। लेकिन अपना फोटो व हस्ताक्षर अपलोड नहीं किया। वैसे सभी अभ्यर्थियों का आवेदन आयोग द्वारा रद्द कर दिया गया।

## सदर अस्पताल के ऑक्सिजन प्लांट में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल के ऑक्सिजन प्लांट में एक बार फिर चोरी का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने सूचना मिलने के 12 घंटे के भीतर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। चोर की पहचान कुंड मुहल्ला निवासी पिता स्व. राजबली राम का पुत्र राजा कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में ऑक्सिजन प्लांट लगाने वाली कंपनी इनफो टेक के मैनेजर विकास तिवारी ने शुक्रवार को शहर थाना में चोरी हो जाने से संबंधित आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने यह कहा था कि ऑक्सिजन प्लांट की पाइप चोरी कर ली गई है। इस पर टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर चोरी गए सामान और चोर को बरामद कर लिया। टीओपी वन प्रभारी ने बताया कि चोरी गए सामान कुंड मुहल्ला डा. जीपी सिंह की क्लिनीक के सामने स्थित चोर के घर से बरामद किया गया। मौके से चोर राजा कुमार को गिरफ्तार किया गया। चोरी गए सामान करीब 50 हजार रूपए के थे। राजा शातिर अपराधी है और पूर्व में भी आपराधिक कांडों के आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## आजसू ने खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को महज ड्रामा बताया

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने सरकार के खातियानी जोहर यात्रा को महज एक ड्रामा बताया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के बिना पंचायत चुनाव कराया। उसके बाद पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए कैबिनेट में निर्णय लिए। तुरंत बाद पिछड़ा वर्ग को जेनरल कटेगरी में रख कर निकाय चुनाव कराने की घोषणा कर दी। पुनः विधान सभा के विशेष सत्र बुलाकर 1932 खतियान और आरक्षण का मुद्दा को लागू नहीं कर भटकाया और केंद्र सरकार के पाले गेंद फेक कर अपना पिठ थपथपाई। चुनावी घोषणा पत्र से एक भी काम आज तक नहीं किया। केवल षडयंत्र के तहत जनता को दिग्भ्रमित कर भटकाने का प्रयास किया। 5 लाख युवाओं को रोजगार, बेरोजगार युवाओं के लिए भत्ता, तीन लाख का आवास, महिलाओं के लिए चुल्हा भता, भ्रष्टाचार मुक्त झारखण्ड, 1932 खतियान और पिछड़ा वर्ग को आरक्षण सब के सब जुमला। एक बार फिर झारखण्डी जनता को गुमराह व बरगलाने के लिए झारखण्ड में खतियान जोहार यात्रा करके ठगने का साजिश कर रहे। अब तक इनके सब कारनामे को जनता भलीभांति समझ गए हैं। जितना भी ढोल नगाड़े व बैंड बजा ले झामुमो और कांग्रेस की लुटेरी सरकार का अंत निश्चित है। झारखण्ड राज्य की जनता का विश्वास अब केवल आजसू पार्टी पर टिकी हुई है। राज्य का नव निर्माण आजसू पार्टी ही करेगी।

## आरक्षण बढ़ाने के लिए ओबीसी मोर्चा ने सरकार को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में ओबीसी का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत किया है। जिसके लिए ओबीसी मोर्चा नेभूपेश बघेल सरकार को बधाई दी है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि भूपेश सरकार ने ओबीसी समुदाय का आरक्षण बढ़ाने के साथ अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अगड़ी जातियों का भी आरक्षण बढ़ा कर एक ऐतिहासिक काम किया है। जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। बघेल सरकार ने ओबीसी सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह आरक्षण मध्य प्रदेश से अलग होने के साथ ही 27 प्रतिशत हो जाना चाहिए था। क्यों कि 1993 में 9 जजों की बेंच ने ओबीसी समुदायों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक फैसला किया था।

## मिट्टी का घर गिरा समाजसेवी ने घर बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नम्बर 25 हमीदगंज मुहल्ला निवासी एक गरीब महिला निर्मला कुंवर का मिट्टी का घर कुछ दिन पहले अचानक गिर गया था। उसके बाद से गरीब महिला मजबूरी वश अपने बच्चो के साथ किराए के मकान में रह रही है। महिला निर्मला कुँवर ने बताया कि घर गिरने की खबर उन्होंने कई बार वार्ड नंबर 25 के वार्ड पार्षद को दीया है। ताकि प्रधानमंत्री आवास मिल सके और घर बना कर हम अपने बच्चों के साथ रहे। इसके बाद भी हम जैसे गरीब को प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही मिला। महिला ने वार्ड पार्षद के साथ-साथ अन्य लोगो से भी अपना घर बनाने के लिए मदद की गुहार लगाई। मगर कहने सुनने वाला कोई सामने नहीं आया। उनका कहना है की गरीब लाचार लोगो के लिए जनप्रतिनिधि अपना दरवाजा बंद रखते है। इसकी सूचना पाकर वार्ड 25 के युवा समाजसेवी आकाश कुमार उनके घर पहुंचे और उन्हें हर संभव घर बनाने में मदद करने का संतावना दिया। बताते चलें कि आकाश कुमार की पत्नी वार्ड नंबर 25 से चुनाव मैदान में उतरने वाली है। उन्होंने वार्ड 25 के सभी जनता से वादा किया है कि वार्ड पार्षद का चुनाव जीतने के बाद सभी गरीब परिवार का राशन कार्ड, आधार कार्ड, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन हर संभव बनवाने का प्रयास करेंगे।

## जनता युवा मोर्चा के सदस्यों ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामु के जिलाध्यक्ष ज्योति पांडे जी के द्वारा डालटनगंज के लहलहे के सिंदूरिया गाँव में जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र, साल, कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवनीत प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्योति पांडे ने कहा कि इस गांव में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। लेकिन आज बढ़ती ठंड को देखते हुए गांव के जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म वस्त्र साल, कंबल इत्यादी लेकर आप सबों की सेवा के लिए उपस्थित हुआ हूं। मैं लगातार विभिन्न गांवों में घूम घूमकर सेवा का कार्य कर रहा हूं और उसी कड़ी में आज आपके बीच उपस्थित हूं। मैं हमेशा सबों की मदद के लिए खड़ा हूं और हम सौभाग्यशाली है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता है जिस देश के शीर्ष पर बैठा हुआ व्यक्ति अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सर्द मौसम में हम कुछ जरूरतमंदों की सेवा कर पाए यह हमारा सौभाग्य है। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विपुल गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सुशील सिंह, दामोदर तिवारी, अशोक तिवारी, प्रशांत तिवारी, सोनू चंद्रवंशी, कई लोग उपस्थित रहे।

## बजरंग दल का शौर्य संचलन 11 को करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बजरंग दल की पलामू यूनिट ने 11 दिसंबर को साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय प्रांगण में शौर्य संचलन का आयोजन करेगा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र एवं बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप कुमार दास ने बताया कि इस निमिति आवश्यक अनुमति प्राप्त कर ली गई है। विहिप व बजरंग दल के नेताओं के बताया कि 11 दिसंबर को बजरंग दल का शौर्य संचलन प्रस्तावित है। यह नगर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए पुनः अपने उद्गम स्थल पर आकर समापन को प्राप्त हो होगा। शौर्य संचालन से पूर्व धर्म सभा का भी आयोजन किया जाएगा। शौर्य संचलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ताओं तथा बजरंग दल के महत्वपूर्ण सदस्य भाग लेंगे। शौर्य संचलन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेजी सेपूरी की जा रही है। सभी कार्यकर्ता आयोजन में तत्परता से जुटे हैं।

# कर्मभूमि भगवान को पाना है तो निर्मल मन चाहिए: हेमलता

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वधान में रेड़मा ठाकुरबाड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा प्रवक्ता हेमलता शास्त्री ने कहा कि सूर्यवंश में एक से एक बढ़कर प्रतापी राजा हुए। जिन राजाओं ने हमारे देश समाज के लिए बहुत कुछ दिया सूर्यवंश में ही भागीरथ हुए जिन्होंने मनुष्य के कल्याण के लिए पृथ्वी पर मां गंगा को लाया। इसी वंश में राजा दशरथ हुए उन्हीं राजा दशरथ के चार पुत्र राम लखन शत्रुघ्न एवं भरत हुए। उन्हीं में भगवान श्रीराम मनुष्य योनि में आकर के समाज को एक नया संदेश दिया। भरत ने त्याग दिया, लक्ष्मण ने भक्ति समर्पण ता शत्रुघ्न ने प्रेम धर्म की स्थापना में भगवान राम ने अपने समस्त सुख वैभव का त्याग किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री राम के चरित्र से समस्त मनुष्य योनि को सीखना चाहिए जीवन में कितनी भी कठिनाई आएं हमको धर्म का मार्ग नहीं त्यागना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि भगवान को पाना है तो निर्मल मन चाहि। रामचरितमानस में तुलसीदास जी कहते हैं निर्मल मन जन सो ईमो पावा मोहि कपट छल छिद्र न भावा। भगवान की कथा अनंत है हरि अनंत हरि कथा का विस्तार से वर्णन किया। भागवत कथा में समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, संगठन मंत्री संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, मनीष पांडेय, अपपू तिवारी, राकेश तिवारी, विनीत तिवारी, राकेश दूबे व नीरज तिवारी सहित कई सदस्य सक्रिय हैं।

## विधायक ने किया नलकूप का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नौडिहा बाजार के पंचायत सरईडीह, जमुआ मोड़ के पास विधायक मद की राशि से सोलर आधारित उच्च प्रवाही नलकुप के अधिष्ठापन कार्य का उदघाटन विधायक पुष्पा देवी के द्वारा पूर्व सांसद मनोज कुमार की उपथिति में सम्पन हुआ। ज्ञात हो कि विद्यायक के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर पेयजल की समस्या को देखते हुये दर्जनों जगहों पर डीप बोर के साथ सोलर आधारित नलकूप का अधिष्ठापन कराया गया है। विधायक के अनुसार जल संकट इस क्षेत्र की मुख्य समस्या है और इससे निपटने के लिए लगातार सकारात्मक प्रयास जारी है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल पाठक, पूर्व मुखिया नरेश यादव, विधायक प्रतिनिधि मनोज जी, अशोक यादव, कारू सिंह,चुनु सिंह,कासी प्रसाद, नागेंद्र भुईया, धर्मेंद्र भुईया, रामजतन यादव, संकर यादव, शिव दुबे,संजय यादव,मनोज यादव एवम सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### बुजुर्ग महिलाओं के बीच शॉल तथा च्यवनप्राश का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** अधौरा निवासी सह समाजसेवी तारकेश्वर पांडे ने गरीब महिलाओं के बीच शॉल तथा चवनप्राश का वितरण किया जिस से उन्हें ठंड से होने वाली समस्याओं से निजात पाया जा सके। कंबल वितरण को लोगों ने बताया सराहनीय कदम। कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है .एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है, लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है। असहायो पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है। वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं .समाजसेवी ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा,और भी टोलों में जाकर भी कंबल वितरण किया जाएगा। प्रशासन द्वारा अभी तक कंबल वितरण नहीं करना व ना ही अलाव की व्यवस्था को देखते हुए इस तरह आयोजन शुरू किया। जो लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है। मौके पर राम अवध राम, गुल्ली चंद्रवंशी, विकास पाल, ललित पासवान, गोविंद पासवान, सरोज देवी, मीना कुमारी, प्रमिला देवी, गीता देवी, मंजू कुमारी और अन्य ग्रामीण महिला उपस्थित थे।

### युवक ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के ढोंटी गांव निवासी विद्यानंद कुमार पिता बुधन प्रसाद कुशवाहा ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यानंद कुमार उसके अभिभावक ने किसी बात को लेकर डांट फटकार किया था। इसके बाद परिवार के लोग खेत में काम करने गए थे। तब विद्यानंद ने घर में रखे हुए कीटनाशक को खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों को इसकी जानकारी मिली तो आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत विद्यानंद कुमार की हालत स्थिर बनी हुई है।

### मायके से ससुराल पहुंची महिला को पति ने पीटकर किया घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरांव गांव के चढ़नवां टोला में रेणु देवी को उसके पति शिवपूजन चौधरी ने मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व रेणु देवी के साथ उसके पति ने मारपीट किया था। इसके बाद वह अपने बच्चे को लेकर मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव स्थित मायका चली गई थी। शिवपूजन चौधरी ने रेणु के पिता रामनाथ चौधरी से मोबाइल फोन पर बात किया और रेणु को ससुराल पहुंचाने को कहा। बताया गया कि रामनाथ चौधरी अपनी बेटी रेणु को लेकर जब चढ़नवां टोला स्थित उसके ससुराल पहुंचे तो शिवपूजन चौधरी ने रेणु के साथ गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दिया। रामनाथ चौधरी के बीचबचाव करने तक रेणु के सिर में गंभीर चोट लग गई। इसके बाद रामनाथ चौधरी ने घायल रेणु देवी को सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इधर, रेणु देवी ने कहा कि ससुराल में उसके साथ हमेशा मारपीट किया जाता है। वह लोकलाज के भय से इस बात को मायके वालों ने नहीं बताती थी।

### बरवाडीह में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 2 लोग घायल



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह के सटे हुए जंगलों में रविवार की शाम करीब 5:00 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने सामने की हुई जबरदस्त टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें राहगीरों एवं ग्रामीणों की मदद से 108 नंबर पर फोन कर एंबुलेंस को बुलवा का दोनों घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है। वही घायल युवक की पहचान चिनीयां थाना क्षेत्र के पालहे गांव निवासी महेंद्र सिंह, तथा धुरकी थाना क्षेत्र के टाटी देरी गांव निवासी अरुण सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त खबरों के अनुसार महेंद्र सिंह अपने हीरो कंपनी का स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से रंका से सीनियर की तरफ आ रहा थे। इसी बीच बरवाडी के सटे जंगलों में विपरीत दिशा से आ रही हीरो कंपनी के मोटरसाइकिल में जोरदार आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे महेंद्र सिंह व विपरीत दिशा से आ रहा धोती थाना क्षेत्र के टाटी देरी निवासी अरुण पुरी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं राहगीरों एवं ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायल को उठाकर 108 नंबर से बेहतर इलाज के लिए रन का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया गया है।

## सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनसीसी डे का आयोजन

# राष्ट्र की रक्षा के लिए सैनिक है एनसीसी के कैडेट्स



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा में एनसीसी डे का आयोजन किया गया। एनसीसी के 74 वीं वर्षगांठ पर आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर अमिताभ मुखर्जी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अनुशासित एनसीसी कैडेट्स देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। ये किसी सैनिक से कम नहीं हैं। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स उदबोधन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन कमांडिंग ऑफिसर श्री मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पूर्व सीओ एवं अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। माथे पर तिलक लगाकर एवं बुके प्रदान कर उन्हें सम्मान दिया गया। स्वागत गीत, नृत्य के माध्यम से कैडेट्स अपने हुनर का प्रदर्शन किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अव्वल प्रदर्शन के लिए जैनेन्द्र कुमार को प्रथम, पूजा कुमारी को द्वितीय और साक्षी कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने परेड और सैलूट कर अपनी दक्षता और अनुशासन से सीओ को आह्लादित कर दिया।

इस मौके पर सीओ अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थानों में छात्र-छात्राओं को सैनिक प्रशिक्षण और फोर्स में नौकरी के लिये दक्ष-अनुशासित युवा को तैयार करने की चुनौती को देखते हुए एनसीसी की स्थापना की गई थी। आज इस महान संस्था के 74 वर्ष पूरे हो गए हैं। एनसीसी के माध्यम से लाखों युवाओं को फोर्स में शामिल होकर न सिर्फ राष्ट्र की रक्षा का मौका मिल रहा है बल्कि उन्हें स्थायी और सरकारी नौकरी भी मिल है। आपदा के दौरान यही बच्चे अपना सर्वस्त्र न्यौछावर करने को आतुर हो जाते हैं। यानी समाजसेवा के लिए भी उनके दिमाग मे प्रोगमिंग की जाती है।

उन्होंने एनसीसी डे पर सभी को शुभकामनाएं दी। साथ ही एनसीसी कैडेट्स को 100 प्रतिशत रिजल्ट देने का संदेश दिया। इस मौके पर सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट धीरेंद्र कुमार मिश्र, प्राचार्य रविन्द्र द्विवेदी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के अलावे सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज शिक्षक-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ सत्यदेव पांडेय, अखिलेश पाठक, अरुण तिवारी, आर आर मिश्र, अखिलेश शुक्ला,एनसीसी के पूर्व कैडेट्स प्रिंस तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कैडेट्स किरण कुमारी और मयंक कुमार ने किया।

# 108 कुण्डीय नव चेतना गायत्री महायज्ञ का किया गया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत रेफरल अस्पताल के समीप आयोजित 108 कुंडीय नव चेतना महायज्ञ सह मां गायत्री एवं वैष्णो देवी का प्राण प्रतिष्ठा हेतु । नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन में शामिल मातारानी के भक्तों के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। जिसमें भूमि पूजन के उपरांत भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शामिल सभी बच्चे एवं अभिभावक ने महाप्रसाद ग्रहण किया गौरतलब है कि नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ मंदिर परिसर में मां गायत्री एवं मां वैष्णो देवी का प्राण प्रतिष्ठा किया जाना है। जिसको लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल मंझिआंव के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ दिनांक 3 जनवरी 2023 से 5 जनवरी 2023 तक वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ आयोजन किया जाएगा। भूमि पूजन में नागेंद्र सिंह वीरेंद्र सोनी, शिला देवी तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार के सभी सदस्य शामिल थे।

# सेमीफाइनल मैच में सिंदुरिया ने भवनाथपुर को 3-0 से पराजित किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल के मैदान में रविवार को पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट (बालक बालिका)प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच सिंदुरिया पंचायत बनाम भवनाथपुर पंचायत के बीच खेला गया। सिंदुरिया पंचायत 3 गोल से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल मैच कैलान पंचायत बनाम बनसानी पंचायत के बीच खेला गया। कैलान पंचायत चार गोल से विजयी हुई। प्रतियोगिता में प्रखंड के 9पंचायत में 7 पंचायत कि टीमों ने हिस्सा लिया है। टूनामेंट का बालक वर्ग में कैलान पंचायत बनाम सिंदुरिया पंचायत एवं बालिका का वर्ग में सिंदुरिया पंचायत बनाम कैलान पंचायत के बीच फाइनल मैच सोमवार को सेल मैदान में खेला जाएगा। रेफरी की भूमिका शक्ति सिंह, लायंस मैन फुलेन्द्र यादव एवं विश्वजीत कुमार ने निभाई। मौके पर खुशहाल महतो, अवधेश कुमार, संजय यादव, पप्पू सिंह खरवार, आलोक यादव, सुनील पाण्डेय, गुड्डू यादव, उपेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# लक्ष्मी सर्जरी एवं मेडिकेयर क्लिनिक में चिकित्सा शिविर का आयोजन, 52 मरीजों की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के चिनियां मोड़ स्थित लक्ष्मी सर्जरी एवं मेडिकेयर क्लिनिक में रविवार को निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रांची की गाइनोकोलाजिस्ट एवं इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डा. रूही श्रीवास्तव ने निःसंतान दंपतियों की जांच की एवं आवश्यक परामर्श दिए। शिविर में गढ़वा के टंडवा, सहिजना के अलावा कांडी, रंका व उत्तर प्रदेश के दुद्धि से 52 दंपती पहुंचे थे। डा. रूही श्रीवास्तव ने सभी दंपती की जांच की। मौके पर डा.रूही श्रीवास्तव ने कहा कि बंध्याकरण आपरेशन कराने के बाद किसी कारणवश यदि किसी दंपती की संतान इस दुनियां में नहीं हैं तो वे भी फिर से गर्भधारण कर सकते हैं। इसके लिए आईवीएफ, आईयूसी आदि पद्धतियों से उनके गोद भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन पुरुषों में स्पर्म की कमी हो तो भी आधुनिक पद्धति से उस दंपती को संतान हो सकता है। मौके पर सर्जन डा.अमित कुमार, सुबोध कुमार, अर्चना, पुष्पा कुमारी, नीलू कुमारी, परवेज आलम आदि ने स्वास्थ्य जांच शिविर में सक्रिय योगदान दिया।

### बाइक से गिरकर दो ग्रामीण घायल

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव में रविवार को मोटरसाइकिल से गिरकर दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों में पिपरडीह गांव के अकिंद्र विश्वकर्मा पिता स्व.नकछेदी विश्वकर्मा व उसी गांव के बिंदेश्वरी विश्वकर्मा पिता स्व.मुद्रिका विश्वकर्मा शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार अकिंद्र विश्वकर्मा व बिंदेश्वरी विश्वकर्मा एक ही मोटरसाइकिल से श्रीबंशीधर नगर के ठरका में किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान पिपरडीह गांव में ही अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में अकिंद्र विश्वकर्मा के चेहरा व कमर तथा बिंदेश्वरी विश्वकर्मा के दोनों घुटने में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद स्वजनों ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# संचार कौशल सह अंग्रेजी कार्यशाला का आयोजन कर 200 बच्चों को दी गई अंग्रेजी भाषा की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना के समीप गोपाल पांडेय के मकान में रविवार को कम्युनिकेशन स्किल एंड इंग्लिश वर्कशॉप यानी संचार कौशल सह अंग्रेजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लगभग 200 बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी पढ़ने, लिखने व बोलने की जानकारी दी गई। शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर में अंग्रेजी विषय के ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर श्रीवत्स गर्ग के नेतृत्व में आयोजित कम्युनिकेशन स्किल एंड इंग्लिश वर्कशॉप का कांडी मुखिया विजय राम ने दीप प्रज्ज्वलित कार्य शुभारम्भ किया। उक्त कार्यशाला में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क चार्ट पेपर, कलम एवं कॉपी दी गई। श्रीवत्स गर्ग ने बच्चों को खेल-खेल में कम्युनिकेशन स्किल के महत्त्व, अंग्रेजी ग्रामर की जानकारी तथा अंग्रेजी में अपना परिचय देना सिखाया। बताते चलें कि अंग्रेजी के शिक्षक श्रीवत्स गर्ग सुदूरवर्ती अविकसित ग्रामीण क्षेत्र में शैक्षणिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को अंग्रेजी की शिक्षा देने का प्रण लिया है। इसी कड़ी में वे कांडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अवकाश के दिनों में लगातार बच्चों को अंग्रेजी का ज्ञान दे रहे हैं। रविवार को कांडी प्रखंड मुख्यालय में उनका 85वां वर्कशॉप है। जिसे सफलीभूत करने को लेकर वे लगातार काम कर रहे हैं। बच्चों के अंग्रेजी शिक्षण कार्यक्रम से प्रभावित होकर कांडी मुखिया विजय राम ने भी शिक्षक श्रीवत्स गर्ग को कांडी पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजन करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के आयोजन में कांडी में प्राइवेट कोचिंग संचालित कर रहे शिक्षक अजय सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# चेचरिया में सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो का किया गया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** चेचरिया स्थित सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो का उदघाटन रविवार को सुंदरा फिड के जीएम मनोज मिश्रा व आरएसएम शोएब आलम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो के जीएम मनोज मिश्रा ने कहा कि सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो का शुभारंभ हो जाने से यहां के लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को उचित मूल्य पर मुर्गी का दाना, पोल्ट्री दवा एवं चीक्स उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो कंपनी कानपुर की है। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी में सुंदरा न्यूट्री फीड डिपो खुल जाने से झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश के लोगों को इस से सम्बंधित सामग्री बहुत ही आसानी से उपलब्ध होगा। आरएसएम शोएब आलम ने बताया कि हमारे यहां मुर्गी दाना, पशुआहार, पोल्ट्री दवा एवं चीक्स उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। उन्होंने ग्राहकों से अपील किया कि एक बार सेवा करने का अवश्य अवसर दें। मौके पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान,तस्लीम खान, आमीन खान, इस्लाम खलीफा, सुहेल आलम, फिरोज आलम, इमरान आलम,बाबू, गुड्डू सहित बड़ी में लोग उपस्थित थे।

### बानों में साइबर क्राइम को लेकर चला जागरूकता अभियान

**बानो।** बानो सर्किल के गिरदा थाना क्षेत्र के जोरोबाड़ी जोजो टोली में गिरदा पुलिस द्वारा साईबर क्राइम से बचाव के लिये लोगो के जागरूकता अभिनय चलाया गया। एसआई रमेश ने ग्रामीणों से कहा कि साईबर क्राइम बचे ।आज लोगो से मोबाईल फोन द्वारा ठगा जा रहा है ।किसी अनजान व्यक्ति का फोन न उठाएं ।कई बार कई बहाने बना कर ओटीपी नम्बर मांगा जाता है ।ग्रामीण सावधान रहें ।कई बार बैंक कर्मचारी, पार्सल बॉय ,या बीमा कम्पनी का व्यक्ति बन कर फोन किया जाता हैं इस सबसे सावधान रहें। मुखिया नामजन जोजो ने कहा किसी बाहरी अनजान व्यक्ति के बातों को ध्यान न दे ।प्रखंड में कई तरह की बिकास योजना चलाई जा रही हैं ।उन योजनाओं से जुड़े व गांव का विकास करे ।पीएम आवास योजना के लाभुक समय पर कार्य पूर्ण करे समय बदलता जा रहा है बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजे शिक्षा से ही गाँव का विकास हो सकती हैं ।मौके पर ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गढ़वा में एचआईवी मरीजों की संख्या पहुंची 456

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी जिले में लोग जानलेवा और लाइलाज बीमारी एचआईवी वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। झारखंड राज्य एड्स नियत्रंण समिति भले ही एड्स के प्रति जागरूकता के कारण मरीजों की संख्या पहले की अपेक्षा कम होने की दावा करे पर हकिक्त तो कुछ अलग ही बया कर रही है। एचआईबी एड्स से लोग तेजी से संक्रमित हो रहे है। जिले में एचआईबी से संक्रमितों की संख्या 456 पहुंच गई है। जिले में सबसे ज्यादा प्रवासी मजदूर एचआईबी संक्रमित हुए है। उसके कारण आज उनके परिवार के एक-दो अन्य सदस्य भी संक्रमण का शिकार हुए है। जिले के एड्स से सबसे ज्यादा प्रभावित मरीज कांडी में है। वहां एचआईबी मरीजों की संख्या करीब 120 पहुंच गई है और वहां पिछले तीन वर्षो में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला मुख्यालय भी उससे कम नहीं है। जिला मुख्यालय में भी 95 लोग एचआईबी से संक्रमित है। उसके बाद भी जिले में अब तक किसी तरह की जागरूकता अभियान नहीं चलाई गई। जिले में जागरूकता के




अभाव में जिले के सभी प्रखंड में कमवेश एचआईबी संक्रमित है। उसमें सबसे ज्यादा प्रवासी मजदूर या फिर चालक है। बताते चले कि जिले के मझिआंव में 50 , भवनाथपुर में 14 , केतार में 10, खरौंधा में आठ, नगर उंटारी में 40, धुरकी में पांच, डंडई में आठ, बरडीहा में आठ, रमकंडा में छह, भंडरिया में दो, चिनिया में पांच, रंका में 25, रमना में 12, मेराल में 14 एचआईबी मरीज है। उन

## डिस्ट्रीक नेटवर्क ने संक्रमितों को घर-घर पहुंचाया दवा

एचआईबी एसड् मरीजों के लिए इन दिनों डिस्ट्रीक नेटवर्क फोर पिपुल लिविंग वीथ एचआईबी एड्स सोसाईटी के पदाधिकारी मददगार साबित हो रहे है। सोसाईटी के पदाधिकारियों ने पुरे कोरोना काल मरीजों को घर-घर जाकर दवा पहुंचाने का कार्य किया। साथ ही बीमारी पर विजयी पाने के लिए हौशला भी बढ़ाया। सोसाईटी के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि एचआईबी एड्स मरीजों के लिए सोसाईटी लगातार कार्य कर रही है।

सभी का इलाज मेदनीनगर अस्पताल से चल रहा है।

**रघुवर सरकार में एचआईबी मरीजों को मिला पेंशन :**

राज्य सरकार की ओर से एचआईबी मरीजों के लिए निःशुल्क दवा की व्यवस्था तो की गई है। पिछली भाजपा सरकार ने मरीजों के लिए राज्य सुरक्षा पेंशन शुरू की थी और उसके तहत सभी कोटी के एचआईबी मरीजों के लिए एक हजार रूपए पेंशन दिया जाता है। उसके एचआईबी संक्रमितों के परिवार चलता है।

### सरकार के गलत निर्णय से संक्रमितों के गोपनियता पर खतरा

एचआईबी संक्रमितों के लिए लागू किया गया राज्य सुरक्षा पेंशन नियमावली में फेर बदल के कारण संक्रमितों के गुपनियता पर खतरा मंडराने लगी है। पूर्व सरकार में एचआईबी मरीजों को पेंशन के लिए सीधे जिला स्तर पर आवेदन करना था। उससे उनकी गोपनियता पर किसी तरह की खतरा नहीं था। पर वर्तमान सरकार में उक्त नियमावली में बदलाव करते हुए प्रखंड स्तर पर कर दिया है। उससे संक्रमितों की गोपनियता पर खतरा मंडराने लगी है। संक्रमितों के लिए कार्य कर रही गढ़वा डिस्ट्रीक नेटवर्क फोर पिपूल लिविंग वीथ एचआईबी एसड् सोसाईटी ने भी उसका विरोध किया है। सोसाईटी के पदाधिकारियों ने बताया कि पूर्व के नियमावली ही संक्रमितों के लिए बेहतर है और उससे उनकी गोपनियता भंग नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची खुटहेरिया की टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** हाई स्कूल हरिहरपुर के खेल मैदान में रविवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैच में खुटहेरिया पंचायत की टीम ने घटहुआँ कला पंचायत की टीम को 4 - 1 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर गयी ।निर्धारित समय के अंदर दोनों टीम कोई गोल नहीं कर सकी ।जिसके पश्चात दोनों टीम को 5 मिनट समय अवधि का एक्सटेंशन दिया गया। जिसमें भी दोनों पक्ष कोई गोल नहीं कर पाए। जिसके उपरांत दोनों टीम को पांच पांच पेनाल्टी किक दिया गया। जिसमें खूटहेरिया पंचायत की टीम ने पांच में चार गोल किए जबकि घटहुआ पंचायत की टीम 5 कीक बाल में मात्र एक गोल कर पाई ।

फाइनल मैच खूटहेरिया बनाम खरोंधा के बीच सोमवार को 2 बजे खेला जाएगा। पंचायत मुखिया अनिता देवी व उप मुखिया अतीस कुमार सिंह ने पंचायत की विजयी टीम को शुभकामना देते हुए जीत की बधाई दिया है।

### सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति घायल

सिमडेगा। सिमडेगा कुरडेग मुख्य मार्ग कोचेडेगा महुआ टोली के समीप रविवार की सुबह ऑटो पलटने से ऑटो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक महिला का पैर टूट गया जबकि एक महिला के माथे में चोट लगी और एक युवक को भी गहरी चोट लगे। इधर घायलों को निजी ऑटो के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया जहां पर इलाज चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बनाबीरा निवासी ओम प्रकाश साहू अपने ऑटो में बिठाकर सिमडेगा सवारी ला रहा था इसी दौरान सिमडेगा की ओर से जा रहे नया ट्रक चेचिस गाड़ी से बचने के क्रम में अपना नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सड़क से नीचे खेत पर जा पलटी।

## न्यूज गैलरी

### समाजसेवीयों ने अपने निजी कोष से कराया सड़क मरम्मत



**बारियातु।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम निवासी सह समाज सेवी कुन्दन कुमार सिंह व डब्ल्यू सिंह ने मकरा बाजार टांड से मकरा बस्ती तक लगभग आधा किलोमीटर ग्रामीण पक्की सड़क को अपने निजी कोष से मजदूरों के माध्यम से मरम्मत कराया। सड़क मरम्मत के संबंध में जानकारी देते हुए समाज सेवी कुन्दन ने बताया कि बीते दो वर्षों से मकरा ग्राम का मुख्य सड़क गड्ढा में तब्दील हो गया था। जिसकी सुचना कई बार प्रखंड कार्यालय व विभाग को लिखित तौर पर दिया गया था पर दो वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक सड़क नहीं बनाया गया। जर जर सड़क रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था साईकल ,मोटरसाइकिल दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया था। हल्की बारिश में भी सड़क तालाब में तब्दील हो जाता था। जिसे देखते हुए मैं और डब्लू ने दस मजदूर लगा कर सड़क को मरम्मत कराया।मौके पर सोना गंझु, हिरा गंझु, हुसैनी गंझु, दिलिप सिंह, कैला भुईयां, आनन्द सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### उपायुक्त की पहल पर मृत बंदी राजू तुरी का हुआ पोस्टमार्टम

**चतरा।** एनडीपीएस एक्ट के मामले में चतरा मंडल कारा में एक महीने से बंद पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के मेराल निवासी कैदी राजू तुरी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने लापरवाही बरतने व सादे कागज पर हस्ताक्षर करवाने का जेल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार जेल प्रबंधन द्वारा परिजनों को नहीं दी गई थी राजू तुरी के बीमार होने की सूचना। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में कैदी की मौत हो गई। विगत 3 नवंबर को पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के मेराल गांव से ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर राजू को पुलिस ने भेजा था जेल। देर रात ही इलाज के दौरान राजू ने तोड़ा था दम, 4 बजे तक नहीं हो सका पोस्टमार्टम। वहीं पत्नी और 8 साल की बेटी परेशान हो कभी अस्पताल तो कभी जेल गेट का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन सुधि लेने वाला कोई नहीं था, तभी इसकी इसकी जानकारी उपायुक्त अबू इमरान को मिली तो मजिस्ट्रेट की निगरानी में मृतक बंदी का तीन डाक्टरों टीम ने पोस्टमार्टम किया। मौके पर एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, सीओ भागीरथ महतो, सदर थाना प्रभारी सुधीर चौधरी व जेलर दिनेश प्रसाद वर्मा आदि मौजूद थे।

### गुटबहार में झारखंड पार्टी को छोड़कर लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत घुटबाहर पंचायत के लोगों ने रविवार को झारखंड पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ली। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कौगाड़ी उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने लोगों को माला पहना कर सदस्यता ग्रहण कराया। बताया गया कि सुरेश सुरीन एवं किरण बुढ़ के नेतृत्व में झारखंड पार्टी के दर्जनों कार्यकर्त्ता उनके दामन छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों,वर्गों, सम्प्रदायों, जातियों का सम्मान करती है।पार्टी ने आजादी से लेकर आज तक राजनीति के साथ-साथ समाज सुधारक के रूप में भी काम किया है और समाज को एक नई दिशा दी है कांग्रेस देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है आजादी के आंदोलन में भी कांग्रेस का अहम रोल था और आजादी के बाद भी कई दशकों तक देश में कांग्रेस का ही राज रहा। इस दौरान किरण बुढ़, खोसला प्रधान, बाल किशोर प्रधान, नंद किशोर प्रधान, घनश्याम प्रधान ,संदीप बुढ, आदि ने पार्टी का दामन थामा।

### टभाडीह सरना मंदिर प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद की जनसभा

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड के तामड़ा टभाडीह सरना मंदिर में रविवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा संस्कार केंद्र का शुभारंभ किया गया इस साप्ताहिक संस्कार केंद्र के माध्यम से प्रत्येक रविवार को बच्चों को संस्कारिक ज्ञान युक्त शिक्षा दी जाएगी। उपस्थित लोगों ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का यह अभियान गांव गांव तक फैले का जिससे कि आने वाले नई पीढ़ी को ज्ञान के साथ-साथ अपने धर्म और अपने समाज के प्रति सच्ची जानकारी हो सके। इस अवसर पर काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे एवं बच्चों के साथ उनके अभिभावक तथा गांव के बुजुर्ग एवं सरना-सनातन धर्म पर आस्था रखने वाले सजन भाई-बहन लोग भी उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला समिति के जिला मंत्री कृष्ण कुमार शर्मा, विद्या बंधु शास्त्री, नारायण दास तथा सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण गोवंशी उपस्थिति हुए जिला संगठन मंत्री दिलीप के नेतृत्व में दीप प्रज्वलन हुआ ।

# दौरवा नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त, दुर्घटना की आशंका

## जिले के कई अन्य प्रखंडों के लोग भी सड़क से करते है आवागमन



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के बांय मोड़ से इचाक जाने वाली मुख्य पथ में पड़ने वाले दौरवा नदी पर बना पुल काफी जर्जर हो गया है। पुल की स्थिति ऐसी हो गई है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। पुल का एक पाया ध्वस्त हो गया है। ग्रामीणों की माने तो बांय व इचाक गांव के सिमने पर स्थित तौरवा

**चतरा व हजारीबाग जिले को भी जोड़ती उक्त पुल पर से गुजरी सड़क**

नदी पर लगभग 25 वर्ष पहले पुल का निर्माण किया गया था। परंतु एक बार भी पुल की मरम्मत नहीं की गई। वैसे में धीरे-धीरे पुल जर्जर हो गया है। जिसके कारण राहगीर दहशत में रहते हैं क्योंकि ध्वस्त पुल के पाये से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी दिन भारी वाहन पुल से गुजरा उसी दिन ध्वस्त हो सकता है। बांय से इचाक तक सड़क कालीकरण तो बनाया गया। परंतु जर्जर पुल की मरम्मत नहीं की गई। ग्रामीणों ने पथ प्रमंडल विभाग के साथ उपायुक्त से पूल की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। बताते चले की इस सड़क से प्रखंड के पिंडारकोण, गड़के, चक्रवार, सरहेता, इचाक, उमाढ़ाकी, जमुआ, बंदिया, पूणाडीह, चिरैयां, बांय सहित इटखोरी व कन्हाचट्टी प्रखंड के भी कई गांव के लोग आवागमन करते हैं। यहां तक की यह सड़क व पुल चतरा व हजारीबाग जिले को भी जोड़ती है।

### सीओ ने ट्रैक्टर संचालकों के साथ की बैठक, अवैध बालू को लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को गिद्धौर थाना परिसर में अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने ट्रैक्टर संचालकों के साथ बैठक की। सीओ ने बैठक में ट्रैक्टर संचालकों से किसी भी स्थिति में अवैध बालू की ढुलाई नहीं करने की चेतावनी देते हुए कहा की अगर पकड़े जाते हैं तो कड़ी करवाई की जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही ट्रैक्टर संचालकों की होगी। उन्होंने प्रखंड के निर्धारित घाट से राजस्व रसीद कटा कर बालू की आपूर्ति करने को लेकर अवश्यक दिश निर्देश दिया। बैठक में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, पुलिस अवर निरीक्षक टिकवानंद भगत, ट्रैक्टर एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष बबलू कुमार साव सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरायकेला में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सरायकेला ।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, झारखंड सरकार, टाटा फाउंडेशन और जिला प्रशासन के सौजन्य से रविवार को सरायकेला में मेगा स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें देश के नामी गिरामी अस्पतालों के करीब दो सौ से भी अधिक चिकित्सकों ने अपनी सेवा दीसुबह से ही जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों एवं तीनों निकायों के लोगों ने इस शिविर में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड सरकार के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चम्पई सोरेन, सरायकेला जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्रीमती आर. जाया, सरायकेला उपायुक्त अरवा राजकमल, एसपी आनंद प्रकाश एवं टाटा फाउंडेशन के सीईओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सहित तमाम अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुसार पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। वहीं सभी अतिथियों ने बारी- बारी से सभी काउंटरों का निरीक्षण कर वहां मरीजों को मिल रहे सुविधाओं का जायजा लिया और स्वस्थ सेवा मुहैया कराने में जुटे चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ वॉलिंटियर्स का हौसला बढ़ाया ।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंत्रालय जनजातीय समाज के उत्थान को लेकर काफी बेहतर तरीके से काम कर रहा है। उन्होंने कहा जनजातीय समुदाय के शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर मंत्रालय काम कर रहा है, जिसका व्यापक परिणाम सामने आ रहा है। देश के प्रधानमंत्री के सोच के अनुरूप मंत्रालय काम कर रहा है। उन्होंने शिविर को बेहद ही सफल बताया।

# सीनियर पुरूष वर्ग अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट चयन ट्रायल की प्रक्रिया पूरी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला टीम 5 दिसंबर को चाईबासा के लिए होगी रवाना, वही रविवार को महुआडांड़ स्टेडियम मैदान में पहुंच कर डीएसपी राजेश कुजूर, वरिष्ट कांग्रेसी इस्तखार अहमद, रामनरेश ठाकुर ने चयनित फुटबॉल खिलाड़ीयो को जीत की शुभकामनाऐं दिया। डीएसपी राजेश कुजूर ने खिलाड़ीयो से कहा कि मेहनत ही सफलता की पंजी है। वही इस्तखार अहमद ने कहा जीत कर लातेहार जिला का नाम रौशन करें। ज्ञात हो इस बार सत्र 2022-23 में सीनियर अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट क्लस्टर लेवल में कराए जा रहें है। क्लस्टर चाईबासा में लातेहार जिले का मैच 6 दिसंबर को खुटी जिला के साथ खेला जाएगा। चाईबासा में पश्चिम सिंहभूम, लातेहार तथा खूंटी जिले का मैच आयोजित हो रहा है। इसे लेकर महुआडांड़ स्टेडियम मैदान, बालूमाथ हाई स्कूल मैदान, बरवाडीह रेलवे खेल मैदान में



चयन ट्रायल प्रक्रिया चलाया गया, जहां खिलाड़ीयो का चयन इस प्रकार है। महुआडांड़ प्रखंड से 1, कपिल देव बाड़ा, 2,निशांत राज टोप्पो, 3, नितिस उरांव, 4 राजू, 5 तैयब खान, 6 परवेज, छीपादोहर से 7 संजीव टेटे, 8 अंकित टेटे गारू से 9, पवन तेलरा, 10 श्याम सुंदर सिंह, 11,रिसब समुन्दवार, लातेहार से 12 अतुल विवेक बारा, 13 सौरभ उरांव, 14 नौवनित उरांव, बरवाडीह से 15 विलयम तिर्की, बालूमाथ से 16 महेन्द्र उरांव, 17 उपेंद्र उरांव 18 वही टीम के कोच राजकिशोर पासवान, मैनेजर राकेश उरांव होगे।

### टाइगर जयराम की रैली को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

# विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा, लोगों को रैली में शामिल होने के लिए किया जायेगा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत किसुनपुर मैदान में आगामी 16 दिसंबर को टाइगर जयराम महतो की सभा को सफल बनाने हेतु ग्रामीणों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। रविवार को किसुनपुर में बैठक आयोजित कर बताया गया कि टाइगर जयराम झारखंड निवासियों की अस्मिता व अधिकारों की रक्षा के लिए 1932 खतियान आधारित निवास व नियोजन की मान्यता सरकार द्वारा प्रदान कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। साथ ही स्थानीय परियोजनाओं में मौजूद संसाधनों व संभावनाओं पर बाहरियों का कब्जा हो चुका है। जिसकी



आवाज को भी वे बुलंद करेंगे। इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करते हुए रैली में शामिल होने की अपील की जा रही है। जानकारी देते हुए महेश महतो ने बताया कि झारखंडी खोरठा गीतों से लोगों का भरपूर मनोरंजन करने हेतु कॉमेडियन मजबुल खान आएंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा, महेंद्र महतो, मुनेश्वर महतो, अरविंद पाठक, जगदीश महतो, केदार कुमार, रंजीत कुमार व शोभन कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### बालूमाथ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम पद मुक्त

**लातेहार ।** लातेहार जिले के बालूमाथ में ठेला से शव ले जाने की शर्मसार करने वाली घटना के सामने आने के बाद बालूमाथ के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम को पद मुक्त कर दिया गया है। उन्हें हेरहंज मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई डॉ. पुरुषोत्तम से मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब के बाद की गई है। उनके द्वारा स्पष्टीकरण का जो जवाब दिया गया है, वह गैर जिम्मेदाराना था। उन्हें पद से मुक्त करने के बाद डॉ सुरेश राम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बनाया गया है। सिविल सर्जन डॉ. कुमार ने कहा कि शर्मसार करने वाली इस घटना को गंभीरता से लिया गया है। तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। इस घटना की राज्य के वरीय अधिकारियों ने भी निंदा की है।

### घुटबहार में हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के घुटबहार में हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कौगाड़ी शामिल हुए इस दौरान बांधटोली की टीम ने डेंबूटोली को 1-0 पराजित किया। वही विजेता एवं उपविजेता टीम को जर्सी देकर विधायक के द्वारा सम्मानित किया।मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरेगी अब खेल हमारे जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सबसे उत्तम साधन बन चुका है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, जमीर हसन सहित अन्य उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में बालक की मौत, शव के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने गया-चतरा पथ किया जाम

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** रविवार को जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गया-डोभी मार्ग पर काली मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में एक बालक की मौत हो गई। जबकि एक बालक गंभीर रुप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना में छोटकी जोरी गांव निवासी विलाश प्रजापति के 15 वर्षीय पुत्र अनूप प्रजापति की मौत हो गई। जबकि वीणा भारती का 9 वर्षीय पुत्र करण भारती गंभीर रुप से घायल है। जिसका इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने छोटकी जोरी के पास चतरा-गया सड़क पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बताया जाता है कि दोनों बालक सायकिल से जोरी काली मंदिर गए थे। इस बीच एक बाइक सवार ने दोनों को अपने चपेट में लिया।



जिससे अनूप की मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना प्रभारी गुलाम सरवर, अंचल अधिकारी मिथलेश सिंह जाम स्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर दोपहर करीब 2:30 बजे जाम हटवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया।

# अज्ञात अपराधियों ने तोड़फोड़ की घटना को दिया अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के नवोदय विद्यालय के समीप सेवानिवृत्त शिक्षक विजय कुमार सिन्हा के आवासीय परिसर में शनिवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों ने तोड़फोड़ कर घटना को अंजाम दिया है। विजय कुमार सिन्हा ने सदर थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना में दिए गए आवेदन में विजय ने बताया कि नवोदय विद्यालय के समीप अपने आवासीय परिसर में सोए हुए थे। रात्रि में अचानक 10 से 12 लोग आए और मेरे घर के एस्बेस्टस को तोड़ने लगे। इसके साथ ही दरवाजा को भी तोड़ने का प्रयास किया। सभी अपराधी मेरा बेटा श्वेताभ और मुझे गोली मारने की धमकी भी दे रहे थे। घर के बगल में पोल्ट्री फार्म का निर्माण हो रहा था। उसे भी तोड़



दिया गया। इससे मुझे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने आगे बताया है कि मुझे संदेह है कि भू माफियाओं लोग मुझे वहां से भगाने चाहते हैं क्योंकि मेरे 11.5 एकड़ जमीन को औने-पौने दाम में खरीद कर भारी मुनाफा कमाना चाहते हैं। इस संबंध में लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि थाना में आवेदन आया हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। घटना को जो भी लोग अंजाम दिए हैं, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मीनाक्षी नेत्रालय के तत्वावधान में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** रविवार को जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित मध्य विद्यालय परिसर में मीनाक्षी नेत्रालय रांची के तत्वाधान में आरोग्य भारती के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का



आयोजन कर आंख, हॉट, बीपी, शुगर, दांत व अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों का इलाज किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद किया गया। पूर्व में किए गए प्रचार-प्रसार का परिणाम था कि दूर-दूर से महिला-पुरुष व बच्चे जांच कराने के लिए भारी संख्या में पहुंचे थे। जिसके कारण नंबर लगाने से लेकर इलाज करवाने के लिए भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए रांची सेंटर पर चिकित्सकों के द्वारा बुलाया गया। इस कार्यक्रम की लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का कैंप लगाकर इलाज कराया जाना मानव सेवा है। शिविर में चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद जरुरत की कुछ दवाएं भी दी गई तथा शेष दवाएं बाहर से लेने की सलाह दी गई। निःशुल्क आयोजित शिविर की व्यवस्था में आशुतोष कुमार सोनू सराहनीय भूमिका निभाई।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग

# डीएमएफटी फंड से हो रही है लूट, प्रशासन मौन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डीएमएफटी फंड से विकास के कार्य हो रहे हैं। जिसमें दो बिल्डिंग का निर्माण बाउंड्री का निर्माण और अस्पताल परिसर में पेपर ब्लॉक का निर्माण चार अलग-अलग ठेकेदारों से कार्य कराया जा रहा है। समुदायिक अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य लगभग चार महीनों से चल रहा है। इस दौरान अखबार निर्माण कार्य में घोर अनियमितता को लेकर लगातार जनता को और प्रशासन को घटिया सामग्री घटिया निर्माण कार्य को दिखाते आ रहा है। कई लोग अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य को देखने के लिए पहुंचे। सभी लोग अपने अपने तरीके से भवन विभाग के कार्यपालक अभियंता अभय कुमार कनिया अभियंता मोहम्मद नसर को निर्देश भी दिए और कहा कि ये लोगो के

- कार्य के ही दौरान लगभग 2 ट्रेक्टर पेवर ब्लॉक टूट गए
- ठेकेदारों के मिलीभगत के कारण अपने मनमानी के तौर पर निर्माण कार्य अभी भी जारी

देखरेख में कार्य चल रहा है। इस दौरान समाजसेवियों के शिकायत के बाद लातेहार के सीएस डॉक्टर दिनेश कुमार चंदवा के प्रमुख मनीषा उरांव चंदवा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी चंदवा के समाजसेवी रवि कुमार डे, अयूब खान असगर, विजय कुमार दुबे, सत्येंद्र प्रसाद यादव, चंदवा पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य नीलम देवी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण कार्य को लेकर लगातार आंदोलन किया गया।

**करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट**

जानकार बताते हैं कि पेवर ब्लॉक का निर्माण ही गलत किया गया है जिससे यह जल्द ही टूट जाएगा और इसमें सरकार के करोड़ों रुपए की बंदरबांट की जाएगी। ठेकेदार और कनीय अभियंता कार्यपालक अभियंता की मिलीभगत से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिससे समाजसेवियों के द्वारा कहा जा रहा है कि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जो लूट मची है। उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार आंदोलन किया जाएगा। झारखंड के मुख्यमंत्री डीएमएफटी फंड को लेकर दुरुपयोग करने वाले लोगों को कानूनी कार्रवाई करें। जिससे झारखंड की जनता को कोई धूल झोंकने का काम नहीं करें। परिसर में पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है जिसमें देखा जा रहा है कि निर्माण कार्य के ही दौरान लगभग 2 ट्रेक्टर पेवर ब्लॉक टूट गए हैं। जेई मोहम्मद नसर का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केंद्र चंदवा में बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है, जबकि समाजसेवियों के द्वारा बाउंड्री वाल में बिल्डिंग का निर्माण में और अब पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य में जो अनियमितता हो रही है घटिया सामग्री से का निर्माण किया जा रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डॉक्टर दिनेश कुमार लातेहार के द्वारा निर्देश भी दिया गया कि चंदवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सही तरीके से कार्य नहीं हो रहा है। जिसको भवन विभाग के लोग सही से कार्य करें, परंतु कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता और ठेकेदारों के मिलीभगत के कारण अपने मनमानी के तौर पर निर्माण कार्य अभी भी जारी है। इस कार्य में भी लगातार घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

# लातेहार में कायस्थ समाज ने मनाई डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** कायस्थ समाज लातेहार ने धर्मपुर स्थित शिव मंदिर के प्रांगन में देर शाम शनिवार को जिलाअध्यक्ष विवेक कुमार सिन्हा के नेतृत्व में कायस्थ गौरव प्रथम राष्ट्रपति एवं संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा वह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेता थे। वह 12 वर्ष तक देश के राष्ट्रपति रहे और उनकी भारत रत्न से नवाजा गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नविन कुमार सिन्हा ने कहा कि वे सादा जीवन उच्च विचार के पोषक तथा त्याग की प्रतिमूर्ति थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वतंत्रता



संग्राम एवं देश के प्रति योगदान के कारण डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत के सर्वोच्च सम्मान ‌भारत रत्न‌ से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि-हम सब उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मौके पर धनेश कुमार सिन्हा,अजय सिन्हा, पंकज सिन्हा, नीरज सिन्हा आलोक रंजन, विकाश सिन्हा समेत अन्य मौजूद रहे ।

## न्यूज गैलरी

### एंटी क्राइम के तहत कुरडेग पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**कुरडेग।** यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों के विरूद्ध पुलिस अधिक्षक सिमडेगा के आदेशानुसार कुरडेग पुलिस के द्वारा रविवार को कुरडेग थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानो पर वाहन जांच किया गया। इसमें दो चक्का, चार चक्का वाहनों की डीक्की की जांच सघनता पुर्वक की गई। इसके अलावे चालकों के हेलमेट, चालक लाइसेंस इंशोरेंस, पोलुशन व आवश्यक कागजातों की जांच की गई। इसके अलावे वाहन चलाते समय नशापान नही करने, नाबालिक को वाहन चलाने से सख्त मना किया गया। इस मौके पर उपस्थित कुरडेग थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा कि दुर्धटना व अपराध नियंत्रण रोकने के लिये वाहन जांच किया जा रहा है। उन्होने वाहन चालकों से अपील की यातायात के नियमों का हमेशा पालन करें खुद परेशान नहीं हो और ना ही पुलिस को परेशान करें। वाहन के समुचित दस्तावेजों को साथ रखें और हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग करें पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए आपको सतर्क करती है। मौके पर थाना प्रभारी मन्ना रमानी एस आई अजीत प्रकाश एएसआई शंकर सिंह एवं थाना के जवान उपस्थित रहे।

### सेन्हा में भू-मापक अमीन प्रशिक्षण का किया गया उद्घाटन



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के बेरोजगार शिक्षित युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड मुख्यालय स्थित सेन्हा पंचायत भवन में रविवार को भू–मापक अमीन प्रशिक्षण का उद्घाटन प्रमुख फुलझरी उरांव, उप प्रमुख पॉल पन्ना, मुखिया धनवाज उरांव द्वारा फीता काटकर किया गया। वही प्रशिक्षण प्रभारी साहेबराव शर्मा ने बताया कि झारखण्ड सरकार के कृषि मंत्रालय के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता लोहरदगा के निर्देश पर स्वयं सेवी संस्था नवभारत निर्माण संस्था चास बोकारो के देख रेख में बेरोजगार शिक्षित युवक युवतियों से भू–मापक अमीन प्रशिक्षण के लिये आवेदन लिया गया था। जिसमे प्रखंड क्षेत्र के अलावे रांची, गुमला और सिमडेगा जिला के युवक युवतियों ने भी आवेदन प्रपत्र भरा था। जिसमे 400 लोगो ने प्रशिक्षण के लिये आवेदन किया था। साथ ही बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को 3–3 घंटे का 2 बैच में प्रशिक्षण दिया जायेगा। मौके पर बीससूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रशिक्षक धनेश राम के अलावे सैकड़ो युवक युवती उपस्थित थे।

### ताराबोगा में नेहरू युवा केंद्र ने श्रमदान कर बांधा बोराबांध

**ठेठईटांगर।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा स्वेच्छा से सेवा और सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को प्रखंड ठेठईटांगर के ताराबोगा नदी पार में बोरा बांध बनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयं सेवक रोशन सुरीन और परमानंद बिंझिया ने किया। जिसमें नदी पार युवा क्लब सदस्यों और ग्रामीण युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। युवाओं ने बोरा बांध बनाकर जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को जागरुक किया। बारिश के पानी को इकट्ठा करने और बाद में उसका उपयोग करने के उद्देश्य से सभी युवाओं ने श्रमदान कर बांध का निर्माण किया। बोरा बाँध बनाने के बाद राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोशन सुरीन और परमानंद बिंझिया ने सभी युवा मंडल सदस्यों के साथ मिलकर जल संरक्षण की शपथ ली।

### लोहरदगा में बिना ड्राइवर के ही एक किलोमीटर तक दौड़ता रहा कंटेनर, मची अफरातफरी

**लोहरदगा।** लोहरदगा के पतराटोली क्षेत्र में बीती रात एक स्क्रैप से लदा कंटेनर बिना ड्राइवर के ही लगभग एक किलोमीटर तक दौड़ता रहा। यह देख लोगों के होश उड़ गए। दरअसल, ड्राइवर ने कंटेनर पर से नियंत्रण खो दिया था। जिसके बाद वह उससे कूद गया। लेकिन इसके बाद भी कंटेनर कई पेड़ों, बिजली के खंभों और दुकानों को चपेट में लेता हुआ सड़क पर दौड़ता रहा। यह हैरतअंगेज और डरावना दृश्य देखकर लोगों के होश उड़ गए और वहां अफरातफरी मच गई। इसके बाद कंटेनर सड़क पर एक किलोमीटर तक चलते–चलते पतराटोली तक बिना ड्राइवर के ही पहुंचा। जब इसकी रफ्तार कम हुई तो एक युवक ने इसे रोक लिया। स्थानीय वार्ड पार्षद कमला देवी, प्रत्यक्षदर्शी विमलकांत सिंह, चंदन कुमार मिश्र आदि ने बताया कि गनीमत ये रही कि इसमें किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। जब कंटेनर की रफ्तार कम हुई तो एक युवक किसी तरह ड्राइवर सीट पर जा बैठा और समय रहते ब्रेक लगा दी। अगर कंटेनर को रोका न जाता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। लोहरदगा थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। ड्राइवर कहां है, इसकी तलाश की जा रही है।

# पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा को नम आंखों से दी गयी विदाई

- केरकेट्टा का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव अघरमा कोरको टोली में हुआ
- खेल संघ के पदाधिकारी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता हुए शामिल





**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** 1978 वर्ल्ड कप हॉकी में भारतीय हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा जी का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। रविवार को उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कोलेबिरा प्रखंड के अघरमा कोरको टोली में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में कोलेबिरा के कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी, हॉकी झारखंड के संयुक्त सचिव माइकल लाल, कोषाध्यक्ष कमलेश माझी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पुष्पा टोपनो, विश्वासी पूर्ति, सिपिरयन जोजो, प्रतिमा बरवा, मनोज टोप्पो, लालधन नायक, सहित कई खेल प्रेमी, खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, शुभचिंतक एवं परिवार के सदस्य शामिल थे कोलेबिरा के उनके निवास स्थल से शव यात्रा उनके पैतृक गांव के घर तक गई। गांव स्थित चर्च में प्रार्थना सभा किया गया तत्पश्चात गांव के पास स्थित कब्रस्थान में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा रविवार की अहले सुबह कोलेबिरा पहुंच दिवंगत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के पार्थिक शरीर पर कफन ओढ़ाते हुए गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत जस्टिन के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी की। वही जस्टिन के परिजनों से मिलते हुए ढांढस बंधाया। साथ ही इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ रहने का आश्वासन देते हुए हर संभव मदद का भरोसा जताया। विधायक ने कहा कि आज जस्टिन के साथ साथ उनका हॉकी स्टिक भी थम गया। जस्टिन केरकेट्टा अपने जीवन के अंतिम क्षण तक हॉकी के साथ जुड़े रहे। शनिवार को भी हॉकी सिखाते हुए ही उनका तबियत खराब हुआ था। इससे साफ पता चलता है कि उसके शरीर में हॉकी खून बनकर दौड़ता था। हॉकी के प्रति उसमे गजब का लगाव था।

जस्टिन की कमी हमेशा खलेगी और उनकी कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने खेल के मैदान में हॉकी स्टिक के साथ और जंग के मैदान में बंदूक के साथ विरोधियों का छक्का छुड़ाया। कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने भी कहा कि उनके साथ मेरा पुराना लगाव रहा और उनके मार्गदर्शन से कई कार्य किए गए उनका अचानक निधन से काफी मर्माहत हूं और हमेशा उनके गए कार्यों को याद किया जाएगा। इधर जयपाल सिंह हॉकी एकेडमी के जिला अध्यक्ष दिलीप तिर्की, सचिव इस्माइल केरकेट्टा ने स्वर्गीय जस्टिन केरकेट्टा के अघरमा स्थित पैतृक आवास जाकर अंतिम विदाई में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

दिलीप ने कहा किया जो अकास्मिक घटना घटित हुआ है। यह बहुत दुखद घटना है। इसकी कमी कोई भी पूरा नहीं कर सकता। आज विशेष रूप से हॉकी एकेडमिक ने अपना एक बहुत ही बेहतरीन प्रशिक्षक को खोया है। क्योंकि यह एकेडमिक में मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर रहे थे। वही जयपाल सिंह हॉकी एकेडमी के जिला कमेटी की ओर से उनके परिवारों को सांत्वना दी गई।

### लोहरदगा में तैयारी को लेकर विनोद पांडे ने झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक, कहा

# झारखंड राज्य के सभी जिलों में निकलेगी खतियानी जोहार यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावित खतियानी जोहार यात्रा की सफलता को लेकर रविवार को झामुमो महासचिव सह राज्य समन्वय समिति सदस्य विनोद पांडे लोहरदगा पहुंचे। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अगुवाई में विनोद पांडे का गर्मजोशी से झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। शहर के बक्शीडीपा से बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता बाइक रैली के साथ शहर का परिभ्रमण किया। झामुमो महासचिव विनोद पांडे का स्वागत करते हुए सर्किट हाउस लाया। सर्किट हाउस परिसर में स्थानीय झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ विनोद पांडे ने बैठक किया। कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर उनमें ऊर्जा का संचार किया। झामुमो कार्यकर्ता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा को लेकर उत्साहित हैं। इस मौके पर झामुमो महासचिव विनोद पांडे ने मीडिया कर्मियों से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 1932 खतियान जोहार यात्रा की शुरूआत गढ़वा जिला से करेंगे। पहले चरण में गढ़वा, डालटेनगंज, लातेहार, लोहरदगा, देवघर और गोड्डा जिले में यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा को लेकर पूरे राज्य में झामुमो कार्यकर्ताओं और राज्य वासियों में विशेष उत्साह है। विनोद पांडे ने कहा कि राज्य में जब से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से लगातार जन कल्याणकारी और राज्य वासियों की उम्मीदों को पूरा करने वाले कई फैसले लिए गए हैं। 1932 का खतियान के आधार पर स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड, ओबीसी को 27% आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय विधानसभा से पारित किया गया है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज को स्थगित कर तीन जिले के हजारों गांव के लोगों की चीर प्रतिक्षित मांग को पूरा किया गया। झामुमो और गठबंधन दलों के संकल्प पत्र को पूरा करने का लगातार प्रयास सरकार कर रही है। विनोद पांडे ने कहा कि राज्य में पहली बार मुख्यमंत्री आवास में लोगों का भारी संख्या में जमावड़ा घेराव करने के लिए नहीं आभार जताने के लिए उमड़ा है। विभिन्न स्तरों पर राज्य वासियों द्वारा लगातार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया जा रहा है। हेमंत सोरेन सरकार पर लोगों की उम्मीद और विश्वास बड़ी है। राज्य वासियों की भावना को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सभी जिले में यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इस यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री राज्य की जनता से आभार लेंगे और उन्हें धन्यवाद देंगे। हेमंत सोरेन सरकार राज्य वासियों के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेगी। इस मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष मुजम्मिल अहमद, फागु बेसरा, ईजफर इकबाल, एनुल अंसारी, बालमुकुंद लोहरा, अनिल उराव समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

### पांच गोल्ड के साथ नीलिमा लकड़ा सबसे आगे

## 100 मीटर दौड़ जीतकर सुजल बाखला बने बालक वर्ग में कॉलेज के सबसे तेज धावक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह के दूसरे दिन नीलिमा लकड़ा तीन स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीता। पहले दिन उसने 100 मीटर और 200 मीटर में गोल्ड जीता था। अब वह 5 गोल्ड मेडल के साथ सबसे आगे चल रही है। आज उसने 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीता। 400 मीटर दौड़ में मंजू टोप्पो ने सिल्वर और पूनम कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 800 मीटर दौड़ में पूनम कुमारी ने सिल्वर और मंजू टोप्पो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 1500 मीटर दौड़ में मंजू टोप्पो ने सिल्वर और पूनम कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर सुजल बाखला महाविद्यालय के सबसे तेज धावक बन। सिल्वर मेडल शशि तिग्गा और ब्रॉन्ज मेडल चरणजीत उरांव ने जीता। 1500 मीटर दौड़ में रोहित कुमार साहू ने गोल्ड, रोहित उरांव ने सिल्वर और संदीप उरांव ने ब्रोंज मेडल जीता। दूसरे दिन प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और शिक्षकों में यशोदा कुमारी, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, रेणु कुमारी ने पुरस्कार वितरण कर एथलीट विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय मुखिया संघ का चुनाव संपन्न, अध्यक्ष बनाये गये परमेश्वर महली



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के पझरी पहाड़ के समीप रविवार को भंडरा पंचायत मुखिया इंद्रदेव उरांव की अध्यक्षता में प्रखंड के अंतर्गत आने वाले 9 पंचायत के मुखियाओं की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड स्तरीय मुखिया संघ बनाने एवं संघ के पदाधिकारियों का चुनाव करने पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया। सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से भंडरा प्रखंड मुखिया संघ का अध्यक्ष परमेश्वर महली को बनाया गया। परमेश्वर महली उदरंगी पंचायत के मुखिया हैं। उपाध्यक्ष बड़ागांई पंचायत की मुखिया कईली उरांव एवं भीठा पंचायत मुखिया टेले को बनाया गया। सचिव गडरपो पंचायत के मुखिया सुमित उरांव, उप सचिव भंडरा पंचायत के मुखिया इंद्रदेव उरांव, कोषाध्यक्ष जमगांई पंचायत की मुखिया धनेश्वरी उरांव एवं अकाशी पंचायत की मुखिया बीतनी ऊराइन, मीडिया प्रभारी मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी एवं सह मीडिया प्रभारी भौंरो पंचायत की मुखिया सुमंती तिग्गा को बनाया गया। नवनिर्वाचित मुखिया संघ के पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि जनमानस के कल्याण एवं योजना संबंधित सभी कार्य धरातल पर उतारने की दिशा में अग्रसर रहेंगे। प्रखंड प्रशासन से आपसी तालमेल एवं सामंजस्य स्थापित कर सरकार के द्वारा संचालित विविध योजना को पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव के प्रत्येक घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। पंचायती राज व्यवस्था को बरकरार रखते हुए विकास की प्रगति पर पहल किया जाएगा।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, विशुनपुर, बानारी में बैठक सम्पन्न

## झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करना प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी का दायित्व चुनौतीपूर्ण है : पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुर (गुमला)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, विशुनपुर(गुमला) के तत्वावधान में 10 वर्षों तक झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रतों व झारखंडियों के सभी वर्गों की नियुक्तियों को आरक्षित करने, झारखंड अलग राज्य के सभी आंदोलनकारियों को जल्द से जल्द चिन्हित करने, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर राज्य गठन की तिथि से राजकीय मान-सम्मान, पेंशन, नियोजन व पहचान देने, झारखंड के जल, जंगल, जमीन, सांस्कृतिक विरासत व धरोहरों को अक्षुणय रखने के लिए संरक्षण व संवर्धन की मांग को लेकर बनारी पंचायत भवन सभागार में सभा का आयोजन किया गया। सभा में बातौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के मूल्यों को स्थापित करना प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी का दायित्व चुनौतीपूर्ण है। आंदोलनकारियों को झारखंड के नव निर्माण व अस्तित्व की रक्षा के लिए संघर्ष करना है। उन्होंने मांग की कि सरकार समान रूप से सभी झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान राशि दे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आंदोलनकारी रोजलीन तिर्की ने कहा कि अलग राज्य गठन के बाद भी हमें अपनी पहचान के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, यह विडम्बना है। संघर्ष के बल पर ही राज्य में अपनी पहचान को स्थापित करना है। समाज में आंदोलनकारी परिवार के रूप में पहचान मिले। आंदोलनकारी जनार्दन भगत ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों को मुख्यधारा से जोड़कर विकास की अवधाणाओं को सफल करे। स्वागत भाषण सुषमा कुजुर व धन्यवाद ज्ञापन सुधीर तिग्गा ने किया। इस बैठक में सुधीर तिग्गा, मार्शल लकड़ा, जनार्दन भगत, महावीर उरांव, सुषमा कुजुर, पित्रूस उरांव, सुरेश उरांव, नंदलाल महतो, सिकंदर उरांव, आजाद अली, फूलन उरांव, नेमो प्रकाश लकड़ा, सुशील उरांव, बलासियुस मुंडा, पास्कल लकड़ा, ग्रिजयुस मुंडा, इलियस मुंडा, हरिमोहन उरांव, किशोर गिद्ध, पॉल तिर्की, पत्रिक उरांव, गैब्रिएल मिंज, बसंत सिंह, प्रतिमा कुजुर, शांति किंडो, शिमला उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## बगडू में 29 वां खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह को लेकर तैयारियां जोरों पर



**लोहरदगा।** बागडू माइंस में खान प्रबंधक राज सिन्हा की अध्यक्षता में 29 वा खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारी जोरों पर चल रही है। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें खनन कर्मी, खान मजदूर व ग्रामीणों को पोस्टर, पंपलेट, फ्लेक्स के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। आगामी 6 दिसंबर को भारतीय खान ब्यूरो के निरीक्षक दल की टीम द्वारा पर्यावरण सप्ताह एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की तैयारियों एवं विभिन्न बारीकियों का निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधक राज सिन्हा, प्रदीप कुमार, मनोज पांडे, भास्कर सिन्हा, अजय ठाकुर, अनिल सिंह, सुनील चौधरी, गौरी शंकर प्रसाद, निताई दंडपाट, रूपक दुबे, अभिषेक कुमार, अबीर, रानी शर्मा मुख्य रूप से शामिल हैं।

### डाक बंगला सिमडेगा में जिला मुखिया संघ की हुई बैठक

# सभी मुखियाओं को सरकार ने मिले सम्मानजनक मानदेय : शिशिर डांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिषद डाकबंगला सभागार में रविवार को जिला मुखिया संघ की बैठक हुई। स्वागत भाषण मुखिया संघ के अध्यक्ष शिशिर डांग द्वारा किया गया। वहीं उपाध्यक्ष बसंत समद द्वारा जाति प्रमाण पत्र खास कर चीक बडाईक लोहरा, लोहार के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही अढचन के बारे चर्चा की गयी। जिसे जल्द से जल्द अंचलाधिकारी से मुलाकात करते हुए समाधान कराने की सहमति बनी। वहीं कोंनजोबा मुखिया ने पंचायत में विकास कार्य हेतू बालू आपूर्ति में आ रही परेशानी के बारे चर्चा करते बताया कि कुछ ही प्रखंड के पंचायतों में मुखिया द्वारा चालान काट कर बालू का उठाव हो रहा है जिससे बाकि पंचायत वंचित हैं। मुखिया संघ के जिला प्रवक्ता सुरजन बडाईक द्वारा मंच का संचालन करते हुए आने वाले समय में मुखिया को क्या परेशानीयों का सामना करना पड़ सकता है विस्तृत विषयवार मुखिया संघ के समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष शिशिर डांग ने कहा चाहे जाति प्रमाण प्रत्र की समस्या, मनरेगा भुगतान संबंधित, बालू उठाव संबंधित, राशन वितरण की समस्या हो सभी कार्य पंचायत की मुखिया सुबह से शाम पंचायत ग्रामीणों के लिए काम करता है आज उसी का जीवन दुखमय गुजर रहा है।

समस्त काम करने के बावजूद मुखियाओं को सरकार द्वारा सम्मानजनक मानदेय नहीं मिलती है। एक ओर सारा पंचायत का कार्यभार साथ ही एक वित्तीयवर्ष पूरा होने को है और फंड भी नहीं मिला है। इससे लगता है कि गांव की सरकार को पंचायत चलाना काफी दुखदाई प्रतित होता नजर आ रहा है।समय-समय पर केंद्र सरकार,राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली गांव की ही सरकार त्रिस्तरीय पंचायत में कडी के रूप में काम करने का जीवन अंधकार में जीवन व्यत्तित हो रहा है? वित्तिय अनियमित्तता के मामले में जोखिम उठाने मामले में कभी भी जेल हो सकता। उसे महज 1000 रुपया मानदेय सरकार से मिलता है यह काफी अपमान सा प्रतित होता है। वहीं सचिव शशिकला तिर्की मुखिया संघ को मजबूत करने की बात कही। बताया गया कि बीरु मुखिया गंगाधर लोहरा की बेटी भेलोर में इलाजरत है मुखिया संघ मदद के लिए स्वेच्छा दान पर अपील की गई।

वही कैरबेड़ा मुखिया विनिता ने हर हाल में मुखिया पर आने वाली परेशानी, मसीबत को मिल कर दूर करने की बात कही मौके पर विनोद बडाईक सीमा डुंगडुंग के अलावे सभी पंचायत की मुखिया उपस्थित थे।

# उग्रवादी घटना में मृत विकास साहू के परिजनों से मिले सांसद सुदर्शन भगत, बंधाया ढ़ाढस



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** उग्रवादी घटना में मृत विकास साहू के परिजनों से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत मिलने पहुंचे। ज्ञात हो कि 15 नवंबर 2022 की संध्या छह से सात बजे के आसपास विकास साहु की हत्या कर दी गई थी। बीच बचाव में विकास के चचेरे भाई राजेश साहू एवं विकास की पत्नी घायल हो गई थी। जिसके कारण 16 नवंबर 2022 को आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध जताया था। प्रशासन के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आज भी भय एवं आक्रोश है। परिजनों का कहना है कि जो 16.11.22 को साथ खड़े दिख रहे थे वे ऐसे गायब हो गए जो समझ से परे है। सांसद सुदर्शन भगत ने मृतक विकास साहू की पत्नी से वादा किया कि जो भी आवश्यक सहयोग होगा किया जायेगा। गंभीर रूप से घायल रिम्स में इलाजरत राजेश साहू के स्वास्थ्य एवं इलाज से जुड़े मुद्दों पर भी जानकारी एवं चर्चा की गई। इस दरम्यान अंचलाधिकारी कुडू प्रवीण कुमार सिंह से भी मोबाइल पर आवश्यक जानकारी ली गयी ताकि पीड़ित परिवार को आवश्यक सरकारी सुविधा का लाभ दिलाया जा सके। घायल राजेश साहू के इलाज को लेकर अंचलाधिकारी कुडू से बात की गयी। मृतक की बहन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आजतक हमलावर का गिरफ्तारी न होना चिंता का विषय है जो हमारी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोचनीय है। इस दरम्यान मंडलाध्यक्ष कुडू सुदामा प्रसाद, राममोहन साहू, नवीन कुमार टिंकू, सुरज साहू, शशि कुमार, राजू कुमार, राजेश कुमार, संजय सिंह अवर निरीक्षक, सुधांशु कुमार, अजय शर्मा, जयधन बैठा एवं लक्ष्मी नगर के कई नागरिक उपस्थित थे।

# सिग्नेचर ग्लोबल की दिसंबर अंत तक 1,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल इस माह के अंत तक अपना 1,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी मुख्य रूप से सस्ते मकान बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लि. को 24 नवंबर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने जुलाई में सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए थे। सूत्रों ने बताया कि कंपनी जल्द नया अद्यतन दस्तावेजों का मसौदा जमा कराएगी, क्योंकि उसका इरादा इस माह के अंत तक पूंजी बाजार में उतरने का है। दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के तहत कंपनी 750 करोड़ रुपये के नए




शेयर जारी करेगी और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। दिल्ली-एनसीआर की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने 2014 में अपनी अनुषंगी सिग्नेचर बिल्डर्स के जरिये परिचालन शुरू किया था। कंपनी ने सबसे पहले हरियाणा के गुरुग्राम में 6.13 एकड़ जमीन पर सोलेरा परियोजना पेश की थी। दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, हमारा परिचालन एक दशक से भी कम समय में काफी तेजी से बढ़ा है। 31 मार्च, 2022 तक हमने दिल्ली-एनसीआर में 23,453 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां बेची हैं। इनमें कुल बिक्री योग्य क्षेत्रफल 1.45 करोड़ वर्ग फुट से अधिक है।

**◆कंपनी ने सबसे पहले हरियाणा के गुरुग्राम में 6.13 एकड़ जमीन पर सोलेरा परियोजना पेश की थी। दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, हमारा परिचालन एक दशक से भी कम समय में काफी तेजी से बढ़ा है। 31 मार्च, 2022 तक हमने दिल्ली-एनसीआर में 23,453 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां बेची हैं।**

### महिलाओं को नौकरी देने में टीसीएस अव्वल

## 500 मूल्यवान कंपनियों के बोर्ड में 16% डायरेक्टर्स महिलाएं, रिलायंस देश की सबसे मूल्यवान कंपनी

**नई दिल्ली।** हुरुन इंडिया की देश की सबसे मूल्यवान 500 कंपनियों की लिस्ट में टॉप 10 महिला नियोक्ताओं में भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने पहला स्थान हासिल किया है। कंपनी में करीब 35% यानी 2.1 लाख महिला कर्मचारी हैं। लिस्ट में शामिल 500 में से 410 कंपनियों ने अपने बोर्ड में महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। इन कंपनियों ने पिछले एक साल में 3.9 लाख नई नौकरियां दी हैं। इनमें पहले से ही 11.6 लाख महिलाएं काम कर रही हैं। आईटी प्रमुख इंफोसिस में 1,24,498 महिलाएं काम करती हैं। विप्रो में 88,946 और एचसीएल टेक्नोलॉजीस में 62,780 महिलाएं कार्यरत हैं। इन कंपनियों में 40%, 36%, और 28% महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। मुकेश अंबानी की



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 17.25 लाख करोड़ रुपए वैल्यू के साथ देश की सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी के रूप में उभरी है। TCS देश की दूसरी और HDFC बैंक भारत की तीसरी सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी है। गौतम अडाणी की दो कंपनियां अडाणी टोटल गैस और अडाणी एंटरप्राइजेस इस लिस्ट में है। सरकारी कंपनियों की बात करें तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्वाधिक 14% ग्रोथ के साथ रैंकिंग में पहले स्थान पर रहा है। इसके साथ ही पॉलिसी बाजार, पेटीएम, जोमैटो और नाइका जैसे स्टार्टअप के मूल्यांकन में भी तगड़ी गिरावट आई है।

# न्यूज गैलरी

## ब्याज दरों में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है आरबीआई, बुधवार को होगा ऐलान

नई दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी के संकेतों और वृद्धि को बढ़ावा देने की जरूरत को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुधवार को अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में दरों में वृद्धि को लेकर नरम रुख अपना सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ब्याज दरों में लगातार तीन बार 0.50 प्रतिशत की वृद्धि करने के बाद अब केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज दरों में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो रही है। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा सात दिसंबर को की जाएगी। घरेलू कारकों के अलावा एमपीसी अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का अनुसरण कर सकती है जिसने इस महीने के अंत में दरों में कुछ कम वृद्धि करने के संकेत दिए हैं। रिजर्व बैंक ने इस वर्ष मई से प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि की है। हालांकि, इसके बावजूद मुद्रास्फीति जनवरी से ही छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, हमारा मानना है कि एमपीसी इस बार भी दरों में वृद्धि करेगी। हालांकि, यह वृद्धि 0.25 से 0.35 प्रतिशत तक ही होगी। ऐसा अनुमान है कि रेपो दर इस वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। इसका मतलब है कि फरवरी में रेपो दर में एक और वृद्धि देखने को मिलेगी।" आरबीआई मौद्रिक नीति तय करते वक्त उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर प्रमुख रूप से गौर करता है।

## पहली छमाही में राज्यों का सामूहिक पूंजीगत व्यय मात्र 2.2 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 18 राज्यों के पूंजीगत खर्च में सिर्फ 2.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, इस अवधि में इन राज्यों का सामूहिक राजस्व घाटा एक साल पहले की समान अवधि में घटकर एक-चौथाई रह गया है। इक्रा रेटिंग्स ने 18 बड़े राज्यों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर कहा कि इसका मतलब है कि 2022-23 के बजट लक्ष्य को पूरा करने के लिए इन राज्यों को दूसरी छमाही में पूंजीगत व्यय में 57 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। इन 18 राज्यों ने सामूहिक रूप से 6.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का बजट लक्ष्य रखा है। इक्रा रेटिंग्स ने कहा कि इन राज्यों ने चालू वित्त वर्ष में सामूहिक रूप से अभी तक सिर्फ 1.59 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह सालाना आधार पर सिर्फ 2.2 प्रतिशत की वृद्धि है। चालू वित्त वर्ष के पहले छह माह में इन राज्यों का राजस्व घाटा कम होकर 30,000 करोड़ रुपये रह गया है। जबकि राज्यों ने अपने बजट में ऊंची 37.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान दिया था। ऐसे में इस लक्ष्य को पाने के लिए इन राज्यों को दूसरी छमाही में पूंजीगत व्यय में बड़ी 57 प्रतिशत की वृद्धि करने की जरूरत होगी। नोट में जिन 18 राज्यों का जिक्र किया गया है उनमें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और प. बंगाल शामिल हैं।

## रिफंड समायोजन पर कर अधिकारियों को अब 21 दिन में करना होगा फैसला

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने बकाया कर के मुकाबले रिफंड को समायोजित करने के बारे में करदाताओं को राहत दी है। कर अधिकारियों को इस तरह के मामलों में अब 21 दिन में निर्णय करना होगा। इस फैसले से मुकदमेबाजी में कमी होगी। आयकर निदेशालय (प्रणाली) ने कहा कि मूल्यांकन अधिकारियों को फैसला करने के लिए दी गई 30 दिन की समयसीमा को घटाकर 21 दिन कर दिया गया है। एक बयान के मुताबिक, यदि करदाता समायोजन के लिए सहमत नहीं है या आंशिक रूप से सहमत है, तो मामले को केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) द्वारा तुरंत मूल्यांकन अधिकारी को भेजा जाएगा, जो 21 दिन के भीतर सीपीसी को अपनी राय देंगे कि समायोजन किया जा सकता है या नहीं। एएमआरजी एंड एसोसिएट के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि रिफंड के समायोजन से जुड़े कई मामलों में सीपीसी ने पाया कि मांग का गलत वर्गीकरण या मूल्यांकन अधिकारी की प्रतिक्रिया न मिलने के चलते रिफंड का गलत समायोजन हुआ। ऐसे में अनावश्यक मुकदमेबाजी हुई। उन्होंने कहा कि ताजा निर्देश के बाद करदाता की शिकायतों का जवाब 21 दिन में देना होगा।

### पद्म भूषण से सम्मानित हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, बोले-

## भारत मेरा एक हिस्सा है; मैं जहां भी जाता हूं इसे अपने साथ ले जाता हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के उएड सुंदर पिचाई को पद्म भूषण से नवाजा गया है। ये सम्मान उन्हें अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने दिया। उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री कैटेगरी में 2022 के लिए पद्म भूषण दिया गया। सम्मानित होने पर पिचाई ने कहा- भारत मेरा एक हिस्सा है। मैं जहां भी जाता हूं, इसे अपने साथ ले जाता हूं। विगत शुक्रवार को सैन फ्रांसिस्को में परिवार के करीबी सदस्यों की उपस्थिति में पुरस्कार प्राप्त किया। पिचाई ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू से पुरस्कार स्वीकार करते हुए कहा कि मैं इस अपार सम्मान के लिए भारत सरकार और भारत के लोगों का बहुत आभारी हूं। सुंदर पिचाई साल 2019 से गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट के उएड हैं। सुंदर पिचाई साल 2014 में गूगल के हेड बने थे। 50 साल के पिचाई का जन्म तमिलनाडु के मदुरै में 10 जून, 1972 को हुआ था। सुंदर पिचाई तमिलनाडु के चेन्नई में पले-बढ़े हैं और आईआईटी से पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने स्टैनफोर्ड यूनवर्सिटी से



मास्टर्स किया और फिर व्हॉर्टन स्कूल से एमबीए किया है। 2004 में उन्होंने गूगल में नौकरी शुरू की थी। पद्म भूषण भारत का तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार है। इससे पहले भारत रत्न और पद्म विभूषण का नंबर आता है। इसकी शुरूआत 1954 में हुई थी। यह अवॉर्ड हर साल प्रधानमंत्री द्वारा चयनित पद्म पुरस्कार समिति द्वारा दिया जाता है। नॉमिनेशन की प्रक्रिया सभी लोगों के लिए खुली है और यहां आकर अपना नॉमिनेशन खुद किया जा सकता है। पद्म पुरस्कार साल 1954 में स्थापित किए गए थे और हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर साल घोषित किए जाते हैं। केंद्र सरकार ने इस साल जनवरी में पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया।

## सरकार का कोल इंडिया को निर्देश, गैर-कार्यकारी कार्यबल के वेतन समझौते को जल्द पूरा करें

**नयी दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कोल इंडिया को निर्देश दिया है कि वह अपने गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के साथ वेतन समझौते को जल्द से जल्द पूरा करे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी लंबित मुद्दों को सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह इस मुद्दे पर मजदूर संघों को हड़ताल पर नहीं जाने देंगे। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के कुल कार्यबल में गैर-कार्यकारी कर्मचारियों का हिस्सा 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। जोशी ने पीटीआई-भाषा को बताया, आमतौर पर समझौता कोल इंडिया और मजदूर संघों के बीच होता है... मैंने प्रबंधन (कोल इंडिया) से कहा है कि उनके साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखें और उनके साथ बैठक कर इस मुद्दे को सुलझाएं। मैं चाहता हूं कि जो भी मुद्दे लंबित हैं।

# रूस ने क्रूड ऑयल पर 60 डॉलर प्रति बैरल के प्राइस कैप को मानने से इनकार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रूस ने क्रूड ऑयल पर 60 डॉलर प्रति बैरल के प्राइस कैप को मानने से इनकार कर दिया है। हाल ही में यूरोपियन यूनियन (एव), द ग्रुप ऑफ सेवन नेशन और ऑस्ट्रेलिया ने रूसी क्रूड ऑयल पर यह प्राइस कैप लगाया था। रूसी रिपोर्ट अनुसार, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, 'हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इस तरह के कैप के लिए कुछ तैयारियां की गई थीं। हम प्राइस कैप को स्वीकार नहीं करेंगे और हम मूल्यांकन खत्म होने के बाद आपको सूचित करेंगे कि किस तरह से इस काम को आगे बढ़ाया जाएगा। यूक्रेन पर हमले के बाद से ही पश्चिमी देश रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा चुके हैं। अब वो रूस के ऑयल पर प्राइस कैप लगाकर उसकी फाइनेंशियल कंडीशन को कमजोर करना चाहते हैं। रूस को अपने ऑयल के एक्सपोर्ट से बड़े पैमाने पर रेवेन्यू मिलता है। रूस के ऑयल पर प्राइस कैप सोमवार (5 दिसंबर) से लागू हो जाएगा। पश्चिमी देशों की सरकारें रूस के तेल निर्यात की कीमत को सीमित करने पर सहमत हुई हैं। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूसी ऑयल पर लगाए गए प्राइस कैप को कम ही बताया है। इस प्राइस कैप के बाद भारत को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत का रूस से ऑयल खरीदना अमेरिका को रास नहीं आ रहा है। कुछ दिनों पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसकी आलोचना भी की थी, लेकिन भारत ने रूस से ऑयल का इम्पोर्ट बंद नहीं किया है।



**◆पश्चिमी देशों की सरकारें रूस के तेल निर्यात की कीमत को सीमित करने पर सहमत हुई हैं। हालांकि, यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूसी ऑयल पर लगाए गए प्राइस कैप को कम ही बताया है।**

## विशेषज्ञों की राय, रेपो दर में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि करेगा रिजर्व बैंक

**नयी दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी के संकेतों और वृद्धि को बढ़ावा देने की जरूरत को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुधवार को अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में दरों में वृद्धि को लेकर नरम रुख अपना सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ब्याज दरों में लगातार तीन बार 0.50 प्रतिशत की वृद्धि करने के बाद अब केंद्रीय बैंक इस बार ब्याज दरों में 0.25 से 0.35 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक सोमवार से शुरू हो रही है। तीन दिन की बैठक के नतीजों की घोषणा सात दिसंबर को की जाएगी। घरेलू कारकों के अलावा एमपीसी अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व का अनुसरण कर सकती है जिसने इस महीने के अंत में दरों में कुछ कम वृद्धि करने के संकेत दिए हैं। रिजर्व बैंक ने इस वर्ष मई से प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि की है। हालांकि, इसके बावजूद मुद्रास्फीति जनवरी से ही छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ह्यह्यहमारा मानना है कि एमपीसी इस बार भी दरों में वृद्धि करेगी। हालांकि, यह वृद्धि 0.25 से 0.35 प्रतिशत तक ही होगी। ऐसा अनुमान है कि रेपो दर इस वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी।

# आरबीआई की बैठक और विधानसभा चुनाव नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई (एजेंसी)।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने के संकेत और चीन में विरोध के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद में 63 हजार अंक के नये शिखर पर पहुंचा घरेलू शेयर बाजार। मुनाफावसूली का शिकार होने के बावजूद बीते सप्ताह 0.92 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में कामयाब रहा और अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के साथ ही विधानसभा चुनाव के नतीजों पर उसकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 574.86 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 62868.50 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक अर्थात 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाकर 18696.10 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और



### सुस्त बाजारों में आ रही है सुधार

**विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह निफ्टी, सेंसेक्स और बैंक निफ्टी सभी नई ऊंचाई पर पहुंचे लेकिन ऊंचे भाव पर कुछ मुनाफावसूली भी हुई। घरेलू शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और अब वैश्विक संकेत भी साथ दे रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि सुस्त व्यापक बाजार में सुधार होने शुरू हो गये हैं। वैश्विक संकेतों से अस्थिरता बनी रहती है।**

छोटी कंपनियों में तेजी रही, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 726.02 अंक यानी 2.84 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 26321.65 अंक और स्मॉलकैप 710.1 अंक अर्थात 2.43 प्रतिशत की उड़ान भरकर 29911.73 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह निफ्टी, सेंसेक्स और बैंक निफ्टी सभी नई ऊंचाई पर पहुंचे लेकिन ऊंचे भाव पर कुछ मुनाफावसूली भी हुई। घरेलू शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और अब वैश्विक संकेत भी साथ दे रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि सुस्त व्यापक बाजार में सुधार होने शुरू हो गये हैं। वैश्विक संकेतों से अस्थिरता बनी रहती है लेकिन अगले सप्ताह बाजार का ध्यान आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा और राज्यों के चुनाव परिणामों जैसे घरेलू संकेतों पर केंद्रित होगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक के परिणाम 07 दिसंबर को आने हैं। वहीं, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे 08 दिसंबर को आएंगे। अगले सप्ताह इन कारकों का असर बाजार पर दिखाई देगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स में तेजी से गिरावट आई है और बाजार यहां से उनकी चाल पर नजर रखेंगे। भारत को कच्चे तेल की कम कीमतों का भी लाभ मिल रहा है, जो डॉलर सूचकांक में गिरावट के बावजूद नहीं बढ़ा।

## घरेलू मोटे अनाज की ब्रांडिंग, प्रचार के लिए भारतीय मिशनों को शामिल किया जाएगा

**नयी दिल्ली।** घरेलू मोटे अनाज की ब्रांडिंग, प्रचार और संभावित वैश्विक खरीदारों की खोज के लिए भारतीय मिशनों की मदद ली जाएगी। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कवायद भारतीय मोटे अनाजों (मिलेट) को बढ़ावा देने के लिए सरकार की मजबूत रणनीति का हिस्सा है। मंत्रालय सोमवार को 'मिलेट स्मार्ट न्यूट्रिटिव कॉन्क्लेव' का आयोजन कर रहा है, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला के सभी हितधारक भाग ले रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल यहां इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। बयान में कहा गया कि विदेश में मोटे अनाज की ब्रांडिंग और प्रचार, तथा वैश्विक खरीदारों को आकर्षित करने के प्रयासों में भारतीय मिशनों को शामिल किया जाएगा। इन खरीदारों में अंतरराष्ट्रीय शेफ, डिपार्टमेंटल स्टोर, सुपरमार्केट और हाइपरमार्केट शामिल हैं।

### 165 साल पहले शुरू हुआ था बिरला का सफर, आज 36 देशों में है कारोबार

# मार्केट कैप 2.76 लाख करोड़ तक पहुंचा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज के दौर में बड़े बिजनेस ग्रुप के बारे में सोचने पर हमारे दिमाग में अडाणी और अंबानी का नाम आता है। लेकिन एक वो भी दौर था जब बिजनेस का सोचने से पहले ही टाटा-बिरला का नाम सामने आ जाता था। बिरला हमारे देश के सबसे पुराने बिजनेस एम्पायर्स में से एक रहा है। आज बिरला समूह का सबसे बड़ा और चर्चित हिस्सा है आदित्य बिरला ग्रुप। राजस्थान में जन्मे सेठ शिवनारायण ने 1857 में गृह जनपद पिलानी में ही बिरला कारोबार की नींव रखी। कारोबार बढ़ा तो साल 1863 में मुंबई आए और कॉटन ट्रेडिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उनके बेटे बाल देवदास बिरला ने कोलकाता में अपना बिजनेस सेटअप लगाया। बाल देवदास के चार बेटे थे। जेडी बिरला, आरडी बिरला, जीडी बिरला और बीएम बिरला। 1986 तक सारे बिरला साथ रहे और एक साथ बिजनेस किया, मगर इसी साल बिरला ग्रुप ने कारोबार का बंटवारा किया और बिजनेस का सबसे बड़ा हिस्सा मिला जीडी बिरला के बेटे आदित्य बिरला के परिवार को। फिलहाल यही आदित्य बिरला परिवार 8 फैशन लाइफस्टाइल ब्रांड में निवेश को लेकर चर्चा में हैं। जीडी बिरला ने अपने ससुर एम. सोमानी की मदद से बिजनेस को आगे बढ़ाने और एक नई शुरूआत देने का फैसला लिया। 1980 में पहली बार ग्रासिम इंडस्ट्रीज और इंडियन रेयॉन के लिए अल्ट्राटेक ने एक सीमेंट प्लांट की नींव रखी थी। इसके बाद 1998 में ग्रासिम और इंडियन रेयॉन का मर्जर हो गया और 2001 में ग्रासिम द्वारा L&T के 10% स्टेक खरीदने के बाद 2004 में पूरी तरीके से अल्ट्राटेक का अधिग्रहण कर लिया।



### जीडी बिरला को सच्चा देश भक्त माना जाता था

वह इंडिया के ऐसे बिजनेसमैन थे, जिन्हें सच्चा देशभक्त भी माना जाता था। वह विदेशी वस्तुओं के खिलाफ थे। स्वतंत्रता संग्राम के वक्त उन्होंने महात्मा गांधी के आंदोलन को फंड मुहैया कराया था। आज 75 सालों के बाद यह 96 हजार करोड़ रुपए रेवेन्यू देने वाली कंपनी बन गई है। साथ ही देश में यह विस्कोस रेयॉन फाइबर का सबसे बड़ी निर्यातक है, जिसका निर्यात 50 से अधिक देशों में होता है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष में अबतक आठ नई परियोजनाएं शुरू कीं: पिरोजशा गोदरेज

**नयी दिल्ली।** आवास क्षेत्र की मजबूत मांग से उत्साहित गोदरेज प्रॉपर्टीज भावी परियोजनाओं के विकास के लिए जमीन अधिग्रहण सौदों को तेजी से अंजाम दे रही है तथा चालू वित्त वर्ष में उसने 16,500 करोड़ रुपये के अनुमानित राजस्व वाली आठ नई परियोजनाएं जोड़ी हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, चालू वित्त वर्ष में हमने 16,500 करोड़ रुपये की परियोजनाएं जोड़ी हैं और पूरे साल के लिए 15,000 करोड़ रुपये का जो लक्ष्य हमने तय किया था उसे पहले ही पार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2023-23 के अंत तक कंपनी लक्ष्य से कहीं आगे निकल चुकी होगी। इस वर्ष फरवरी में पिरोजशा ने अगले 12 से 18 महीने के भीतर करीब 7,500 करोड़ रुपये का निवेश अधिग्रहण और नई परियोजनाओं के विकास के लिए करने की योजना बताई थी।

### स्टॉक मार्केट में रिलायंस को बीते सप्ताह हुआ सबसे अधिक फायदा

# अडानी ग्रुप की कंपनी का भी मार्केट कैप बढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,15,837 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 की सूची में सिर्फ एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 574.86 अंक या 0.92 प्रतिशत के लाभ में रहा। विगत बुधवार को सेंसेक्स पहली बार 63,000 अंक के स्तर के पार बंद हुआ था। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 71,462.28 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,41,994.48 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 18,491.28 करोड़ रुपये बढ़कर 6,14,488.60 करोड़ रुपये रहा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 18,441.62 करोड़ रुपये बढ़कर 12,58,439.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस का मूल्यांकन 3,303.5 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,89,515.09 करोड़ रुपये रहा। अडानी एंटरप्राइजेज की बाजार हैसियत भी 2,063.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,47,045.74 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 1,140.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,72,234.92 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 845.21 करोड़ रुपये बढ़कर 6,49,207.46 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत भी 89.25 करोड़ रुपये बढ़कर 5,42,214.79 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।



सम्पादक की कलम से...

# अस्पताल के भवन हो रहे बेकार

**झारखंड** राज्य के कई जिलों में मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिए भवनों का निर्माण तेजी से किया गया, लेकिन चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा संसाधन की व्यवस्था नहीं की गयी। इसके कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। पलामू जिला की बात करें तो यहां करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीणों को बेहतर सुविधा नहीं मिल पा रही है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ है, लेकिन भवनों का उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिले के सतबरवा प्रखंड मुख्यालय में वर्ष 2008 में आठ करोड़ रुपये की लागत से 50 बेड का अस्पताल बनाया गया था। लेकिन 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी सुविधा बहाल नहीं हो पायी है। वहीं, चैनपुर प्रखंड के रामपुर व शाहपुर में उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण वर्ष 2016 में लगभग 30-30 लाख से हुआ है, लेकिन छह वर्ष बाद भी स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल नहीं हो पायी है। इस तरह की स्थिति राज्य के लगभग सभी जिलों की है। लातेहार जिले में दो करोड़ से भवन व आईसीयू का निर्माण हुआ, लेकिन संचालन के लिए चिकित्सक और एक्सपर्ट ही नहीं हैं। महुआडांड़ प्रखंड के बरदीनी गांव में दो करोड़ से तीन वर्ष पूर्व उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना हुई, लेकिन चालू नहीं हो सका। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों खर्च कर नये-नये भवन का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन डॉक्टरों की कमी नहीं पूरी की जा रही है। इससे लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोहरदगा जिले में 63 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन 35 डॉक्टर ही कार्यरत हैं। वहीं, 28 डॉक्टरों के पद रिक्त पड़े हैं। पैथोलॉजी, फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ व एनस्थेटिक का दो-दो पद स्वीकृत है, लेकिन यहां एक भी डॉक्टर नहीं है। 100 बेड वाले सदर अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए कई आधुनिक उपकरण स्थापित किये गये हैं। यहां डिजिटल एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, डायलिसिस, ईसीजी की सुविधा उपलब्ध है। गुमला जिला के 12 प्रखंडों के 89 गांवों में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (ग्रामीण अस्पताल) की स्थापना हुई है। ये सभी सेंटर आयुष्मान भारत योजना के तहत बने हैं। सेंटर तो स्थापित कर दिया गया, लेकिन कोई पांच तो कोई तीन साल से बंद है। कई भवनों का तो आज तक ताला नहीं खुला है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सेंटर चालू हो जाता तो इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। भवन बंद रहने से नर्स भी पेड़ के नीचे या फिर पुराने जर्जर भवन में बैठती हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि 242 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन किया जाना है। फिलहाल 89 केंद्र का संचालन हो रहा है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों की बहाली की प्रक्रिया जारी है। विभाग की कई योजनाएं अधूरी है। जहां आबादी ज्यादा नहीं है, वहां अस्पतालों के भवन बना दिये गये हैं। इससे चिकित्सकों और मैनपावर की कमी है। आधुनिक मशीनों को वहां स्थापित करने में परेशानी हो रही है।

## आज का इतिहास

**1992 :** रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की गई। इसका गठन विशेष रूप से सांप्रदायिक दंगों से सहानुभूति पूर्वक और विशेषज्ञतापूर्वक निबटने के लिए हुआ था।
**2011 :** लाइबेरिया की राष्ट्रपति एलेन जानसन सरलीफ, महिला अधिकार कार्यकर्ता लीमेह जीबोई तथा यमन की तवाकुल करमान को शांति के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
**1723 :** बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम्र में फिलाडेल्फिया पहुंचे।
**1862 :** भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ।
**1873 :** आयरलैंड में काउंटी कार्लो फुटबॉल क्लब (रग्बी यूनियन) की स्थापना की गई।
**1762 :** ब्रिटिश सैनिकों ने मनीला, फिलीपींस पर कब्जा कर लिया।
**1870 :** रोम को एकीकृत इटली की राजधानी बनाया गया।
**2000 :** जापान में मानव क्लोनिंग दंडनीय अपराध घोषित हुआ।
**1903 :** ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय में पहली बार कामकाज की शुरूआत हुई।
**1952 :** चंडीगढ़ को पंजाब की राजधानी बनाया गया।
**1959 :** तत्कालीन सोवियत रूस के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।
**1499 :** फ्रांस के राजा लुईस ने मिलान पर कब्जा किया।
**1977 :** तत्कालीन सोवियत रूस ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।
**1978 :** भारत के मशहूर तेज गेंदबाज जहीर खान का जन्म हुआ।
**1987 :** सिख राष्ट्रवादियों ने भारत से खलिस्तान की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1884 :** संयुक्त राज्य अमेरिका नौसेना वार कॉलेज न्यूपोर्ट रोड आइलैंड में स्थापित किया गया।
**1912 :** अमेरिकी सेना ने निकारागुआन शहर लेओन पर कब्जा किया।
**1927 :** डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत से सजी पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' रिलीज हुई।

# काशी व तमिलनाडु के बीच सदियों पुराना संबंध है

सतत स्थापित करता रहा है। बनारस में यह प्रक्रिया युगों से आगे बढ़ा रही है। ऐसा ही एक पहलू यह भी है कि काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराना संबंध है, जिसे इन दिनों काशी-तमिल संगमम में मनाया जा रहा है, जिसे भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 17 नवंबर से 16 दिसंबर, 2022 तक आयोजित किया जा रहा है। इस महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा था - संगमों का हमारे देश में अत्यधिक महत्त्व है, वह संगम चाहे नदियों का हो या ज्ञान और विचारों का। यह संगमम भारत की वैविध्यपूर्ण संस्कृतियों का उत्सव है। यह विभिन्न राज्यों के समान सांस्कृतिक संबंधों की खोज और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को बढ़ाने के लिए दिशा प्रदान करता है। इन दो धाराओं के सम्बन्ध पांड्यों के प्राचीन काल से लेकर काशी के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में से एक बीएचयू की नींव तक रहे है। और वर्तमान में दोनों के बीच संबंध, शिक्षा की आदरणीय पीठ के रूप में सजीव हैं। गुरुवार रवींद्रनाथ टैगोर ने एक बार कहा था, 'यदि ईश्वर की इच्छा होती, तो सभी भारतीय एक ही भाषा बोलते... भारत की शक्ति अनेकता में एकता रही है और हमेशा रहेगी।' देश में आज 19500 से अधिक भाषा -बोलियाँ बोली जाती हैं, जिनमें काशी और तमिलनाडु दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं-संस्कृत और तमिल के केंद्र रहे हैं। सुब्रमण्यम भारती जैसे दिग्गज काशी में रहे, उन्होंने संस्कृत और हिंदी सीखी और स्थानीय संस्कृति को समृद्ध किया और तमिल में व्याख्यान दिये। विभिन्न जीवंत परंपराओं के इस तरह के आत्मसात करने से ही भारत सांस्कृतिक लोकाचार की विशेषता वाले समकालिक संपूर्णता को बनाये रखने में सक्षम रहा है। भारतीय सभ्यता के इतिहास में काशी और तमिलनाडु दोनों को, ज्ञान - अन्वेषण, एक जीवंत भाषाई परंपरा के विकास और आध्यात्मिकता के प्रसार में उनके योगदान के लिए उच्च स्थान प्राप्त है। 15वीं शताब्दी में, शिवकाशी की स्थापना करने वाले राजवंश के वंशज राजा अधिवीर पांडियन ने दक्षिण-पश्चिमी तमिलनाडु के तेनकासी में उन भक्तों के लिए शिव मंदिर बनवाया, जो काशी की यात्रा नहीं कर सकते थे। उसके बाद, 17 वीं शताब्दी में तिरुनेलवेली में पैदा हुए श्रद्धेय संत कुमारगुरुपारा ने काशी पर कविताओं की व्याकरणिक रचना 'काशी कलमबकम' लिखी और कुमारस्वामी मठ की स्थापना की। इस आदान-प्रदान ने न केवल दो क्षेत्रों के लोगों को अलग-अलग रीति-रिवाजों से परिचित कराया, बल्कि इसने परंपराओं के बीच की सीमाओं को इतना सहज और गतिशील बना दिया, जिससे वे एक - दूसरे में समाहित होते थे। काशी और तमिलनाडु दोनों महत्वपूर्ण मंदिरों के शहरों के रूप में उभरे हैं, जिनमे काशी का विश्वनाथ मंदिर और रामनाथस्वामी मंदिर जैसे सबसे शानदार मंदिर शामिल हैं। प्रसिद्ध लेखक और व्यवसायी एस.एम.एल. लक्ष्मण चेट्टियार (1921-1986) का जन्म शिवगंगा में हुआ था और उन्होंने काशी से लेकर रामेश्वरम तक के भारत के प्रमुख मंदिरों पर लगभग 20 कुंभाभिषेकम संस्करणों का संकलन किया था। यह महत्वपूर्ण कार्य वर्षों की व्यापक यात्रा और अन्य क्षेत्रों की परंपराओं को आत्मसात करने के बाद संभव हो पाया। 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक ओर परंपराओं और दूसरी ओर वैज्ञानिक विकास को साथ रख कर सीखने का परिवेश निर्मित करती है। इस नीति में स्वदेशी ज्ञान मजबूती से निहित है जो वैश्विक प्रगति के साथ तालमेल रखता है। काशी और तमिलनाडु के बीच के संबंध सभी क्षेत्रों में फैले हुए हैं और उनके बीच सक्रिय अकादमिक, साहित्यिक और कलात्मक संवाद का इतिहास रहा है। जहां काशी ने पंडित परम्परा को स्थापित किया, वहीं तमिलनाडु ने तमिल इलक्कियापरंबराई (तमिल साहित्यिक परंपरा) का उदय देखा। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में महान वैज्ञानिक सीवी रमन जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे और भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसके कुलपति थे। काशी और चेन्नई दोनों को यूनेस्को द्वारा 'संगीत के सृजनात्मक शहरों' के रूप में मान्यता दी गई है और इस शानदार संबंध को इस रूप में देखा जा सकता है कि महान गायक, अभिनेत्री और भारत रत्न से सम्मानित एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी ने काशी की प्रसिद्ध हिंदुस्तानी गायिका सिद्धेश्वरी देवी से संगीत सीखा था। किसी स्थान की संस्कृति का सबसे अच्छा अध्ययन और उसकी सौंदर्य परंपराओं द्वारा परिभाषित किया जा सकता है और इन दोनों स्थानों ने साझा कला और साहित्य के समृद्ध कोष को संरक्षित और पोषित किया है। प्राचीन काल से ही समाजों का उद्भव और विकास नदियों के आसपास हुआ है। परिवहन, व्यापार और वाणिज्य हो या फिर कविता;, सभी क्षेत्रों में नदियाँ केंद्र में रही हैं। काशी और तमिलनाडु दो सबसे संपन्न नदियों, गंगा और कावेरी, जिसे दक्षिण गंगा भी कहते हैं; के कारण से विशिष्ट हैं। इन नदियों के तट के समाज में उन नदियों की पवित्रता समाहित है और इनमें एक प्रकार की सांस्कृतिक और दार्शनिक एकता प्रदर्शित होती है। इसने न केवल उनका सामाजिक-आर्थिक उत्थान हुआ बल्कि इसके परिणामस्वरूप कला और साहित्य के प्रमुख कार्य भी हुए हैं। जब हमें विरासत में इस तरह का जीवंत इतिहास और जुड़ाव मिला हो तो इसका संरक्षण सर्वोपरि हो जाता है। यह अनिवार्य है कि इस साझा विरासत का ज्ञान युवा पीढ़ी को दिया जाए और उन्हें भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत लोकाचार के बारे में एक दृष्टिकोण प्रदान किया जाए। महात्मा गांधी ने ठीक ही कहा था, ₹विविधता में एकता को पाने की हमारी क्षमता ही हमारी सभ्यता की सुंदरता और परीक्षा होगी।' काशी-तमिल संगमम इसी आदर्श को प्राप्त करने का एक प्रयास है। यह देश के दो सिरों, उत्तर और दक्षिण के मिलन का प्रतीक है। यह एक ऐसा स्थान है जहां छात्र, शिक्षक, सभी क्षेत्रों के पेशेवर, और संस्कृति और विरासत के विशेषज्ञ एक साथ आते हैं और इस साझा विरासत के सार को जीवित रखने का प्रयास करते हैं और नए मार्ग बनाने के लिए प्रयास करते हैं। यह साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, संगीत वगैरह और किताबों के अनुवाद पर तमिलनाडु से आए मेहमानों के लिए सेमिनार और काशी, अयोध्या और प्रयागराज के दौरों के माध्यम से किया जा रहा है। दोनों शहरों की कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत को ध्यान में रखते हुए, कार्यक्रमों में भरतनाट्यम और लोक नृत्य प्रदर्शन, कला-संस्कृति पर प्रदर्शनियां, संगीत और किताबें और दक्षिण भारतीय भोजन और तमिल फिल्मों पर आधारित त्योहार भी शामिल हैं। भारत की पहचान सदियों से चली आ रही काशी-तमिल की तरह समागमों को आत्मसात करने की क्षमता का परिणाम है और ऐसे हजारों सूत्र हैं जो इसे आज की तरह महत्वपूर्ण सम्मिलन का निर्माण करते हैं।

15वीं शताब्दी में, शिवकाशी की स्थापना करने वाले राजवंश के वंशज राजा अधिवीर पांडियन ने दक्षिण-पश्चिमी तमिलनाडु के तेनकासी में उन भक्तों के लिए शिव मंदिर बनवाया, जो काशी की यात्रा नहीं कर सकते थे। उसके बाद, 17 वीं शताब्दी में तिरुनेलवेली में पैदा हुए श्रद्धेय संत कुमारगुरुपारा ने काशी पर कविताओं की व्याकरणिक रचना 'काशी कलमबकम' लिखी और कुमारस्वामी मठ की स्थापना की। इस आदान-प्रदान ने न केवल दो क्षेत्रों के लोगों को अलग-अलग रीति-रिवाजों से परिचित कराया, बल्कि इसने परंपराओं के बीच की सीमाओं को इतना सहज और गतिशील बना दिया, जिससे वे एक - दूसरे में समाहित होते थे। काशी और तमिलनाडु दोनों महत्वपूर्ण मंदिरों के शहरों के रूप में उभरे हैं, जिनमे काशी का विश्वनाथ मंदिर और रामनाथस्वामी मंदिर जैसे सबसे शानदार मंदिर शामिल हैं। प्रसिद्ध लेखक और व्यवसायी एस.एम.एल. लक्ष्मण चेट्टियार (1921-1986) का जन्म शिवगंगा में हुआ था और उन्होंने काशी से लेकर रामेश्वरम तक के भारत के प्रमुख मंदिरों पर लगभग 20 कुंभाभिषेकम संस्करणों का संकलन किया था।

**■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

तत्पश्चात यशोवतीने विस्मयमें पड़ी एकावलीके पास जाकर प्रसन्नतापूर्वक मधुर वाणीमें उससे कहा- हे सखि इधर आओ। कालकेतुके साथ भीषण युद्ध करके धीरतासम्पन्न राजकुमार एकवीरने उस राक्षसको मार गिराया है। इस समय वे राजकुमार एकवीर चक जानेके कारण अपने शिविरमें विद्यमान हैं। तुम्हारे रूप तथा गुणोंके विषयमें सुनकर वे तुम्हारा दर्शन करना चाहते हैं। हे कुटिलापांगि! कामदेवसदृश उन राजकुमारको तुम देखो। मैं उनसे तुम्हारे विषय में गंगातटपर पहले ही बता चुकी हूँ। इससे तुम्हारे प्रति उनका पूर्ण अनुराग हो जानेके कारण वे विरहातुर राजकुमार अब तुझ सुन्दर रूपवालीका दर्शन करना चाहते हैं ॥ 48-52 ॥

यशोवतीकी बात सुनकर उसने वहाँ जानेका मन बना लिया। कुमारी अवस्थामें होनेके कारण वह भयवश लज्जित हो रही थी। [ वह सोचने लगी] मैं एक अत्यन्त विवश कुमारी कन्या उनका मुख कैसे देखूँगी ? वह साध्वी एकावली इस बातसे चिन्तित हो उठी कि वे कामासक्त राजकुमार मुझे ग्रहण कर लेंगे। तब वह एकावली मलिन वस्त्र धारण करके अत्यन्त उदास होकर पालकीमें बैठकर यशोवतीके साथ उनके शिविरमें पहुँच गयी ॥ 53-55 ॥

उस विशाल नयनोंवाली एकावलीको वहाँ आयी हुई देखकर राजकुमारने उससे कहा- हे तन्वंगि! मुझे दर्शन दो। मेरे नेत्र तुम्हारे दर्शनके लिये तृष्णाकुल हैं ॥ 56 ॥

एकवीरको कामातुर तथा एकावलीको लज्जासे युक्त देखकर नीतिका ज्ञान रखनेवाली तथा श्रेष्ठजनोंक` मार्गका अनुसरण करनेवाली यशोवतीने उस एकवीरसे कहा- हे राजकुमार ! इसके पिता भी इसे आपको ही देना चाहते हैं। यह एकावली भी आपके वशीभूत है; इसलिये इसके साथ आपका मिलन अवश्य होगा, । किंतु हे राजेन्द्र ! कुछ समय प्रतीक्षा करके पहले इसे` इसके पिताके पास पहुँचा दीजिये। वे विधिपूर्वक विवाह करके इसे आपको निश्चितरूपसे सौंप देंगे ॥ 57-59 ॥

यशोवतीकी बातको उचित मानकर उन दोनों`कन्याओं- एकावली तथा यशोवतीको साथमें लेकर सेनासहित वे राजकुमार एकवीर उसके पिताके स्थानपर पहुँचे ॥ 60 ॥

- क्रमशः

# मौन की महिमा

मौन का तात्पर्य महज चुप्पी नहीं होता, जैसा कि आमतौर पर लोग समझते हैं। मौन का संबंध हमारे भीतर से होता है, जबकि चुप्पी बाहर घटित होती है। मौन और चुप्पी में वही अंतर होता है, जो फूल और उसकी सुगंध में होता है। मौन की साधना करने का मतलब भीतर की यात्रा करना होता है। जाहिर है, जिसने जीवन भर बोलने का अभ्यास किया हो, यानी बाहर की यात्राएं की हों, उसके लिए मौन की साधना करना यानी भीतर की यात्रा अंतर्यात्रा पर चलना अत्यंत कठिन होता है। लेकिन अगर अभ्यास से धीरे-धीरे मौन सधने लगे, यानी व्यक्ति भीतर उतरने लगे तो उसे अद्भुत अनुभव होने लगते हैं। प्रतीक रूप में एक स्मृति प्रासंगिक है। एक परिचित वर्षों से रविवार को साप्ताहिक मौन-व्रत रखते आ रहे हैं। हालांकि मौन व्रती होकर वे कुछ बोलते तो नहीं, लेकिन उनके शेष सारे क्रिया-कलाप और आचरण पूर्ववत ही रहते हैं, यथा खाना-पीना, सोना-जागना, उठना-बैठना, घूमना-फिरना, हंसना-मुस्कराना, दुखी और क्रोधित होना आदि। दिलचस्प यह है कि रविवार को उनके दुखी और क्रोधित होने का कार्यक्रम सामान्य दिनों की अपेक्षा कुछ अधिक ही लंबा चलता है, जिसके दो प्रमुख कारण है। पहला यह कि उस दिन विद्यालय में छुट्टी रहने के कारण बच्चे घर पर ही रहते हैं और उनके लिए 'परेशानियां' खड़ी करते रहते हैं। दूसरा कि चुप रहने के कारण उनकी सारी भड़ास भीतर ही दबी रह जाती है। हालांकि वे अपनी भड़ास निकालने के लिए अनेक प्रकार के प्रयोग करते रहते हैं, जिनमें चेहरे की भाव-भंगिमा एवं देहभाषा का उपयोग यथा आंखें तरेरना और हाथों को हवा में लहराते हुए क्रोध प्रकट करना आदि शामिल होता है। वे विशेष रूप से सामने वाले को कागज की पर्चियां थमाकर लिखित रूप में भी अपना क्रोध प्रकट करते रहते हैं। यही कारण है कि उस दिन वे पर्चियों का एक बंडल और कलम हमेशा साथ रखते हैं। बहरहाल, उनका साप्ताहिक मौन-व्रत और उससे जुड़ी अनेक कहानियां, जुमले और चुटकुले आदि अब तक लोक-प्रसिद्ध हो चुके हैं। यहां तक कि उनकी जान-पहचान वालों ने अब तक उनके कई उपनाम भी रख दिये हैं, मसलन ढोंगी, ठग, नौटंकीबाज, अंधविश्वासी आदि। कुछ रिश्तेदार बदनामी के भय से उनसे दूरी बनाकर रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी को लगता है कि वे मौन का व्रत सिर्फ घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों से बचने के लिए रखते हैं। पता नहीं, इन बातों में कितनी सच्चाई है, लेकिन एक बात से तो उनके परिवार वाले, मित्र और रिश्तेदार सभी सहमत रहते हैं कि रविवार की चुप्पी की भरपाई वे अक्सर सोमवार को बोल-बोलकर करते हैं। हमारी संस्कृति में मौन की बड़ी महिमा है। कहते हैं कि मौन में समाधान मुखर होता है। इसलिए मौन में जीवन के गूढ़तम प्रश्नों का हल निकालना संभव होता है। अगर कोई ऐसी समस्या हो जिसका समाधान लंबे समय से नहीं हो पा रहा हो तो मौन मार्ग दिखा सकता है। यही कारण है कि अध्यात्म जगत में मौन के बिना आगे की यात्रा संभव नहीं हो पाती, क्योंकि मौन ही वह साधन है, जिसके माध्यम से अध्यात्म के शिखर तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रश्न है कि मौन को साधा कैसे जाये, क्योंकि मौन को साधना कोई सरल कार्य नहीं है। यह मौन दरअसल आध्यात्मिक साधकों के लिए जितना आवश्यक है, उतना ही कठिन भी है। इसकी कठिनाई का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि आरंभिक चरणों मौन की साधना करने वाला यानी चुप रहने वाला व्यक्ति अपने भीतर में इतना अधिक बोलने लगता है कि उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी यही स्मरण रखना हो जाती है कि वह मौन की साधना कर रहा है कि उसे कुछ बोलना नहीं है। इस प्रकार धीरे-धीरे 'कुछ बोलना नहीं है' को याद रखना ही उसका मुख्य काम हो जाता है। नतीजतन, मौन उससे छूट जाता है और वह बरबस ही बोल पड़ता है। ओशो ने इस संदर्भ में एक बड़ी ही रोचक सूफी कहानी कही है, जिसके मुताबिक, एक गुरु ने अपने चार शिष्यों को मौन की साधना करने के लिए कहा। चारों शिष्य अपनी इबादतगाह में बैठकर मौन की साधना करने लगे। शाम का समय था। वहां कार्य करने वाला व्यक्ति उधर से गुजरा ही था कि पहला मौनव्रती बोल उठा- 'जरा दीया जला दे भाई! सांझ हो आई है। पहले के बोलते ही दूसरे शिष्य ने कहा कि तुमने तो मौनव्रत तोड़ दिया।' इस पर तीसरे शिष्य ने कहा- 'अरे! तुम भी बोल गये। ये क्या कर रहे हो तुम लोग भाई?' तभी चौथे शिष्य ने मुस्कराकर कहा- 'तुम सब बोल गये एक मैं ही असली साधक हूं, जो अब तक चुप हूं।' जाहिर है कि मौन की साधना करना मनुष्य के लिए अत्यंत कठिन कार्य होता है।

**■ चेतनादित्य आलोक**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# भविष्य के लिए पानी बचायें

जल ही जीवन है ,जल है तो कल है' भविष्य के लिए पानी बचाएं' लेकिन पानी की बर्वादी उतना ही हो रहा है। शहर के सप्लाई नल का टोटी टूटने से प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी की बर्बाद हो रही है। वार्डों में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों की टोटी टूटी है या फिर पूरा नल ही गायब है। लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर या फिर अन्य जुगाड़ से काम चला रहे हैं। यदि इसी तरह से पानी की बबार्दी जारी रही तो आने वाले समय में शहर में गंभीर पेयजल संकट हो सकता है। शहर के 35 वार्डों में लगे अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं हैं। जिसकी वजह से प्रतिदिन सुबह से शाम तक हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह जाता है। इस ओर न तो निगम ध्यान दे रहा है और न ही शहरवासी। पानी बचाव के लिए कई मुहावरे जो हर रोज शासन-प्रशासन आम आदमी तक पहुंचाता है। यह सभी वाक्य हर रोज व्यक्ति किसी न किसी प्रकार देख व सुन रहा है, लेकिन इनका पालन न ही जिला प्रशासन कर रहा है और न ही आम नागरिक। मोहल्लों के टूटे नलों को देखकर जाना जा सकता है कि इन मुहावरे का कितना असर लोगों पर हो रहा है। इसके लिए शासन की तरफ से न तो पहल की गई और न ही लोगों को जागरुक करने को कोई अभियान चलाया गया। मोहल्ले में लगे नलों की टोटी टूटने के बाद ना तो उन्हें सुधारा गया और न ही इसकी लोगों ने कभी शिकायत निगम व संबंधित विभाग से की है। वार्डों के अधिकतर नलों में पाइप नहीं होने से लोग प्लास्टिक पाइप लगाकर काम चला रहे हैं। इससे पानी व्यर्थ बहने से आसपास पानी का जमाव होता है जो कि धीरे-धीरे बीमारियों का कारण बनता है।

**■ राम नरेश , मेदिनीनगर।**

# संक्रमण से जंग में जागरूकता की जरूरत

भारत में एड्स के प्रसार में आज भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता और जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकतर लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से एचआइवी परीक्षण कराने से कतराते हैं। एचआइवी संक्रमित व्यक्ति की पहचान होने पर उसके साथ किया जाने वाला व्यवहार भी चिंतनीय और निंदनीय है। अस्सी के दशक में जब दुनिया ने पहली बार एड्स नामक बीमारी का सामना किया, तब किसी ने नहीं सोचा था कि आने वाले दशकों में यह एक जानलेवा बीमारी के रूप में उभर जायेगी। कुछ वर्षों तक इसे समलैंगिकों की बीमारी माना जाता रहा और फिर इसे असुरक्षित यौन संबंधों से पैदा होने वाला रोग माना गया। मगर बाद के वर्षों में वैज्ञानिक शोधों से पता चला कि यह जानलेवा बीमारी असुरक्षित यौन संबंधों के अलावा एचआइवी ('मन इम्युनो डेफिशिएंसी वायरस) संक्रमित रक्त उत्पाद, संक्रमित सुई, संक्रमित मां से बच्चे में तथा कुछ अन्य कारणों से भी फैलती है। हालांकि अब एड्स संबंधी भ्रांतियों को लेकर सरकारों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाये गये अभियान के चलते धीरे-धीरे इसके मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की जाने लगी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अब तक एचआइवी संक्रमण की दर में छियालीस फीसद से ज्यादा की कमी आई है, जबकि इस संक्रमण की वजह से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी पच्चीस फीसद से ज्यादा कम हुआ है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) के आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एचआइवी से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या पिछले दस वर्षों में काफी कम हुई है। नाको के मुताबिक 2011-12 में असुरक्षित यौन संबंधों के कारण एचआइवी संक्रमित लोगों की संख्या 2.4 लाख थी, जबकि 2020-21 में यह घट कर 85268 रह गई। फिर भी एड्स संक्रमण के मामले में तस्वीर अभी काफी चिंताजनक है। नाको के ही आंकड़ों में बताया गया है कि 2011-2021 के बीच भारत में असुरक्षित यौन संबंधों के कारण 17 लाख 8 हजार 777 लोग एचआइवी से संक्रमित हुए। 2020 तक देश में 81,430 बच्चों सहित एचआइवी पीड़ित लोगों की कुल संख्या 23,18,737 थी। जांच संबंधी आंकड़ों के मुताबिक 2011-12 से 2020-21 के बीच रक्त और रक्त उत्पाद के जरिए 15,782 लोग एचआइवी से पीड़ित हुए, जबकि मांओं के जरिये 4,423 बच्चों में यह बीमारी फैली। देश में भले एचआइवी संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है, लेकिन भारत को 'पूर्णतः एड्स मुक्त' होने में अभी काफी समय लगेगा, क्योंकि अब भी देश में करीब पच्चीस लाख लोग एड्स से प्रभावित हैं और यह आंकड़ा विश्व में एड्स प्रभावित लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर है। यूनीसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 3.7 करोड़ से ज्यादा लोग एचआइवी संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें सर्वाधिक संख्या किशोरों की है और इनमें से सबसे ज्यादा किशोर दुनिया के छह देशों दक्षिण अफ्रीका, नाइजीरिया, केन्या, मोजांबिक, तंजानिया तथा भारत में हैं। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के अनुमान के अनुसार भारत में एड्स के कारण अब तक डेढ़ लाख से भी ज्यादा बच्चे अनाथ हो चुके हैं और लाखों बच्चे एचआइवी के शिकार हैं। हालांकि एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) के प्रयोग में आने के बाद एड्स से मरने वालों की संख्या में कमी आई है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में करीब अस्सी फीसद मरीजों को ही अपने एचआइवी पाजिटिव होने की जानकारी है और उनमें से करीब साठ फीसद का इलाज ही एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी से हो रहा है। ऐसे में इस खतरनाक बीमारी के प्रसार का खतरा बरकरार है। हालांकि एचआइवी संक्रमण का पूर्ण इलाज भले अभी उपलब्ध नहीं है, मगर इसे निष्क्रिय करने के लिए एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी का सहारा लिया जाता है, जिससे एचआइवी मरीज सामान्य जिंदगी जी सकता है।

**■ योगेश कुमार गोयल**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सेहत के लिए फायदेमंद है अंजीर इससे कैसे कम हो सकेगा वजन!



**बदलते जीवनशैली में हम तनाव और वजन बढ़ने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं। ऐसे में अपने खानपान का सही तरह से ध्यान न देना और इसे लेकर लापरवाही करना बढ़ते वजन के प्रमूख कारणों में से एक बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कई बार लोग तनाव में ज्यादा खाना खाने लगते हैं तो कुछ ऐसे भी लोग है जो दिन में काफी कम खाना खाते हैं। इससे उनके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता है और वो देखने में तंदुरुस्त लगते हैं, लेकिन अंदर से उनका शरीर धीरे-धीरे खोला होने लगता है। इससे कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्या भी शुरू होने लगती है।**

वजन कम करने के लिए अंजीर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे एक बेहतरीन ड्राई फ्रूट माना जाता है, इससे कई तरह की हेल्दी ड्रिंक्स भी बनाई जाती हैं।

बदलते जीवनशैली में हम तनाव और वजन बढ़ने की समस्या से ज्यादा परेशान हैं। ऐसे में अपने खानपान का सही तरह से ध्यान न देना और इसे लेकर लापरवाही करना बढ़ते वजन के प्रमूख कारणों में से एक बन चुका है। चिकित्सकों के अनुसार कई बार लोग तनाव में ज्यादा खाना खाने लगते हैं तो कुछ ऐसे भी लोग है जो दिन में काफी कम खाना खाते हैं। इससे उनके शरीर को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता है और वो देखने में तंदुरुस्त लगते हैं, लेकिन अंदर से उनका शरीर धीरे-धीरे खोला होने लगता है। इससे कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्या भी शुरू होने लगती है। वहीं, अगर आपका भी वजन बढ़ गया है और आप सोच रहे हैं कि ज्यादा एक्सरसाइज या कम खाना खाकर इसे कम कर लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। इससे आपको सिर्फ कमजोरी ही महसूस हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि आप ऐसे आहार का सेवन करें जो आपका वजन कम करने में मदद करें और आप किसी तरह की कमजोरी भी महसूस न करें। आज हम आपको एक ऐसी चीज के ही बारे में बताने जा रहे हैं जिसके सेवन से आप अपने बढ़ते वजन को काबू कर सकते हैं। वजन कम करने के लिए अंजीर का सेवन करना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में इसे अपनी डाइट में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसे एक बेहतरीन ड्राई फ्रूट माना जाता है, इससे कई तरह की हेल्दी ड्रिंक्स भी बनाई जाती हैं। आज हम आपको अंजीर की खूबियां बताने के साथ-साथ इसका किस तरह की ड्रिंक्स बनाकर सेवन किया जा सकता है उसके बारे में बताने जा रहे हैं।

## वजन घटाने में है कारगर

अंजीर में काफी मात्रा में मिनरल्स, फाइबर और कई विटामिन पाए जाते हैं। साथ ही इसमें ओमेगा-3 और 6 जैसे अच्छे फैटी एसिड मौजूद होते हैं। वजन कम करने, वजन बढ़ाने, कब्ज की समस्या, सेहतमंद दिल और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचने के लिए भी इसका सेवन किया जा सकता है। स्वाद में मीठे अंजीर का सेवन करने से पेट भरा हुआ रहता है और बार-बार कुछ खाने का मन भी नहीं करता है। ऐसे में इससे वजन कम करना बेहद आसान हो जाता है।

## अपनी डाइट में शामिल करें अंजीर

अंजीर थोड़ा कम मीठा और संतोषजनक ड्राइट फ्रूट माना जाता है। ऐसे में ये वजन कम करने के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। इसे आप अपने ब्रेकफास्ट या लंच में शामिल करके हाई फाइबर युक्त आहार का सेवन कर सकते हैं। ब्रेकफास्ट में एक कटोरी चोकर या आप जो भी खा रहे हैं उसमें अंजीर के टुकड़ें को काटकर सेवन कर सकते हैं। आप चाहें तो लंच में कच्ची अंजीर के छोटे-छोटे टुकड़े कर सलाद में मिलाकर सेवन कर सकते हैं।

## अंजीर से ऐसे बनायें हेल्दी ड्रिंक्स

अंजीर मिल्कशेक- वजन कम करने के लिए अंजीर मिल्कशेक काफी मददगार साबित हो सकता है। इस बनाने के लिए आप एक गिलास दूध में दो अंजीर और कुछ अन्य ड्राइ फ्रूट्स डालें। अब इसे मिक्सी में शेक बना लें। इसका सेवन करने से आप अपना पेट भरा हुआ महसूस करेंगे, साथ ही वजन घटने में भी आपको मदद मिल सकेगी।

**बादाम अंजीर शेक :** बादम और अंजीर के शेक में ओमेगा 3, ओमेगा 7 और पोटेशियम समेत कई मिनरल्स मौजूद होते हैं। इसका सेवन वर्कआउट के बाद करने से शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। साथ ही ये वजन कम करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

अंजीर ड्रिंक- दूध में किशमिश, बादाम, अंजीर और नींबू को एक साथ मिलाकर अंजीर ड्रिंक तैयार कर सकते हैं। इसमें आप मीठे का स्वाद लाने के लिए शहद भी मिला सकते है। अंजीर ड्रिंक का सेवन करक आप अपने बढ़ते वजन को आसानी से कम कर सकते हैं।

❖ **सिमरन सिंह**

## काव्य कोना

### धरणी का ऋणी

सोने चाँदी चुनने वाले,
हीरा मोती चुनाकरों,
धरणी का ऋणी,
सुखी पत्ती मुरझाये फूल चुना करूँ।

पुर्णिमा की ज्योत्स्ना,
शशिधर का शशधर
धरणी का ऋणी,
संजो कर रखूँ पास इन्हें।

रवि की ज्योत,
भोर का लालित्य,
धरणी का ऋणी ,
छोड़ यूँ ही व्यर्थ न जाने दूँ।

सौम्य जीवनदायिनी त्रिपथ गामनी,
शीतल निर्मल सतत प्रबाह,
धरणी का ऋणी,
कैसै क्यूँ कर बिसराऊँ।

याद मनु और ईला की,
श्रद्धा के संग,
धरणी का ऋणी,
जल प्रलय की गौरव गाथा दोहराऊँ।

अर्द्धनारीश्वर,
पिनाकी भव भूतनाथ भूतेश,
धरणी का ऋणी,
सँजो के रखूँ तुम्हारी सौम्यता।

झंझावात की आवाज,
शंकर का तांडव,
नटराज का ओज,
माँगू नटराज मैं,
तुम और तुम से
सौम्यता सभ्यता अक्षुद्रता का वरदान,
फिर एक वार,
धरणी का ऋणी।

❖ **नाग मणि**

# आपके आस-पास भी हो सकते हैं पार्किसंस के रोगी, इस रोग के लक्षण व उपचार

पार्किसंस की बीमारी में ब्रेन की नसें खराब होने लगती है या न्यूरॉन्स नष्ट होने लगते हैं। न्यूरॉन्स के द्वारा डोपामाइन रसायन का उत्पादन किया जाता है। डोपाइन केमिकल के द्वारा ही दिमाग शरीर के अंगो को संचालित करता है। ज्यादातर 60 साल से अधिक उम्र के लोग इस बीमारी का शिकार होते हैं। पार्किसंस की बीमारी में ब्रेन के किसी हिस्से की नसें खराब होने लगती है या न्यूरॉन्स नष्ट होने लगते हैं। न्यूरॉन्स के द्वारा डोपामाइन रसायन का उत्पादन किया जाता है। डोपाइन केमिकल के द्वारा ही दिमाग शरीर के अंगो को संचालित करता है। ज्यादातर 60 साल से अधिक उम्र के लोग इस बीमारी का शिकार होते हैं। लेकिन जेनेटिक कारणों से कम उम्र के लोग भी इस बीमारी का शिकार हो जाते हैं। अगर आप भी बढ़ती उम्र के साथ हाथ पैरों के सुन्न हो जाने, सोचने समझने में परेशानी, नींद ना आना, मसल्स की कमजोरी जैसी समस्याओं से परेशान हैं तो यह लेख आपके लिए ही है।



## क्या है पार्किसंस की बीमारी

**पार्किसंस की बीमारी :** पार्किसंस एक न्यूरोडिजेनरेटिव डिसऑर्डर है। यह दिमाग के उस हिस्से को प्रभावित करता है जिससे द्वारा हमारा शरीर गति करता है। शुरू में इसके लक्षण बहुत ही मामूली से होते हैं जिन्हे अक्सर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन समय के साथ इस बीमारी का असर बढ़ जाता है और डेली रूटीन के हर काम पर इसका असर देखने को मिलता है। आप अपने सोचने समझने की शक्ति खोने लगते हैं। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किसंस ने 1817 में शोध के द्वारा इस बीमारी का पता लगाया था और इसे शेकिंग पाल्सी का नाम दिया। बाद में उनके नाम पर इस बीमारी का नाम पार्किसंस रखा गया।

**बोलने में परेशानी :** पार्किसंस की बीमारी बढ़ने पर आपको बोलने में परेशानी होने लगती है। आप बहुत से शब्दों का ठीक से उच्चारण नहीं कर पाते हैं।

**हाथ-पैरों में कम्पन :** हाथ-पैरों में कम्पन इस बीमारी के शुरूआती लक्षण है। यदि आप काम नहीं कर रहें है फिर भी आपके हाथ कांपते रहते हैं तो आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**चलने-फिरने में परेशानी :** पार्किसंस में मरीज को चलने में दिक्कत होती है। शरीर पर संतुलन नहीं रह जाता है। मरीज पैरों को घसीटते हुए चलता है।

**अन्य लक्षण :** नींद ना आना, सुघने की क्षमता कम होना या खत्म हो जाना, भुलने की समस्या हो जाती है। हर समय असुरक्षा की भावना और तनाव, पसीना ज्यादा आना, हर समय थकान रहना
लार निकलना, पलकों का कम झपकना, खाना चबाने में परेशानी, ब्लैडर पर कंट्रोल नहीं कर पाना।

**कैसे पता करें पार्किसंस का :** अगर आपमें पार्किसंस के कोई भी लक्षण है तो आप डॉक्टर की सलाह ले सकते हैं। इन सभी टेस्ट के द्वारा इस बीमारी का पता लगाया जा सकता है।

**सीटी स्कैन, MRI, DNA टेस्ट , ब्लड टेस्ट , PET स्कैन।**

**पार्किसंस का इलाज :** अभी तक पार्किसंस का कोई सटीक उपचार नहीं है कुछ थेरेपी की सहायता से कुछ हद तक इस बीमारी के लक्षणों को दूर किया किया जा सकता है। जैसे स्टेम सेल्स थेरेपी की सहायता से इस बीमारी को दूर किया जा सकता है।

# काली गाजर के सेवन से इन बीमारियों को दूर करें



काली गाजर को आप चाहे कच्चा खाएं या हलवा बनाकर यह बहुत फायदेमंद होता है। यह आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ने नहीं देता है। इसका जूस पीना भी लाभदायक है। रात को भोजन के समय आप काली गाजर का जूस पी सकते हैं। सर्दियों में ढेर सारी सब्जियां मिलती हैं, जो आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। खासतौर पर गाजर, लेकिन क्या आप जानते हैं कि लाल गाजर के साथ ही काली गाजर भी सेहत के लिए बहुत अच्छी होती है और आपको कई बीमारियों से बचाती है। काली गाजर में एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है सूजन खत्म करने में मददगार है। इसके अलावा इसमें फाइबर, पोटैशियम, विटामिन-ए, विटामिन-सी, मैंगनीज, विटामिन-बी जैसे कई पोषक तत्व होते हैं।

**काली गाजर के स्वास्थ्य लाभ :** हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक, सर्दियों में इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने और स्वस्थ रहने के लिए काली गाजर का सेवन जरूर करना चाहिए। इससे आपको कई फायदे होते हैं।

**कोलेस्ट्राल लेवल नियंत्रित रहता है :** काली गाजर को आप चाहे कच्चा खाएं या हलवा बनाकर यह बहुत फायदेमंद होता है। यह आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को बढ़ने नहीं देता है। इसका जूस पीना भी लाभदायक है। रात को भोजन के समय आप काली गाजर का जूस पी सकते हैं। यह आपके दिल का भी ख्याल रखता है। इसमें एंथोसायनिन नामक तत्व भरपूर मात्रा में होता है, जो दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है। इससे जुड़े एक अध्ययन के मुताबिक, रोजाना 0.2 मिलीग्राम एंथोसायनिन के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

**ब्लड शुगर को कम करता है :** काली गाजर में पाया जाने वाला एंथोसायनिन दिल का ख्याल रखने के साथ ही ब्लड शुगर को भी कम करने में मददगार है। विशेषज्ञों के मुताबिक, काली गाजर का जूस पीने से हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर और ह्रदय की मांसपेशियों में जकड़न की समस्या को दूर होती है।

**कैंसर से लड़ने में मददगार :** हेल्थ एक्सपर्टेस के अनुसार, काली गाजर में पाए जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में भी मदद करता है। कई रिसर्च के अनुसार, महिलाओं को काली गाजर का सेवन जरूर करना चाहिए, क्योंकि इससे ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है।

**पाचन समस्याओं को करता है दूर :** यदि आपका पाचन ठीक नहीं रहता है या आपको पेट से जुड़ी दूसरी समस्याएं हैं, तो काली गाजर को अपनी डायट में जरूर शामिल करे। विशेषज्ञों के मुताबिक, फाइबर से भरपूर यह गाजर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। और आपको कब्ज, अपच जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**आंखों की रोशनी बढ़ती है :** आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए सिर्फ लाल ही नहीं काली गाजर का सेवन भी करें। यह आयरन से भरपूर होता है, जो आंखों की अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। यदि किसी को चश्मा लगा है तो इसके नियमित सेवन से चश्मे का नंबर भी कम हो सकता और आंखों की रोशनी बढ़ती है।

**चेहरे को चमकदार बनाता है :** हेल्थ एक्सपट्र्स के मुताबिक, काली गाजर खून साफ करके ब्लड फ्लो को बेहतर बनाता है जिससे त्वचा पर निखार आता है और दाग-धब्बे व पिपंल्स की समस्या दूर होती है। खून साफ करने के लिए आप नियमित रूप से काली गाजर का जूस भी पी सकते हैं।

❖ **कंचन सिंह**

# वक्रासन का अभ्यास करने से मिलते हैं ये लाभ



वक्रासन एक ऐसा योगासन है, जो आपके पाचन तंत्र को लाभ पहुंचाता है। अगर आपको कब्ज या पाचन तंत्र से जुड़ी अन्य समस्याएं रहती हैं तो ऐसे में आपको नियमित रूप से इसकाा अभ्यास करना चाहिए। आपको जल्द ही पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों से निजात मिल जाएगी। हेल्दी रहने के लिए लोग तरह-तरह के वर्कआउट करते हैं। लेकिन जो लोग बिगनर होते हैं, उनके लिए हैवी वर्कआउट करना या फिर जिम में जाने में समस्या होती है। ऐसे में योगासन करना यकीनन एक अच्छा विचार है। ऐसे कई योगासन होते हैं, जिनका अभ्यास करने से आप अपनी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। इन्हीं योगासनों में से एक है वक्रासन। यह एक ऐसा आसन है, जो आपके पाचन तंत्र को मजबूत करने से लेकर अतिरिक्त फैट बर्न करने में भी मदद करता है।

**पाचन तंत्र होता है दुरूस्त :** वक्रासन एक ऐसा योगासन है, जो आपके पाचन तंत्र को लाभ पहुंचाता है। अगर आपको कब्ज या पाचन तंत्र से जुड़ी अन्य समस्याएं रहती हैं तो ऐसे में आपको नियमित रूप से इसकाा अभ्यास करना चाहिए। आपको जल्द ही पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों से निजात मिल जाएगी।

**मेटाबॉलिज्म होता है मजबूत :** चूंकि वक्रासन का नियमित अभ्यास करने से आपका पाचन तंत्र दुरूस्त होने लगता है, इसलिए इस आसन का सकारात्मक प्रभाव आपके मेटाबॉलिज्म पर भी पड़ता है। खासतौर से, सुबह के समय अगर वक्रासन का अभ्यास किया जाता है तो इससे शरीर के टॉक्सिन्स बाहर निकलते हैं और इससे आपका मेटाबॉलिक रेट भी बेहतर होता है। यही कारण है कि वक्रासन का अभ्यास करने से आपका बढ़ा हुआ वजन भी धीरे-धीरे कम होने लगता है।

**बॉडी बनती है फ्लेक्सिबल :** वक्रासन का अभ्यास करना इसलिए भी लाभदायक माना जाता है क्योंकि यह आपके शरीर को अधिक फ्लेक्सिबल बनाता है। चूंकि इस आसन का अभ्यास करने से आपकी कमर ट्विस्ट होती है और इसलिए आपकी रीढ़ की हड्डी अधिक लचीली बनती है। इतना ही नहीं, इस आसन के अभ्यास से आपके गर्दन और कंधों को भी अधिक मजबूत मिलती है।

**मानसिक तनाव से मिलती है राहत :** वक्रासन का अभ्यास करना सिर्फ आपकी शारीरिक सेहत के लिए ही अच्छा नहीं माना जाता है, बल्कि इससे आपके मानसिक सेहत पर भी प्रभाव पड़ता है। जो लोग नियमित रूप से वक्रासन का अभ्यास करते हैं, उन्हें अपने तनाव को मैनेज करने में आसानी होती है और तनाव आप पर हावी नहीं होता है।

❖ **मिताली जैन**

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज यात्रा लाभदायक रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। कारोबार में वृद्धि संभव है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बुद्धि के कार्य करें।

**वृष राशि :** आज थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। सामाजिक मान-सम्मान प्राप्त होगा। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा।

**मिथुन राशि :** आज उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में अमन-चैन रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

**कर्क राशि :** आज कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। आर्थिक परेशानी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से आत्मसम्मान कम हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य पर खर्च होगा। लापरवाही न करें। कार्य करते समय चोट लग सकती है। गृहिणियां विशेष ध्यान रखें। जल्दबाजी से बचें। अकारण विवाद हो सकता है।

**कन्या राशि :** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क बनेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

**तुला राशि :** आज दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। विवाद से बचें। क्रोध न करें। कोई बड़ा काम तथा लंबी यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक राशि :** कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी के इच्छुक लोगों को जीवनसाथी मिलने के योग हैं। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेशादि सोच-समझकर करें।

**धनु राशि :** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

**मकर राशि :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। वाणी में हंसी-मजाक समय व स्थिति को देखकर करें। शोक समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी।

**कुंभ राशि :** आज नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। बेरोजगारी दूर होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यापार निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे।

**मीन राशि :** आज शैक्षणिक व शोध इत्यादि रचनात्मक कार्य के परिणाम सुखद मिलेंगे। किसी मांगलिक व आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### मॉस्को क्षेत्र में इलेक्ट्रिक ट्रेन दुर्घटना में कई घायल

**मॉस्को (एजेंसी)।** रुस के मास्को क्षेत्र में अनियंत्रित क्रॉसिंग पर एक इलेक्ट्रिक ट्रेन और एक कार की टक्कर हो जाने से कई लोग घायल हो गये है। रुस के आपात मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा ने एक बयान में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि शनिवार को स्थानीय समयानुसार 01.47 बजे पुष्किनो शहरी जिले में जेलेनी बोर-इवान्तेयेवका खंड पर एक उपनगरीय इलेक्ट्रिक ट्रेन और एक कार के अनियंत्रित क्रॉसिंग पर टक्कर के बारे में एक संदेश प्राप्त हुआ। इसमें कई लोग घायल हैं। आपातकालीन अधिकारियों के अनुसार हादसे में घायल हुए लोगों की सही संख्या की पुष्टि की जा रही है। घटनास्थल पर बचाव दल के कम से कम 26 लोग और नौ यूनिट उपकरण काम कर रहे हैं।

### ईडी ने आंध्र प्रदेश के निजी अस्पताल में मारा छापा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन के कथित गबन को लेकर यहां एक निजी अस्पताल में छापा मारा और दोष साबित करने वाली सामग्री एकत्र की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। निदेशालय के अधिकारियों ने मंगलागिरि में एनआरआई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रशासनिक अधिकारियों सहित कुछ लोगों से भी पूछताछ की। अस्पताल ने इस छापेमारी के संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन निदेशालय के अधिकारियों ने कथित घोटाले को लेकर शुक्रवार और शनिवार को एक पूर्व निदेशक और पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी सहित अन्य लोगों से पूछताछ की। निदेशालय के अधिकारियों के चार दल नयी दिल्ली से यहां पहुंचे और छापेमारी अभियान 27 घंटे से अधिक समय तक चला। निदेशालय के दलों ने यह भी पाया कि 2020-21 में कोविड-19 रोगियों से अत्यधिक बिल के भुगतान के जरिये एकत्र की गयी बड़ी रकम को अस्पताल के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह राशि करीब 25 करोड़ रुपये हो सकती है।

### 42 वर्षीय महिला के घर में घुसकर किया गैंगरेप

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुंबई में 42 वर्षीय एक महिला से उसके घर में घुसकर तीन लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया है। साथ में आरोपियों ने उस पर धारदार हथियार से वार किया और उसके निजी अंगों को सिगरेट से दागा है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार तड़के कुर्ला में हुई। उन्होंने कहा कि आरोपी और पीड़िता एक ही इलाके में रहते हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने एक-एक कर के महिला के साथ बलात्कार किया।

## चीन में 21वीं सदी के सबसे ताकतवर 'तानाशाह' होंगे शी जिनपिंग!

# अमेरिका-भारत से जंग की तैयारी में चीन, 'चाकू प्लान' पर जुटी चीनी सेना

**बीजिंग (एजेंसी)।** दुनिया पर राज करने की मंशा रखने वाले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सेना ने अमेरिका, भारत, ताइवान से भविष्य में होनेवाली किसी भी जंग के लिए तैयारी तेज कर दी है। चीन जहां 1500 परमाणु बम और हाइपरसोनिक मिसाइलों का जखीरा तैयार कर रहा है, वहीं सेना पीएलए ने भी खुद को धारदार बनाने के लिए 'तेज चाकू' प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है। दरअसल, चीन की सेना ने अब नॉन कमीशन अधिकारियों पर अपना फोकस बढ़ा दिया है जो लंबे समय तक सेवा में रहेंगे। ये अधिकारी अत्याधुनिक प्रशिक्षण से लैस होंगे। इन अधिकारियों की यूनिट बहुत छोटी होगी और भविष्य के युद्धक्षेत्र में तेज चाकू की तरह से दुश्मन को काटती चली जाएगी।

- चीन 1500 परमाणु बम और हाइपरसोनिक मिसाइलों का विशाल जखीरा कर रहा है तैयार
- पीएलए ने भी खुद को धारदार बनाने के लिए 'तेज चाकू' प्लान पर काम करना कर दिया है शुरू



माना जा रहा है कि चीन ने यूक्रेन की जंग से यह सबक लिया है। चीनी सेना के अखबार पीएलए डेली ने कहा कि क्षेत्रीय युद्धों से सबक हासिल करते हुए चीनी सेना अब इस मिशन पर काम कर रही है। असल में चीन की सेना अपने मिशन 2050 के प्लान पर काम कर रही है। इसके तहत चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग का लक्ष्य साल 2050 तक चीन की सेना को 'विश्वस्तरीय' सेना बनाना है। जिनपिंग तीनों ही सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर हैं और वह कई बार कह चुके हैं कि पीएलए जंग के लिए खुद को तैयार करे। यही वजह है कि अब चीनी सेना नॉन कमिशन अधिकारियों पर फोकस कर रही है।

### आधुनिक युद्धकौशल अत्यंत प्रशिक्षित सैनिकों की लड़ाई

**साउथ** चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक ये अधिकारी ही भविष्य की जंग में चीनी सेना की रीढ़ होंगे। चीनी सेना छोटी और घातक सैन्य टुकड़ियों को बनाने पर ध्यान केंद्रित करने जा रही है। इस नियम को मार्च से ही लागू कर दिया गया है जिससे मध्य और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी लंबे समय तक सेवा में रहेंगे। इसकी शुरुआत भी स्प्रेटले द्वीप पर तैनात नौसैनिकों के सेवा काल को बढ़ाकर कर दिया गया है। चीन ने दक्षिण चीन सागर पर दबदबा कायम करने के लिए इस द्वीप को सैन्य किला बना दिया है। इन द्वीपों को लेकर दक्षिण पूर्वी एशिया के कई और देश दावा करते हैं। चीनी अखबार ने कहा कि हालिया क्षेत्रीय युद्धों से यह सबक मिला है कि गैर कमीशन प्राप्त अधिकारियों की भूमिका आधुनिक युद्धकौशल में बहुत ज्यादा हो गयी है। विश्लेषकों का कहना है कि चीन का इशारा यूक्रेन की सेना की ओर था जहां गैर कमीशन प्राप्त ज्यादा थे। यूक्रेनी सैनिकों ने सफलतापूर्वक हमलावर रूसी सैनिकों की बढ़त को रोक दिया। चीनी सेना के अखबार पीएलए डेली ने कहा, 'आधुनिक युद्धकौशल अत्यंत प्रशिक्षित सैनिकों की लड़ाई है।' यह कहा जाता है कि छोटी सैन्य यूनिट ने क्षेत्रीय युद्धों में तेजी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में गैर कमीशन प्राप्त अधिकारी भविष्य की जंग में 'तेज चाकू' की तरह से भूमिका निभायेंगे।

## हिमाचल-गुजरात और दिल्ली एमसीडी में खिलेगा 'कमल' : अनुराग ठाकुर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में हो रहे एमसीडी चुनावों को लेकर हिसार में कहा कि एमसीडी चुनाव, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में तीनों जगह कमल खिलेगा। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनेगी और एमसीडी में भी भाजपा की सरकार बनेगी। बता दें कि दिल्ली में नगर निगम चुनाव के लिए रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में मुख्य तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्ड के लिए हुए चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। चुनाव परिणाम राष्ट्रीय राजधानी से परे प्रभाव डाल सकते हैं। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ जो शाम साढ़े पांच समाप्त होगा। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली में 250 वार्ड में मतदान सुचारू रूप से सम्पन्न हो चुका है। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। शुरूआती मतदाताओं में 106 वर्षीय शांति बाला शामिल रहीं, जो पुलिसकर्मियों और अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से बाड़ा हिंदू राव इलाके में डिप्टीगंज मतदान केंद्र पहुंचीं। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे एमसीडी में एक ईमानदार और बेहतर शासन के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें।

## ईरान में नाबालिगों को भी मौत की सजा

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में जारी प्रदर्शनों को रोकने के लिए वहां की सरकार अब नाबालिगों को भी मौत की सजा सुना सकती है। 'द वॉशिंगटन पोस्ट' के मुताबिक ईरान ने सरकार विरोधी प्रदर्शनों में हिस्सा लेने के लिए तीन नाबालिगों को आरोपी ठहराया है। इन तीनों नाबालिगों को कई और लोगों के साथ मिलकर तेहरान में एक पुलिस ऑफिसर को मारने के जुर्म में ट्रायल पर रखा गया था। इन पर आरोप लगा था कि इन्होंने चाकू, पत्थरों और बॉक्सिंग गलव्ज से ईरान की बासिज पैरामिलिट्री फोर्स के सदस्य को मारा है। इसके बाद ईरान की रिवोल्यूशनरी कोर्ट ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, जिसमें मौत की सजा दी जाती है। जिस कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है वो राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को देखती है। तीनों नाबालिगों की तेहरान के कराज में बुधवार और गुरुवार को सुनवाई हुई। जिसमें जज ने कहा कि तीनों नाबालिग लड़कों पर लगे आरोपों का ट्रायल दूसरे अडल्ट लोगों के साथ किया जा सकता है।

ईरान के कानून के मुताबिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट को नाबालिगों का ट्रायल करने की अनुमति नहीं है। न्यूज एजेंसी मिजाव के मुताबिक ऐसा लिए हुआ क्योंकि सुनावाई करनेवाला जज क्रिमिनल और जुवेनाइल मामलों को हैंडल करने में सक्षम था। तीनों नाबालिगों के ट्रायल को एमनेस्टी इंटरनेशनल ने गलत बताया है। दरअसल, ईरान की हुकूमत पर बार-बार प्रदर्शनों को दबाने के लिए गलत तरीके अपनाने के आरोप लग रहे हैं।

## ईरान में जल्द खत्म होगा हिजाब कानून

### तीन महीने बाद हिजाब कानून पर झुकी ईरान सरकार



#### 50 से ज्यादा शहर सुलगे

**ईरान** में हिजाब के विरोध में सुलगी आग अब 50 से ज्यादा शहरों में फैल चुकी है। लोग सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रही महिलाएं और लड़कियां न तो हिजाब पहनने को तैयार हैं और ना ही बाल ढंकने को। इसके अलावा ये ढीली-ढाली ड्रेस पहनने के तानाशाही फरमान को मानने के मूड में भी नहीं दिख रही हैं।

**तेहरान (एजेंसी)।** तीन महीने पहले ईरान में सुलगी हिजाब विवाद की आग अब भी धधक रही है। हिजाब विवाद के चलते ईरान में पिछले तीन महीनों के दौरान करीब तीन सौ लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि, अब हिजाब विवाद को लेकर ईरान की सरकार झुकती नजर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान की सरकार अब हिजाब कानून पर विचार करने के लिए राजी हो गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ईरान की संसद और ज्यूडिशरी हिजाब को अनिवार्य बनाने वाले कानून की समीक्षा करने के लिए तैयार हो गए हैं। बता दें कि ईरान में हर एक महिला को हिजाब पहनना और अपना सिर ढंकना जरूरी है। इसी के विरोध में पिछले तीन महीने से वहां के हर एक शहर में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। हालांकि, लगतार बढ़ते विरोध को देखते हुए ईरान सरकार हिजाब कानून की समीक्षा करने को तैयार हो गई है।

#### क्या है हिजाब विवाद ?

**ईरान** एक शिया बहुल इस्लामिक राष्ट्र है, जहां सख्त धार्मिक कानून लागू है। इसके तहत महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबंध हैं। 1979 में हुई इस्लामी क्रांति से पहले ईरान की महिलाएं स्वतंत्र थीं। उन्हें बहुत हद तक बराबरी का दर्जा मिला हुआ था। लेकिन बाद में वहां कट्टर इस्लामिक शरिया कानून लागू कर दिया गया। इसके तहत सार्वजनिक जगहों पर भी लोगों के व्यवहार पर नजर रखी जाती है और इस्लाम के कानूनों के खिलाफ जाने पर लोगों को सख्त से सख्ता सजा दी जाती है। ईरान के शरिया कानून के मुताबिक, महिलाओं को बाल ढंकने और ढीले-ढाले कपड़े पहनने के लिए मना किया जाता है।

## बोरवेल की खुदाई में मिले 18 सोने के सिक्के



**अमरावती (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी के खेत में बोरवेल की खुदाई में 18 सोने के सिक्के मिले। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना एड्डुवाडाला पालेम गांव की है। खेत मनुकोंडा सत्यनारायण नाम के व्यक्ति का है। खेत में बोरवेल की पाइप लाइन की खुदाई के दौरान मिट्टी के एक घड़े से सिक्के मिले हैं। सत्यनारायण ने सिक्के मिलते ही इसकी जानकारी तहसीलदार को दी। तहसीलदार पी. नागमणि ने बताया कि जानकारी मिलते ही वह खेत पर पहुंची। ग्रामीणों की मौजूदगी में खेत मालिक का बयान लिया और घड़े समेत सोने के सिक्के जब्त किये। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण के खेत से 61 ग्राम के सोने के कुल 18 सिक्के मिले हैं। सिक्कों को जिला कलक्टर के कार्यालय में सौंपकर ट्रेजरी में जमा करा दिया जायेगा। साथ ही इसकी जानकारी आर्कोलॉजी डिपार्टमेंट को दे दी गयी है।

## नासा ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक लगाया सोलर एरे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर सफलतापूर्वक एक नया सोलर एरे (आईरोसा) लगाया है। नासा ने ट्वीट किया कि अंतरिक्ष यात्री जोश कसैडा और फ्रैंक रूबियो ने अंतरक्षि केंद्र के तारे की आकृति वाले एक बोर्ड पर यह नया सोलर एरे लगाया। इन लोगों ने सोलर पैनल की 75 प्रतिशत कीसंचालन क्षमता बहाल करने के लिए एक केबल को अलग कर दिया। दोनों अंतरिक्ष यात्री कसाडा और रूबियो स्टेशन के बाहर अंतरिक्ष में गये और लगभग सात घंटे तक अपने काम को लेकर बाहर ही नये। अंतरक्षित केंद्र पर लगायी गयी नयी सोलर एरे यूनिट ड्रैगन अंतरिक्षयान की मदद से 28 नवम्बर को अंतरिक्ष में भेजी गयी थी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगे पुराने सोलर एरे की क्षमता में आयी कमी के बाद से ही नासा इनको अपग्रेड करने में मदद कर हा है। इस नये अपग्रेडेशन की अनुमानित कीमत 103 मिलियन डॉलर है और इस नये सिस्टम की मदद से 215 किलोवाट बिजली पैदा की जा सकेगी।




## जुड़वां बहनों की एक ही लड़के से शादी, दूल्हे पर केस दर्ज

### जुड़वां बहनों के पिता की मौत के बाद करीब आया अतुल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सोलापुर में जुड़वां बहनों ने एक ही लड़के से शादी कर ली। मालशिरस में यह शादी हुई। दोनों बहनें आईटी इंजीनियर हैं। वो बचपन से ही दोस्तों की तरह रहीं और आगे भी साथ रहना चाहती हैं। दोनों ने अतुल नाम के लड़के से शादी का फैसला किया। इस शादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोग पूछ रहे हैं, क्या यह शादी कानूनी तौर पर जायज है? फिलहाल, पुलिस ने दूल्हे के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अतुल का मुंबई में ट्रैवल एजेंसी का बिजनेस है। मूल रूप से वह मालशिरस तालुका का रहनेवाला है। पिंकी और रिंकी के पिता की कुछ दिन पहले मौत हो गयी थी। इसके बाद से दोनों बहनें मां के साथ मालशिरस तालुका में आकर रहने लगीं।




**पिता** की मौत के बाद से बहनों की मां भी बीमार रहने लगीं। कुछ दिनों पहले उनकी मां की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उस दौरान अतुल ने उनकी मां को अस्पताल ले जाने में मदद की। फिर धीरे-धीरे अतुल, पिंकी और रिंकी के करीब आ गया। अब तीनों ने परिवार की सहमति से शादी कर ली है। इनकी शादी का वीडियो वायरल हुआ तो ही एक शख्स ने पुलिस से शिकायत की। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और दूल्हे के खिलाफ धारा 494 के तहत केस दर्ज कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर अकलुज थाने में दूल्हे के विरूद्ध भादंसं की धारा 494 (पति या पत्नी के जीवित रहते फिर से शादी करना) के तहत असंज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, इस व्यक्ति ने 36 वर्षीय दो जुड़वा बहनों से शादी की, जो आईटी पेशेवर हैं। दूल्हा और दुल्हन के परिवार इस विचित्र शादी के लिए राजी हुए थे। ये दोनों लड़कियां कुछ दिनों पहले अपने पिता के गुजर जाने के बाद से अपनी मां के साथ रह रही थीं।



## न्यूज गैलरी

### श्री श्याम मन्दिर में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी श्रद्धा पूर्वक आयोजित



**रांची।** अग्रसेन पथ श्री श्याम मन्दिर में रविवार को मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी महापर्व अत्यंत भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न रंगों के गुलाब ,चमेली, गेंदा, रजनीगंधा, व तुलसी दल के गजरो से अत्यंत मनभावन सिंगार किया गया साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया। प्रातः से ही भक्तगण कटरबध्र हो श्री श्याम प्रभु का दिव्य दर्शन कर रहे थे। रात्रि 8 :30 बजे श्री श्याम प्रभु का पावन ज्योत प्रज्वलित की गई जिसमें भक्तगण मनोवांछित फल की कामना लिए पावन ज्योत में आहुति दे रहे थे । श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीत में संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। इत्यादि भजनों की लय पर भक्तगण श्री श्याम रस में डूबे रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान जैसे केसरिया पेड़ा, गाजर हलवा, तिलकुट, कलाकंद, मिल्क केक, रबड़ी, गुलाबजामुन विभिन्न प्रकार के फल एवम मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### राष्ट्रीय जनता दल का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार से की मुलाकात

रांची। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि रविवार को खूंटी जिला के तोरपा थाना के रोड़ो गांव में प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव द्वारा बनाई गई जांच कमिटी गांव पहुंची। जांच कमिटि के संयोजक प्रदेश के उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में दीपक नाथ शाहदेव, रामप्रवेश यादव सुनील मेहता, शहजादा खान, नरेश यादव,रंजित यादव नेताओं ने गांव पहुंच कर ग्रामीणों एवं हताहत हुए परिवार से मिलाकर जांच किया। जांच कमिटि को ग्रामीणों, एवं मृत परिवार के व्यक्तियों ने बताया की पुलिस के बर्बरता के कारण निजामुद्दीन की मौत हुई है, इसके लिए पुलिस जवाब देह है। संदेह के आधार पर पुलिस कुछ जांच करने निजामुद्दीन के घर गई थी तीन दरवाजा तोड़ कर पुलिस उनके घर के अंदर घुसी, पुलिस के बर्बरता के कारण डर से निजामुद्दीन की मौत हो गई और जांच करने पर घर से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ। पुलिस के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई इसकी पूर्ण जवाबदही पुलिस की है। जांच कमिटि ने कहा कि दोषी पुलिस पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और सरकार मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा दें। इसकी विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को भी यथा शीघ्र सौंपेंगे।

### हाथी से गांव की सुरक्षा के लिए लोगों को किया जागरूक

रांची। प्रखंड के बारेंदा पंचायत सचिवालय में प्रमुख विक्टोरिया देवी की अध्यक्षता में सोनाहातू पूर्वी के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों को हाथी से गांव की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। वनपाल दिलीप मुंडा ने ग्रामीणों को हाथी से गांव की सुरक्षा के साथ हाथी भगाने के लिए आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने गांव की वन समिति को सक्रिय करने के साथ जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। हाथी मित्र तापस कर्मकार ने ग्रामीणों को हाथी के प्रति सकारात्मक सोच रखने को कहा। उन्होंने फसल नष्ट होने पर मुआवजा प्रक्रिया की जानकारी दी। समाजसेवी निशिकांत गंझू ने वन विभाग से मुआवजा राशि बढ़ाने की अपील की। वहीं धान और सब्जी के लिए अलग-अलग राशि तय करने की मांग की। मौके पर वनपाल मुकेश कुमार, उप प्रमुख सविता देवी, मुखिया सुभद्रा देवी, तुलसी महतो, मलखान महतो, जीवन महतो, देवपाल, धर्मेंद्र और सोनू सहित ग्रामप्रधान मौजूद थे।

### विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा ने मशाल जुलूस निकाला

# सदान आयोग का गठन करे सरकार : राजेन्द्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पिछड़ी जातियों की जनगणना, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, स्थिति व मूलवासी सदान आयोग का गठन करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में रविवार को जयपाल सिंह स्टेडियम रांची से विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में रांची,बुंडू, होचर, कांके, बेड़ो, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा आदि जगहों से मोर्चा के लोग शामिल थे। जुलूस में पिछड़ी जातियों को 36 आरक्षण देने, ओबीसी की जातीय जनगणना कराने, उनकी आर्थिक राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कराने, सदान आयोग का अविलंब गठन करने, पिछड़ों,सदानों, दलितों की जो बात करेगा , वही झारखण्ड में राज्य करेगा की मांग के समर्थन मे नारे लगा रहे थे। मशाल जुलूस अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचने के बाद सभा में तब्दील हो गई। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन पिछड़ी जाति, जनजाति व मूलवासी सदान अपने अधिकार के लिए आज भी संघर्षरत और आंदोलित है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों का जब तक जाति जनगणना और सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण सरकार नहीं कराती है तब तक कानूनी अड़चन के कारण पिछड़ी जातियों को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछड़ी जातियों को 27% आरक्षण देने की सराहनीय पहल की है लेकिन जब तक सर्वेक्षण नहीं होगा, इसका कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की आबादी 55% है ऐसे में ओबीसी को 27% आरक्षण देना नाइंसाफी है। जिसे ध्यान में रखते हुए राज्य की 55% आबादी वाली पिछड़ी जातियों को झारखण्ड में कम से कम 36% या सरकार चाहे तो पिछड़ों को 50% तक आरक्षण दे इस संबंध में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसकी अनुशंसा सरकार से की है तो फिर 55% वाले ओबीसी को 36% आरक्षण क्यों नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि आयोग की अनुशंसा की अवहेलना आखिर क्यों की जा रही है। प्रसाद ने कहा कि बिना देर किए पिछड़ी जातियों की जातीय जनगणना के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, और शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण सरकार तुरन्त कराए।




> देश आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन पिछड़ी जाति, जनजाति व मूलवासी सदान अपने अधिकार के लिए आज भी संघर्षरत और आंदोलित है।

## पासपोर्ट के लंबित मामले को त्वरित निष्पादन के लिए थानेदार को वरीय पुलिस अधीक्षक ने दिया निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को रांची के नवीन पुलिस लाइन में स्थित व यूसी झा में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के तत्वाधान में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें लंबित पासपोर्ट के त्वरित निष्पादन के लिए रांची जिला पुलिस के सभी थानेदार/पुलिस निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पासपोर्ट वेरिफिकेशन मैं लगने वाले समय को कम करना था जिसके लिए एम पुलिस पासपोर्ट ऐप के बारे में सभी को जानकारी दी गई, जिसके माध्यम से पासपोर्ट ऑफिस संबंधित आवेदन को डायरेक्ट थाना को भेजा जाएगा और ऐप के माध्यम से वेरिफिकेशन कर 15 दिनों के अंदर पासपोर्ट ऑफिस को वापस कर दिया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के साथ पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नौशाद आलम, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी सुश्री मनिता के (आईएफएस) के साथ पूरी टीम एवं डीएसपी एचक्यू 01, नीरज कुमार, डीएसपी साइबर यशोधरा, विभिन्न थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक सहित सार्जेंट मेजर अभिनव कुमार, सुबोध गुप्ता उपस्थित थे।

## झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। रविवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम ( 10 ) एवं अंधारो ग्राम ( 10 ) और आमशहरी ग्राम ( 10 ) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के नौवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के नौवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों को जो विगत आठ दिनों तक पढ़ाया का पुनर्विलोकन किया गया तथा लाभुकों द्वारा चार्ट पेपर पर मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न चित्रों को प्रदर्शित किया गया एवं विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।



## पेंशन के लिए धरना देंगे बीएयू के सेवानिवृत्त शिक्षक

**रांची।** बीएयू पेंशनर्स कल्याण संघ की बैठक रविवार को आयोजित हुई। इसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों को बीते 16 नवंबर को संघ के शिष्टमंडल और कुलपति से हुई वार्ता से अवगत कराया गया। बताया गया कि सेवानिवृत्त शिक्षकों को नवंबर माह से पुनरीक्षित पेंशन भुगतान करने का निर्णय लिया गया था, जो अबतक नहीं हो सका। पुनरीक्षित पेंशन भुगतान का सरकारी आदेश है। पेंशन भुगतान के लिए राशि भी उपलब्ध है और पेंशन पुनरीक्षण भी हो चुका है। फिर भी पुनरीक्षित पेंशन का भुगतान नहीं हो रहा। सभी सेवानिवृत्त शिक्षक इससे क्षुब्ध हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस रवैये से आहत शिक्षकों ने बैठक में शीघ्र धरना, प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। बैठक में डॉ एलएल दास, डॉ जीएस दुबे, डॉ सीएसपी सिंह, डॉ एमपी सिंह, डॉ बी मिश्र व अन्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष ने कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष से की शिष्टाचार मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने अपने पदाधिकारियों के साथ अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया से शिष्टाचार मुलाकात की और समाज के व्यापक हित में द्रुत गति से काम करने का संकल्प दोहराया। श्री गाड़ोदिया ने प्रांतीय अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन करते हुए विश्वास जताया कि आपके कार्यकाल में आपके कुशल नेतृत्व में प्रांतीय सम्मेलन को नई दिशा देने में समर्थ होंगे तथा नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन विस्तार, समाज सुधार, समाज विकास, राष्ट्रीय एकता, समरसता एवं जन सेवा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करेंगे। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया से आग्रह किया है कि आरोग्य भवन में एक भूखंड उपलब्ध कराया जाए। जहां मारवाड़ी सम्मेलन का कार्यालय भवन एवं बालिकाओं के लिए छात्रावास बनाया जा सके। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने पदाधिकारियों के साथ मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष भागचंद पोद्दार एवं राजकुमार केडिया के आवास में भी जाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर-मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष अरुण बुधिया, महामंत्री रवि शंकर शर्मा, संगठन मंत्री प्रदीप कुमार राजगढ़िया, कोषाध्यक्ष राहुल मारू, संयुक्त मंत्री सुभाष पटवारी, प्रवक्ता संजय सर्राफ, मनीष लोधा, श्याम सुंदर शर्मा, आकाश अग्रवाल आदि शामिल थे।



## आम लोगों सही कानूनी सलाह देना वकीलों की जिम्मेवारी : जस्टिस सेन

**रांची।** आम लोगों को उचित कानूनी सलाह देना अधिवक्ता की जिम्मेवारी है। अधिवक्ता समाज के मजबूत स्तंभ हैं। उन्हें यह पता होता है कि समाज के हित में कौन सा कानून है और उसकी महत्ता क्या है। झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन ने रविवार को नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में संविधान दिवस पर दो दिनी सेमिनार के आखिरी दिन ये बातें कहीं। जस्टिस सेन बोले, वकालत अति सम्मानित पेशा है। लोगों को कानूनी रूप से जागरूक करने का जिम्मा वकीलों पर है। हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रौशन ने कहा कि अधिवक्ताओं का समाज के प्रति उत्तरदायित्व अब और बढ़ने वाला है। सुप्रीम कोर्ट अब इस दिशा में कार्य कर रहा है कि कोर्ट में केस आने से पहले ही सुलझ जाए। समारोह में परिषद की ओर से आयोजन मूट कोर्ट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। अमिटी लॉ स्कूल झारखंड के निखिल कुमार बर्मन, ऋचा प्रिया, सृष्टि सिन्हा, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी जमशेदपुर के सोनाली प्रधान, प्रशंसा दीवान, वर्षा राज व बेस्ट मुटर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के मो फहद, बेस्ट रिसर्चर इक्फाई झारखंड के हर्षित कुमार को मुख्य अतिथि जस्टिस आनंद सेन व विशिष्ट अतिथि जस्टिस दीपक रोशन ने पुरस्कृत किया। सेमिनार में बार कौंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रशांत सिंह, कार्यक्रम के संरक्षक वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप, महासचिव विदय नाथ कुंवर, मंत्री भीम महतो, रीतेश कुमार बॉबी एवं अन्य मौजूद थे।

## अपनी धर्म परंपरा और संस्कृति को समझें : ऋषिनाथ

**रांची।** रनिया प्रखंड के सोदे स्थित अजुर्नेश्वर धाम परिसर में शनिवार को हिंदू जागरण मंच का महासम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रनिया व बानो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से लोगों का जुटान हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू में जो ताकत होनी चाहिए वह ताकत खत्म हो रही है। इसे बचाएं और अपनी धर्म-परंपरा और संस्कृति को समझें, ताकि एकजुट होकर सामुदायिक ताकत में दिशा बदलने पर पहल हो। विशिष्ट अतिथि तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि एकजुटता में ही अखंड भारत का निर्माण संभव है। इसके लिए सब को सशक्त और सजग बने रहने की आवश्यकता है। इससे पूर्व अतिथियों का जोरदार स्वागत कर कार्यक्रम स्थल पहुंचाया गया।

## परमहंस योगानंद ईश्वर व अपने गुरुजनों का संदेश लेकर आए : गौतमानंद

**रांची।** रांची स्थित योगदा सत्संग मठ में आयोजित रविवारीय सत्संग में जुटे योगदा भक्तों को संबोधित करते हुए ब्रह्मचारी गौतमानन्द ने कहा कि हमारे गुरु परमहंस योगानन्द जी इस धरा पर ईश्वर व अपने गुरुजनों का संदेश लेकर आए। योगदा सत्संग जीवनशैली लेकर आये। आध्यात्मिक प्रगति के जो मूल सिद्धांत हैं, उसे लेकर आये, ताकि हमारा जीवन आध्यात्मिक पथ पर चलकर ईश्वर के साथ एकाकार हो सके। उन्होंने कहा कि परमहंस योगानंदजी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ध्यान के द्वारा ही हम ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं और इसके लिए निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपनी पसंद की चीजों को पाने के लिए समय निकाल लेते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें ध्यान के लिए समय निकालना ही होगा और इसे प्राथमिकता में रखना होगा।

## 1200 से ज्यादा निर्धन व लाचारों ने प्रसाद किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान रविवार को पड़ रही भीषण ठंड के मौसम में आज पुंदाग थाना के पीछे निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर पुंदाग के प्रांगण मे लगभग 1200 से ज्यादा निर्धन, लाचार असहाय एवं विकलांग बच्चों महिलाओं और पुरुषों के बीच स्व. जगदीश प्रसाद शांति देवी छावनिका की स्मृति में 62 वां निःशुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में पुड़ी, खीर, भेजीटेबुल पुलाव, आलु, गोभी एव टमाटर की मिश्रित सब्जी, सलाद, अचार एवं फल में केले का वितरण किया गया। आज महिला समिति की सदस्या कविता चौधरी सचिव मनोज कुमार चौधरी एवं सुरेश चौधरी की उपस्थिति में किया गया। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण करने पर संस्था के सदस्य को बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा था। आज की सेवा का महान कार्य शांति देवी, जगदीश प्रसाद छावनीका की स्मृति मे समस्त परिवार के सदस्यों के सहयोग से संस्था के सदस्यो के द्वारा किया गया।

### राजधानी में मेहुल प्रसाद के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की रैली निकाली गयी

# विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव मेहुल प्रसाद के नेतृत्व में राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों के युवा रैली की शक्ल में प्रदेश कांग्रेस भवन पहुंचकर युवा समागम कार्यक्रम में युवा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कोकर निवासी कुमार कौशल के साथ सैकड़ों युवाओं का जनसैलाब कांग्रेस भवन पहुंचा। युवा समागम में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटि के संयोजक कुमार राजा, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील सहाय मौजूद हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद ने कहा कि ये युवाओं के प्रेरणाश्रोत राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का ही फल है कि आज सैकड़ों की संख्या में युवा आकर युथ कांग्रेस की सदस्यता ले रहे हैं।

### भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नहीं बल्कि पूरे देश की है

> कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मेहुल प्रसाद ने कहा कि ये युवाओं के प्रेरणाश्रोत राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का ही फल है कि आज सैकड़ों की संख्या में युवा आकर युथ कांग्रेस की सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नही..बल्कि पूरे देश की है। भारत जोड़ो यात्रा हर उस ताकत के खिलाफ है जो देश को तोड़ने और बेचने का काम कर रही है। आज देश में फैली मंहगाई और बेरीजगारी लगातार देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही है।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ कांग्रेस पार्टी की नही..बल्कि पूरे देश की है। भारत जोड़ो यात्रा हर उस ताकत के खिलाफ है जो देश को तोड़ने और बेचने का काम कर रही है। आज देश में फैली मंहगाई और बेरीजगारी लगातार देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रही है। देश के लोगों के बीच लगातार धार्मिक और जातीय आधार पर नफरत फैलाया जा रहा है, ताकि लोग बांटने की राजनीति में उलझे रहे और अपने मूलभूत अधिकार जैसे रोजी, रोटी, रोजगार, स्वास्थ्य, कपड़ा, मकान की मांग ना करे। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा कि संघर्ष करके ही युवा खुद को राजनीति में निखारने का कार्य कर सकते हैं आपके अधिकारों का हनन करने वाली भारतीय जलाओ पार्टी (भाजपा) को राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कर मुहतोड़ जवाब दे रहे हैं। युवाओं की जिम्मेदारी है कि उनके इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। राष्ट्रीय कांग्रेस संयोजक कुमार राजा ने कांग्रेस के द्वारा देश में किये गए कार्यों को याद दिलाकर उनके अंदर जोश भर दिया। पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष आभा सिन्हा ने अपने छात्र जीवन से लेकर अब तक के सफर से युवाओं को रूबरू करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, युवा कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर, आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट के रांची अध्यक्ष अभिशान्त गौरव, रांची विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव सिंह, हटिया उपाध्यक्ष अंकित सिंह, पीयूष राज, दीपू तिवारी, राकेश सिंह, रोहित ठाकुर, मोहसिन अहमद, दीपक विश्वकर्मा, पीयूष यादव समेत सैकड़ों की संख्या में युवा उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य के लिए ईमानदारी से काम करें...**

आम जनता के साथ पूरी आत्मीयता के साथ जुड़ें और उनकी समस्याओं को सुनें। इससे अधिकारी और जनता के बीच संबंध बेहतर होंगे और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उठाने में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सोच के साथ हमारी सरकार ने अधिकारियों को अपने संबोधन की शुरुआत 'जोहार' से करने को कहा है। इसकी वजह इस शब्द में अपनापन का अनुभव होता है।

**पलामू में मवेशियों से लदा ट्रक...**

कर लिया है। जिसमे झमता से अधिक गाय और बैल को लादकर बिहार के रास्ते वेस्ट बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ट्रक चालक नुसरत अली खान, पिता अरसुद्दीन खान गांव कुड़वा, थाना हैदरनगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चालक और ट्रक मालिक और मवेशी कारोबारी समीर खान गांव धुरवा, थाना मझिआंव जिला गढ़वा व मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी नईम अंसारी आदि के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में हुसैनाबाद के एसआई सह थाना प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि चालक को न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेज दिया गया है। वहीं पुलिस के साथ हुई धक्का मुक्की करने वालों के खिलाफ चिन्हित कर लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

**महिला हत्याकांड की गुत्थी...**

छापामारी दल का गठन कर अनुसंधान शुरू की गयी थी। अनुसंधान के क्रम में प्राथमिक अभियुक्त प्रमोद प्रसाद साहू को गिरफ्तार किया गया और पुलिस पूछताछ में उसने अपना अपराध भी स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मैगजीन, लोडेड पिस्टल बरामद भी किया गया। छापामारी दल में डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक बनारसी प्रसाद, लोहरदगा थाना के थानेदार पंकज कुमार शर्मा, सेन्हा थाना के संतोष कुमार, एसटी-एससी प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो, राजेश शर्मा, अरविंद शर्मा, विनोद उरांव, जितेंद्र उरांव, बीना एक्का, ऑलिव प्रभा भेंगरा, मुकेश कुमार, सत्य किशोर कुमार समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

**दूर-दराज के क्षेत्रों तक...**

मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, एम्स आदि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टर सुदूर जनजातीय इलाकों में जाकर भिन्न-भिन्न प्रकार के रोगों की जांच व निदान करेंगे। इस शिविर को सफल बनाने के लिए ट्राइफेड, एनएसटीएफडीसी और ईएमआरएस का भी सहयोग लिया जा रहा है। इस एक दिवसीय में लगभग 50 हजार जनजातीय लोगों की उपस्थिति रिकॉर्ड की गयी। पिछला शिविर 26 जून, 2022 को खूंटी जिले में लगाया गया था।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के...**

लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। मैसाचुसेट्स में कार्डियोवास्कुलर इमेजिंग रिसर्च सेंटर से संबद्ध एक रेडियोलॉजिस्ट, अध्ययन के प्रमुख लेखक, एमडी बोस्टन जैकब वीस का कहना है कि इस प्रकार की स्क्रीनिंग का उपयोग उन व्यक्तियों की पहचान करने के लिए किया जा सकता है, जो स्टैटिन दवा से लाभान्वित होंगे लेकिन वर्तमान में अनुपचारित हैं। वर्तमान दिशा-निर्देश प्रमुख प्रतिकूल हृदय रोग की घटनाओं के 10 साल के जोखिम का अनुमान लगाने की सलाह देते हैं, ताकि यह स्थापित किया जा सके कि प्राथमिक रोकथाम के लिए स्टैटिन किसे प्राप्त करना चाहिए। इस जोखिम की गणना एथेरो स्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) जोखिम स्कोर का उपयोग करके की जाती है, एक सांख्यिकीय मॉडल जो आयु, लिंग, जाति, सिस्टोलिक रक्तचाप, हाइपरटेंशन ट्रीटमेंट, धूम्रपान, टाइप-2 डायबिटीज और ब्लड टेस्ट सहित कई वैरियेबल्स पर विचार करता है। इसमें से 7.5 प्रतिशत या इससे ज्यादा 10 साल के जोखिम वाले रोगियों के लिए स्टैटिन दवा की सिफारिश की जाती है।

**कई मरीजों पर हुआ परीक्षण :** डॉ. वीस और शोधकर्ताओं की एक टीम ने सिंगल चेस्ट एक्स-रे (सीएक्सआर) इनपुट का उपयोग करके एक डीप लर्निंग मॉडल को प्रशिक्षित किया है। उन्होंने प्रोस्टेट, फेफड़े, कोलोरेक्टल और ओवेरियन कैंसर स्क्रीनिंग ट्रायल में 40,643 प्रतिभागियों से 147,497 चेस्ट एक्स-रे का उपयोग करके हृदय रोग से मृत्यु के जोखिम की भविष्यवाणी करने के लिए सीएक्सआर-सीवीडी जोखिम के रूप में जाना जाने वाला मॉडल विकसित किया।

